Presently new Guntur is being used as bypass station to Guntur providing passage of two by weekly long distance trains and two daily trains to Chennai from Vijaywada Shatabdi and from Kakinada Circar express trains. This station needs to be made coaching station by providing connectivity to Guntur station. Most of the important long-distance trains of grand truck route can be routed through new Guntur station. The present goods loading/unloading can be shifted to Nambur to create more space here for coaching purpose.

A pit line at Mallapadu station will of utmost use to originate some trains from Guntur to New Delhi, Howra, Mumbai and beyond these places.

Mangalagiri Station is situated between Guntur-Vijayawada and the nearest point to the newly coming up capital of Andhra Pradesh. The 1000 bedded super speciality hospital of A.P. is coming up at a distance of 3 km and some important offices like police academy are proposed to be established nearby. This station will have to be provided with all facilities and all express trains are to be provided with halts.

In spite of double line with electrification, the running time between Vijayawada-Guntur is taking about 100 to 120 minutes irrespective of whether it is a passenger or express train, while road transportation is taking around 40 minutes in spite of stopping at toll gate in between. This time should be reduced to enable to attract more number of passengers to utlize rail facility.

In spite of providing two crossing stations in between Guntur-Tenali, still trains take longer time in reaching destinations on either sides. In the absence of a crossing station between Tenali-Repalle it has become very inconvenient to run some more trains to Repalle from Tenali. Previously Vemuru was a crossing station and there used to be a train from Repalle to Vijayawada. It is not known why this crossing was discontinued at Vemuru. This has resulted in all trains connected with Repalle running very late and some services from Repalle are also withdrawn. Hence, long pending sanctioned work to lay the crossing line at Vemuru be provided with sufficient funds to complete at the earliest. Secondly, Repalle is one of the terminus points of Guntur Division, one pit line may also be sanctioned so that some passenger trains can be originated from this point. Repalle station is serving the passengers from Machilipatnam and areas of Krishna district also.

As Guntur-Mangalagiri-Vijayawada stations are more approachable to the proposed capital of A.P., new trains introduced will have to originate covering these three places. Hence, all trains introduced towards North and East be originated from Guntur station and all trains introduced towards South and West be originated from Vijayawada. For all these trains, halt at Mangalgiri be provided.

Guntur-Tirupathi-Guntur Intercity Express via. Tenali, Gudur may be introduced. A day train connecting Bapatla, Chirala, Ongole and Nellore will be useful to students and employees. Guntur-Chennai-Guntur Intercity Express via Tenali-Gudur is necessary to have a direct train in day time to reach Chennai. Guntur-New Delhi-Guntur Superfast Express via. Vijayawada-Khazipet needs to be run. Similarly, Vijayawada-Mysore-Vijayawada Express via Guntur-Gooty-Bangalore needs to be introduced. The increasing rush towards Bangalore demands this train. Reaching Bangalore in early hours will be of utmost use for the passengers. Further, Guntur to Guwahati superfast express; Kakinada to Jaipur superfast express; Tirupati to Katra/Jammu; Vijayawada-Done-Vijayawada....Intercity Express via Guntur-Nandyal will be useful for all the passengers reaching Vijayawada, Guntur junctions from various places and also provides an express in day time in this route to reach Srisailam.

Some of the passenger and express trains having Vijayawada as terminus may be extended to Guntur providing direct train facility. Mumbai-Secunderabad Devagiri Express to Guntur/Vijayawada via Nalgonda- adikudi provides a daily direct train connectivity to various pilgrimage and tourist places. Howra-Saiprasanthinilayam Express be extended to Bangalore.

Frequency of Kakinada-LTT may be increased from by-weekly todaily; Howra-Prasanthinilayam to Tri weekly; and Kakinada-Bhavanagar Express to Tri weekly.

Kindly provide halt to Train No.12709/12710 Gudur-Secunderabad-Gudur Express at NIDUBROLU; train no. 17209/17210 Bangalore-Kakinada-Bangalore at NIDUBROLU and Delta fast passenger train at Sangamjagarlamudi.

At NGO colony : Syamalangar-NGO Colony Road LC ; an RUB was sanctioned previously. There is a need to give financial approvals. This has to be completed at the earliest to meet the day by day increasing rush. Similarly, ROB to be sanctioned at LC on Old Guntur-Nandivelugu Road on Guntur-Tenali Railway line which is being doubled with electrification. Some of the LCs are being closed in Tenali-Guntur route. The farmers of the villages are finding it difficult to reach their agricultural lands. Hence, wherever it is possible the LCs may be converted as RUBs in this route.

Secunderabad-Guntur Intercity Train No.12705/12706 may be named as ANAVEMA Express . Passengers of Tenali, Guntur are not getting even standing space in general compartments of Janmabhoomi Express. Earlier, Nagarjuna Express between Tenali-Secunderabad was reaching at scheduled timings and passengers were getting accommodation also at all stations. Hence, Nagarjuna Express be revived.

Following amenities for passengers are required. An AC room for passengers be arranged at Tenali Railway station. CCTV cameras be installed at Railway Booking Counters and also on platforms at Tenali Railway station. The second entry/exit route to reduce rush of passengers at Tenali Railway Station may be reopened. Rest rooms for differently abled persons and also for senior citizens on all platforms be provided at Tenali Railway station.

SHRI M. MURLI MOHAN (RAJAHMUNDRY): Respected, Sir, at the outset, I express my sincere thanks for giving me an excellent opportunity to participate in the discussion on Railway Budget 2015-16.

The Railway Budget 2015-16 presented by Shri Suresh Prabhu is a progressive, visionary, environment and people friendly budget with well laid down action plan and a clear roadmap for the sustainable development of the rail infrastructure and revenue generation. He has given utmost priority to the safety and security of the people which is highly appreciated.

The Railway Minister without enhancing the passenger fares has launched safety measures aimed at making train travel easier, more comfortable and safer. Some of the proposals announced by him regarding SMS alerts for train timings, provision for Wi-Fi facility in 400 stations, user-friendly ladders for upper berths, 17,000 bio-toilets and installation of cameras for the safety of women travelers are highly laudably. I specially commend the Railway Minister for giving special thrust on senior citizens, women safety, pregnant women and differently-abled citizens.

Coming to my home State Andhra Pradesh, the people of Andhra Pradesh had a lot of expectations in this Railway Budget that Visakhapatnam will be declared as a separate railway zone as assured in the Andhra Pradesh Re-organisation Act. But such announcement was not made by the Railway Minister. We are very much disappointed on this issue. In this regard, Shri Chandra Babu Naidu *garu*, hon. Chief Minister and our TDP Party President along with our Party MPs met Shri Suresh Prabhu and requested him to provide maximum funds for completion of pending projects, introduction of new trains, passenger trains, creation of new separate railway zone at Visakhapatnam, including establishment of a Railway University in Andhra Pradesh at Vijayawada but none of the requests have found place in the Railway Budget, which really pains me a lot.

I would earnestly request the Railway Minister to provide maximum funds for the completion of all pending railway projects and accord sanction for creation of a new railway zone at Visakhapatnam without any further delay.

I am happy to note that the Central Government have come forward to set up four Railway Universities in all the four corners of our country. In this regard, I would earnestly request the Railway Minister to set up one such Railway University near Vijayawada, one of the biggest railway junctions in India.

In the previous Railway Budget, there was made an announcement by the then Railway Minister about the AP Express to be made operational from Vijayawada to New Delhi. I would urge upon the Minister that instead of Vijayawada, the proposed AP Express should be introduced from Visakhapatnam so that it would cover all the coastal district of Andhra Pradesh. In fact, there has been heavy passenger traffic on this route as large number of civilians, defence personnel, students, IT professionals, business people and common people commute from Visakhapatnam to New Delhi. Similarly, another train from Tirupati to New Delhi *via* Cuddapah and Vijayawada may also be introduced so that it will also cover the entire Rayalaseema region.

Sir, I would like to put forth other request for the welfare of public from the coastal districts of Visakhapatnam, Srikaklam, Vizianagaram and East and West Godavari districts for introduction of Rajdhani Express from Vijayawada to New Delhi *via* Rajahmundry, Visakhapatnam, Rayagada, Raipur and Nagar. In fact, all important places have connectivity of Rajdhani Express except Visakhapatnam. I am sure that if Rajdhani Express is introduced from Vijayawada to New Delhi *via* Visakhapatnam and Nagpur, it would not only benefit the coastal districts of Andhra Pradesh, but would also immensely benefit the States of Odisha and Chhattisgarh. I hope, Shri Suresh Prabhuji will accept this request on priority basis.

In this year's Railway Budget, the Railway Minister has stated that for the safety of our women passengers, surveillance cameras will be provided on a pilot basis in selected mainline coaches and ladies' coaches. While I welcome this decision, I would earnestly request the Railway Minister to recruit women RPF personnel for deployment in the women's compartments.

In this year's Railway Budget, there was an announcement about replacing all coaches with LBH-design coaches. I would urge upon the hon. Minister to replace all the existing coaches with LBH-design coaches in letter and spirit. In the present Railway Budget, the Railway Minister has also given utmost priority to self-employment by promoting Self Help Groups for products made by women and youth. This is a highly commendable step. He has also stated that such a programme has already started in Konkan Railway. I would urge upon the Railway Minister to extend such a programme in the South Central Railway, particularly at Rajahmundry and other places of Andhra Pradesh and Telangana so that it will encourage women and unemployed youth as a large number of products are made by Self Help Groups in these two States.

I would like to put forth two or three suggestions now. First, since the hon. Railway Minister has proposed to augment number of coaches to 26 from 24 in trains, I would humbly request him to add two extra coaches also to trains like Godavari Express, Prasanti Express, Falknama Express and Duranto Express, East Coast Express etc. that run through or from Visakhapatnam to Hyderabad carrying heavy passenger outflow. It will not only lessen the traffic but would also benefit the common man.

Second, I understand that there are some concessions available to the persons suffering from cancer, heart disease and TB, who are required to visit other places and hospitals for their medical treatment and surgery. I would earnestly appeal to him to give 100 per cent concession to the said patients, including one companion, irrespective of any class.

Third, there is a need to recruit and post doctors on-board trains that run long distances in order to provide emergency medical treatment to travelling sick passengers.

Another important matter that I would like to bring to the notice of Shri Suresh Prabhuji is that Pushkaram falls after every 12 years whereas the Mahapushkaram (Mahakumbamela) falls after every 144 years and the ensuing Mahakumbamela falls in the month of July, 2015 for the Godavari River.

As Rajahmundry will be the main centre of attraction during the Pushkarams, lakhs of devotees from all over the country are likely to arrive at Rajahmundry railway station to have a dip in the River Godavari and visit the nearby temples of Godavari for a holy darshan. At present, the Rajahmundry Railway Station has only three platforms with limited width, and only one Foot Over Bridge (FOB). The existing facilities are found to be grossly inadequate to deal with the expected huge rush of passengers thronging the Rajahmundry Station.

In this connection, I had met the then Railway Minister, Shri Sadananda Gowda and yourself, and requested for sanctioning of Rs. 500 crore by according necessary financial grant in last year's Supplementary Railway Budget for modernization of the Rajahmundry Railway Station and also for construction of additional platforms, extension of lengthy platforms, construction of number of toilets, shelters, ROBs, booking counters, new entry and exit points, etc.

I would earnestly request the Railway Minister to see that such facilities are made available at the Rajahmundry Railway Station. In this

context, I am happy to note that the hon. Railway Minister has also announced that so far 1,052 Stations have been identified for up-gradation of passenger amenities at stations under Adarsh Station Scheme. He has also proposed to include 200 more stations under this scheme.

I would humbly urge upon the Minister to include the Rajahmundry Railway Station in the list of Adarsh Stations, which is the need of the hour. I would also like to request the Minister that necessary facilities may also be extended to nearby Railway Stations of Rajahmundry Railway Station, namely, Godavari, Kovvuru and Nidadavolu Stations as these are attached to the River Godavari, and pilgrims also alight from these Stations to take a holy dip in the River Godavari.

Another important area, which needs urgent attention from the Railway Minister that the existing Road-cum-rail bridge on the River Godavari is in a dilapidated condition. There are wide cracks on the pillars, and these have become very dangerous. Some parts of the bridge had also fallen in the past resulting in blockage to road traffic. If necessary preventive steps are not taken immediately, then the situation could become much worse. I would humbly request the Railway Minister to intervene in this matter and issue necessary directions to the officials concerned to repair the works by allocating adequate funds. In the meantime, necessary directions may also kindly be issued to the Railway officials to stop rail movement on this bridge till such repair works are carried out.

In this context, I am to state that there is one more Railway bridge situated on the River Godavari, which is having a single railway track. Owing to single track, the Railway traffic at Rajahmundry and its neighbouring railway stations, namely, Godavari, Kovvuru and Nidadavolu Railway Stations are badly affected. In fact, there are a number of passengers and goods trains passing through on this route. Laying of second Railway track on this rail bridge is the need of the hour. There is sufficient place to lay the second rail track. If the second Railway track is made available, then it would not only lessen the train traffic on this route, but would also help the diversion of the rail-cum-road bridge when it is closed for repairs.

I would earnestly request the hon. Railway Minister to accord necessary financial support for laying of second Railway track on this existing bridge on priority basis by issuing directions to the Railway officials to expedite the above works with regard to arrangements for the *Mahakumb mela* well in time.

In the previous year's Railway Budget of 2014-2015, it was announced that 29 pending rail projects that run both in Andhra Pradesh and Telangana States will be completed at a cost of Rs. 20,680 crore. He had also said that a Special Monitoring Committee would be setup for this purpose. However, there was no mention about it in this Railway Budget. I would like to ask the Railway Minister as to whether any action has been taken on this issue.

With these words, I support the Railway Budget Bill, 2015-2016. Thank you very much, Sir.

***श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** माननीय रेल मंत्री जी द्वारा 26 फरवरी को इस वर्ष का रेल बजट पेश किया गया, मैं उसका स्वागत करता हूं। यह बजट निश्चित रूप से रेलवे को एक नयी गति प्रदान करेगा और देश को रेलवे में ज्यादा आत्मनिर्भर बनाएगा। यह एक ऐसा बजट है जो पिछले कई सालों से देखने को नहीं मिला, हर साल के रेल बजट में बहुत सी विभिन्न तरह की घोषणा की जाती रही हैं लेकिन इस बजट में ऐसा कुछ नहीं करके पुराने किये गए वादों को पूरा करने का संकल्प लिया गया है। यह निश्चित रूप से सराहनीय कदम है। वर्तमान यात्री रेल गाड़ी से यात्रा करना ज्यादा पसंद करते हैं। हर साल के बजट में रेलगाड़ी बढ़ाये जाने की घोषणा की जाती है जबकि इसके साथ ही साथ यात्री सुविधा में विशेष ध्यान देने की जरूरत है और माननीय रेल मंत्री जी ने यात्री सुविधा बढ़ाने का पूरा ध्यान रखा है।

रात के समय में रेलगाड़ी में सुरक्षा की कमी होती है जिसके कारण अनेक अप्रिय घटना होती रहती है। ऐसी घटनाओं को रोकने हेतु सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए प्रभावी कदम उठाये जाने चाहिए और देश के प्रत्येक स्टेशन पर साफ शौचालयों की जरूरत है। इसमें महिलाओं के लिए विशेष शौचालय बनाने की जरूरत थी जिसकी घोषणा माननीय मंत्री महोदय ने अपने बजट में की है और यह एक सराहनीय कदम है। इसके साथ ही साथ, प्रत्येक स्टेशन पर प्लेटफॉर्म आर-पार करने के लिए फुट ओवर ब्रिज बनाये जाने अति आवश्यक है तथा अंडर पास की आवश्यकता पर भी ध्यान देने की जरूरत है। अतः मैं माननीय मंत्री जी इस पर विशेष ध्यान देने का आग्रह करूंगा। देश में कई रेलवे क्रॉसिंग आज भी मानवरहित हैं जिनके कारण हर वर्ष लाखों की संख्या में दुर्घटनाएं होती ह।ै इन्हें रोके जाने हेतु भी त्वरित कदम उठाये जाने की आवश्यकता है।

मैं महाराष्ट्र के मावल संसदीय क्षेत्र से चुनकर आया हूँ। यह एक नया लोक सभा क्षेत्र है जिसमें पूना के शहरी क्षेत्र के साथ ही साथ रायगड जिले के ग्रामीण क्षेत्र एवं आदिवासी क्षेत्र आते हैं और संसदीय क्षेत्र की जनता की रेलवे से सम्बंधित बहुत-सी मांगे वर्षों से चली आ रही हैं। मैं आशा करता हूं कि माननीय रेल मंत्री से इन पर विचार करने के साथ ही साथ अपनी मंजूरी प्रदान करेंगे।

मैं माननीय रेल मंत्री जी के समक्ष अपने संसदीय क्षेत्र हेतु रेलवे की विभिन्न मांगों को रखता हूँ और आशा करता हूँ कि माननीय रेल मंत्री महोदय इन मांगों पर विचार करने के साथ ही साथ अपनी मंजूरी भी प्रदान करेंगे।

मेरी मांग निम्नलिखित हैः-

1. छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से खोपोली के बीच लोकल ट्रेन की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है।
2. करजत पनवेल के बीच नई रेलगाड़ी चलाने की घोषणा हुई है। अतः इसे तत्काल इस कार्य को शुरू किए जाने की जरूरत है।
3. लोनावाला-खोपोली के बीच रेलगाड़ी का रास्ता पहाड़ी क्षेत्र से जाता है जिसके कारण इस पर रेलगाड़ी की संख्या नहीं बढ़ पा रही है। अतः लोनावाला-खोपोली के बीच नया ट्रेक बनाये जाने की जरूरत है जिससे इस क्षेत्र के बीच रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाई जा सके और इस मार्ग में ब्रिज बनाया गया तो रेलवे की समस्या दूर हो जाएंगी।
4. मुंबई से दक्षिण भारत जाने वाली सभी ट्रेन खड़की और पूना में रूकती ह।ै, पिंपरी चिंचवड शहर की आबादी 25 लाख से अधिक है अतः आकुर्डी रेलवे स्टेशन को सब जंक्शन घोषित किए जाने की जरूरत है जिससे समस्त रेलगाड़ी को आकुर्डी रेलवे स्टेशन पर ठहराव मिल सके। मैं तत्काल पिंपरी आकुर्डी स्टेशन पर सभी गाड़ियों के रूकने की मांग करता हूँ।
5. खोपोली पनवेल के बीच नई रेलगाड़ी शुरू किए जाने की जरूरत है।
6. खोपोली से पनवेल के लिए सुबह 6 बजे पहली लोकल ट्रेन चलाये जाने की जरूरत है।
7. खोपोली से सुबह 6.30 बजे से 9.30 के बीच एक लोकल ट्रेन चलाये जाने की जरूरत है, इससे लोगों को अच्छी सुविधा हो जाएगी।
8. खोपोली से सायं 6 से 8 बजे के बीच लोकल ट्रेन चलाये जाने की जरूरत है।

9. खोपोली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या का देखते हुए और अधिक टिकट काउंटर खोले जाने की जरूरत है।

10. खोपोली स्टेशन पर आरक्षण सेवा पूरे दिन नहीं होती है। अतः यहाँ पर पूरे दिन आरक्षण काउंटर खोले जाने हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने की आवश्यकता है।

11. लोनावाला से पूना के लिए सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच लोकल ट्रेन चलाये जाने की आवश्यकता है।

12. पूना से लोनावाला के लिए दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच लोकल ट्रेन चलाये जाने की जरूरत है।

13. तलेगांव में यात्रियों की संख्या को देखते हुए सिंहगढ़ एक्सप्रेस को तलेगांव में ठहराव दिए जाने की जरूरत है।

14. पूना-भुसावल एक्सप्रेस को तलेगांव में ठहराव दिए जाने की जरूरत है।

15. तलेगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म के शेड खराब हो गए हैं। अतः प्लेटफॉर्म के शेड को बदलने की जरूरत है।

16. कामशेत, कान्हाफाटा, वडगांव, घोरावाड़ी, कासरावादी और दापोड़ी में रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म की लम्बाई बढ़ाये जाने की आवश्यकता है ताकि यहाँ पर 28/24 संख्या वाली गाड़ियों का ठहराव प्लेटफॉर्म पर ठीक से हो सके और यात्रियों को हो रही परेशानी समाप्त हो सके।

17. करजत से रोजाना दक्षिण जाने वाले यात्रियों की संख्या में बढ़ावा हो रहा है। अतः पूना-एर्नाकुलम एक्सप्रेस को कर्जत में ठहराव दिए जाने की आवश्यकता है।

18. आकुर्डी रेलवे स्टेशन पर एक ही टिकट काउंटर है जो कि बहुत कम समय के लिए खुलता है और यहाँ पर टिकट लेने वालों की संख्या भी अत्यधिक है जिससे लोगों को टिकट नहीं मिल पाता है। अतः यहाँ पर और अधिक टिकट काउंटर खोले जाने के साथ-साथ इनका समय भी बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।

19. चिंचवड स्टेशन पर प्रगति डेक्कन एक्सप्रेस को ठहराव दिए जाने की आवश्यकता है।

20. पिंपरी चिंचवड शहर से लातूर उस्मानाबाद के लिए ज्यादा लोग सफर करते हैं। अतः मुंबई-लातूर-मुंबई एक्सप्रेस को चिंचवड में ठहराव दिए जाने की आवश्यकता है।

21. दक्षिण भारत जाने वाली सभी ट्रेनों को यात्रियों के लिए चिंचवड में ठहराव दिए जाने की आवश्यकता है, जिससे आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल जैसे राज्यों के बहुत से नागरिक पिंपरी, चिंचवड शहर में रहते हैं, उनको इस सुविधा का लाभ मिल सके।

22. पूना-लोनावाला के बीच प्लेटफॉर्म की ऊँचाई बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।

23. चिंचवड-चाकण नयी रेल लाइन का सर्वे हो चुका है। अतः इसको जल्दी से जल्दी शुरू किए जाने की आवश्यकता है।

24. पूना-लोनावाला के बीच तीसरी पटरी बनाये जाने की घोषणा हुई है। अतः यह कार्य जल्दी से जल्दी शुरू किए जाने की आवश्यकता है।

25. करजत-पनवेल,खोपोली-पनवेल चौक स्टेशन के बीच नयी रेलगाड़ी शुरू किए जाने की आवश्यकता है।

26. चौक स्टेशन पर टिकट आरक्षण सुविधा केंद्र खोले जाने की आवश्यकता है।

27. नेरूल मुंबई दिशा में फुट ऑवर ब्रिज का काम आधार हुआ है, इस काम को जल्दी से जल्दी पूरा किये जाने की आवश्यकता है।

28. नेरूल स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 व 2 पर गाड़ियों के लिए बोगी फलक बनाये जाने की आवश्यकता है।

29. नेरूल स्टेशन के समस्त प्लेटफॉर्म पर शेड बनाये जाने की आवश्यकता है।

30. मेरे चुनाव क्षेत्र के समस्त रेलवे स्टेशन पर बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बैंच लगाये जाने की आवश्यकता है।

31. सभी प्लेटफॉर्म पर लाइट और फोन की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है।

32. तत्काल टिकट सेवा में वरिष्ठ नागरिकों एवं विकलांगों हेतु कोटा रखे जाने की आवश्यकता है।

33. इसके साथ ही साथ सभी स्टेशन पर अनेक समस्याएंÃ¬ हैं विशेष रूप से महिलाओं को इन समस्या का सामना करना पड़ता है। अतः इन सभी पर लेडिज टॉयलेट बनाये जाने की जरूरत है और प्रत्येक स्टेशन पर महिला एवं पुरूष स्वच्छता गृह बनाये जाने की आवश्यकता है।

34. लोनावाला स्टेशन जबकि बहुत ऐसी समस्याओं से जूझ रहा है, वहाँ पर स्वच्छता गृह, प्लेटफॉर्म, शेड बनाये जाने की आवश्यकता है और इसके जल्दी से जल्दी काम करने की जरूरत है।

35. पुणे-लोनावाला ट्रेन में बहुत सी असुविधाएं हैं, उन असुविधा को समाप्त करने और ट्रेनों को स्वच्छ रखने की व्यवस्था की जाए और महिला कोच में पुलिस व्यवस्था करने का प्रावधान किया जाए।

36. सभी रेलवे स्टेशन पर लाइट व्यवस्था को ठीक करने की मांग मैं माननीय मंत्री जी से करता हूँ।

*साध्वी सावित्री बाई फूले (बहराइच): विकास पुरूष माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बनी एन.डी.ए. सरकार के द्वारा बहुत ही संतुलित और विकासोन्मुख रेल बजट पेश करने के लिए मैं रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु जी का भी हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ। ये रेल बजट घाटे से जूझ रही संसाधनविहीन रेलवे के लिए एक सुनहरे भविष्य की रूप-रेखा तैयार कर रहा है। मैं इस रेल बजट का समर्थन करती हूँ और अपने संसदीय क्षेत्र की रेलवे से जुड़ी समस्याओं पर माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ-

मेरा संसदीय क्षेत्र बहराइच, उत्तर प्रदेश में नेपाल का सीमावर्ती जिला है जहाँ से बड़ी संख्या में लोग रोज़गार, व्यापार और शिक्षा के लिए देश के कोने-कोने में जाते हैं। आज़ादी के 70 साल बाद भी यह क्षेत्र बड़ी लाइन द्वारा देश एवं प्रदेश की राजधानी से नहीं जुड़ सका है और क्षेत्र की जनता यात्रा के लिए पूरी तरह से सड़क मार्ग पर निर्भर है।

7 जून, 2012 को अटल जी की सरकार में तत्कालीन रेल मंत्री ने पूर्वोत्तर रेलवे के गोंडा जंक्शन को बहराइच और नेपाल से जोड़ने वाली छोटी लाइन को बड़ी लाइन करने के कार्य का शिलान्यास किया था, जो योजना कांग्रेस नीत यू.पी.ए. सरकार के उदासीन रवैये के कारण ठण्डे बस्ते में पड़ी हुई है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि गोंडा से बहराइच-नानपारा जंक्शन होते हुए मैलानी जंक्शन और नेपालगंज रोड जोने वाली इस लाइन को शीघ्र बड़ी लाइन में बदला जाए जिससे नेपाल के सीमावर्ती एवं अविकसित तराई क्षेत्र को देश के अन्य शहरों से जोड़ा जा सके। साथ ही नेपाल देश के नेपालगंज शहर को जोड़ने वाली अंतर्राष्ट्रीय महत्व की रेल लाइन को भी बड़ी लाइन में बदलकर व्यापार एवं पारस्परिक सम्बन्ध को और बढ़ावा दिया जाये।

गोंडा मैलानी प्रखंड पर अधिकांश रेलवे स्टेशन जंगली क्षेत्र में पड़ते हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि जंगल के बीच में स्थित ककरहा स्टेशन को हटाकर, जहाँ यात्री नहीं पहुंच पाते हैं, बलछा चौराहा पर स्टेशन की स्थापना की जाए एवं गाड़ी का ठहराव दिया जाए।

इस प्रखण्ड पर पिछली सरकार के कार्यकाल में गायघाट हाल्ट का उद्घाटन भी किया गया था किंतु आज तक वहाँ ट्रेन नहीं रूकी है। मेरा माननीय मंत्री जी अनुरोध है कि इस हेतु आवश्यक निर्देश जारी करें।

उत्तर प्रदेश में नेपाल की सीमा से लगे हुए तराई भू-भाग के कई जनपद विशेषकर मेरा संसदीय क्षेत्र बहराइच एव पड़ोसी जनपद श्रावस्ती और बलरामपुर आज़ादी के 70 साल बाद भी रेलवे की बड़ी लाइन से जुड़ नहीं सके। देश के अन्य बड़े शहरों तक सीधे रेल संपर्क के अभाव में यात्री बसों द्वारा लगभग हज़ार कि.मी. की दुर्गम यात्रा कर दिल्ली, चंडीगढ़ आदि शहरों में रोज़गार और शिक्षा के लिए आने को मजबूर हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि श्रावस्ती को रेल संपर्क से जोड़ने हेतु अंतिम बजट में जो घोषणा हुई थी, उसको जल्द ही प्राथमिकता के आधार पर अमल में लाया जाए जिससे श्रावस्ती को बहराइच-जरवल रोड-बुढवल रेल मार्ग से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जोड़ा जा सके और विकास के मानकों से कोसों दूर इस क्षेत्र को देश की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

श्रावस्ती, जो गौतम बुद्ध जी की तपो स्थली है एवं देश-विदेश से तमाम पर्यटक यहाँ आते हैं, को रेल लाइन से जोड़ने पर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

गोंडा-बहराइच-मैलानी प्रखंड एवं गोंडा-बहराइच-नेपालगंज रोड प्रखंड पर चलने वाली ट्रेनों के समय पर संचालन के साथ ही इन ट्रेनों को देश के अन्य प्रमुख स्थानों के लिए गोंडा से चलने वाली बड़ी लाइन की ट्रेनों के समय से जोड़ने हेतु समय सारिणी को पुनः व्यवस्थित करने की दिशा में स्थानीय जनता एवं प्रतिनिधियों की सलाह से प्रभावी कदम उठाये जाएं।

गोंडा-बहराइच-मैलानी प्रखंड पर चलने वाली एकमात्र एक्सप्रेस ट्रेन गोकुल एक्सप्रेस (15315 अप/15316 डाउन) जो कि इज्जतनगर (बरेली) तक जाती है, का संचालन समय पर नहीं होता है और यह ट्रेन अपने गंतव्य तक अधिकांशतः 2-3 घंटे लेट रहती है। गोकुल एक्सप्रेस (15315 अप) के समय को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाना चाहिए जिससे इस क्षेत्र के यात्री बरेली से चलने वाली ट्रेनों (बरेली-दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस, आला हज़रत एक्सप्रेस, अकाल तख्त एक्सप्रेस, देहरादून एक्सप्रेस, इलाहाबाद-हरिद्वार एक्सप्रेस) को पकड़कर दिल्ली, हरिद्वार एवं सहारनपुर-अम्बाला की दिशा में अपने आगे की यात्रा कर सकें।

गोकुल एक्सप्रेस (15315 अप) का गोंडा स्टेशन से प्रस्थान समय कुछ महीनों पहले बदल दिया गया है जिसके कारण गोंडा से वाराणसी के बीच चलने वाली एकमात्र इंटरसिटी ट्रेन से बहराइच क्षेत्र के यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए रात्रि में बस या अन्य साधनों द्वारा सड़क मार्ग से यात्रा को मजबूर हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वाराणसी गोंडा इंटरसिटी (14213 अप) के समय को गोकुल एक्सप्रेस (15315 अप) के समय से जोड़ने के लिए इनकी समय सारिणी में तत्काल आवश्यक बदलाव करें जिससे हमारे संसदीय क्षेत्र को देश की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विख्यात वाराणसी शहर से जोड़कर स्थानीय जनमानस की भावनाओं का सम्मान करें।

गोंडा-बहराइच-मैलानी प्रखंड एवं गोंडा-बहराइच-नेपालगंज रोड प्रखंड पर गोंडा को जाने वाली गाड़ियों के समय एवं संचालन को इस प्रकार से पुनर्व्यवस्थित किया जाए जिससे यात्री गोंडा स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों में अपने आगे की यात्रा कर सकें।

मैं रेल मंत्रालय को अपनी क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद देना चाहूँगी कि उन्होंने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सम्मान में उनकी जन्मस्थली ग्वालियर से उनके पहले संसदीय क्षेत्र बलरामपुर (तत्कालीन गोंडा जनपद) तक एक नयी रेलगाड़ी ""सुशासन एक्सप्रेस"" चलायी है। वर्तमान में इस गाड़ी का संचालन सप्ताह में केवल एक दिन ही हो रहा है। क्षेत्रवासी चाहते हैं कि इस ट्रेन के और फेरे (विशेषकर सप्ताहांत) बढ़ाये जायें तथा इसकी वापसी के समय को सुबह 9.30 बजे की बजाय शाम में निर्धारित किया जाए जिससे गोंडा/देवीपाटन मंडल के 5-6 जिलों के यात्रियों को इसके संचालन का पूरा लाभ मिल सके।

गेंडा-मैलानी प्रखंड पर स्थित हुसैनपुर मृदगी, जो रिसिया एवं मटेरा स्टेशन से 7-8 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। जिसके कारण स्थानीय यात्री वहां जाकर ट्रेन पकड़ने के बजाय पैदल चलने पर मजबूर हैं। वहां कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। क्षेत्रवासियों की मांग को देखते हुए यदि नए स्टेशन को हुसैनपुर मृदगी कर दिया जाये तो यात्रियों को रेल यात्रा करने में सुविधा होगी और रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

हाल ही मेरे व्यक्तिगत निरीक्षण पर पाया गया कि गोंडा-मैलानी प्रखंड पर सभी रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का अभाव है और स्टेशन पर सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं है। कृपया मानक के अनुसार समस्त स्टेशनों पर स्वीकृत यात्री सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें और यदि प्रशासनिक स्तर पर कोई कठिनाई हो तो मुझे सूचित करें।

बहराइच एवं अन्य स्टेशनों पर अग्रिम यात्रा हेतु टिकट आरक्षण के सभी काउंटर कभी भी सेवा में नहीं रहते, जिससे अग्रिम यात्रा आरक्षण कराने हेतु सुदूर से आये लोगों को काफी असुविधा होती है। कृपया क्षेत्र के समस्त रेलवे आरक्षण केन्द्रों पर स्टाफ एवं संसाधनों की उपलब्धता के साथ उनका अबाधित संचालन सुनिश्चित करें। विशेषकर बहराइच स्टेशन पर सभी 3 बुकिंग काउंटरों का संचालन तत्काल शुरू करायें।

जैसा कि मैंने पहले भी कहा है कि बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर जनपदों से रोज़ाना हज़ारों यात्री रेल संपर्क के अभाव में वर्तमान में गोंडा स्टेशन से ट्रेन पकड़ते हैं परंतु कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के

ठहराव न होने के कारण बाकी ट्रेनों में भारी भीड़ रहती है। इस बारे में मेरा निवेदन है कि बिहार संपर्क क्रांति, नयी दिल्ली-नहरलागुन एसी एक्सप्रेस आदि समस्त सुपर फास्ट/ एक्सप्रेस ट्रेनों का गोंडा स्टेशन पर ठहराव दिया जाए, जिससे यात्रियों को ट्रेनों के और अधिक विकल्प और सुविधा मिल सकें।

मैं पुनः माननीय रेल मंत्री जी को बधाई देते हुए उनसे अनुरोध करती हूं कि उपरोक्त बिंदुओं पर ध्यान दें और क्षेत्र की प्रस्तावित रेल योजनाओं के लिए धनराशि आवंटित करें एवं अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराएं।

***श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** माननीय रेल मंत्री जी द्वारा जो रेल बजट पेश किया गया है वह रेलवे को आम लोगों के लिए अत्यधिक सुविधाजनक, हाईटेक और सुगम बनाने का प्रयास है। पिछली सरकार ने जो आम आदमी के नाम पर वोट मांगकर आम आदमी को ही रेलवे की पटरी से हटाने पर तुली हुई थी, इस बजट से लोगों की आशा जगी है। नःसंदेह यह रेल बजट रेलवे को एक नई दिशा प्रदान करेगा। इस बजट में वर्तमान के साथ-साथ भविष्य के बारे में बताया गया है। वैसी रेलवे परियोजनाएं जो वर्षों से लंबित पड़ी हुई है, उन्हें पूरा करने पर सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है जो कि एक सराहनीय कदम है। पिछली सरकारों में यह देखा जाता था कि लोगों की वाह-वाही लूटने के लिए हर बजट में बड़ी-बड़ी योजनाओं की घोषणा कर दी जाती थी परंतु अधूरी योजनाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक मात्रा में राशि आवंटित नहीं की जाती थी। आज आवश्यकता है कि रेलवे की जो भी पिछली महत्वाकांक्षी योजनाएं किसी न किसी कारणवश लंबित हैं न सिर्फ उनकी समीक्षा की जाएं अपितु उनके पूर्ण होने में आ रही अड़चनों को दूर किया जाये।

रेलवे न सिर्फ देश को जोड़ने का काम करती है बल्कि कई संस्कृतियों को भी आपस में मिलाने का काम करती है और देश के पिछड़ेपन को दूर कर संतुलित विकास की दिशा प्रदान कर सकती है। रेलवे के पास जो रेलवे सम्पदा है उससे ही इतनी आय हो सकती है कि पूरे देश का खर्चा निकल सकता है और मुझे खुशी है कि सरकार इस मुद्दे पर गंभीर है। बिहार के अधिकांश लोग देश के अन्य शहरों में कार्यरत हैं जो हर दो-तीन महीने के बाद बिहार आते-जाते हैं, जिसके कारण बिहार जाने वाली एवं बिहार से आने वाली रेल सेवाओं में काफी भीड़-भाड़ रहती है। एक अनुमान के अनुसार हर साल सिर्फ छठ पव पर 31 लाख लोग देश के अन्य शहरों से बिहार आते हैं। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि बिहार से आने-जाने वाली रेल सेवाओं में बढ़ोतरी मांग के अनुरूप की जाये तो इससे लोगों को सुविधा मिलने के साथ-साथ रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी। छठ बिहार का एक महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय पर्व है, छठ पूजा के लिए देश के कोने-कोने में बसे बिहार के निवासी बिहार आते हैं परंतु छठ के समय उनकी मांग के अनुसार रेल सेवा उपलब्ध नहीं है जिसके कारण लोगों को रेल की छतों पर चढ़कर यात्रा करनी पड़ती है और प्लेटफॉर्म पर अपार भीड़ हो जाती है। रेलवे को दिल्ली रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म टिकट बेचना बंद करना पड़ता है जिससे रेलवे के राजस्व की भी हानि होती है। यही हाल होली, दिवाली एवं ईद के मौके पर देखने को मिलता है। मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि छठ पर्व, दिवाली, ईद एवं होली के अवसरों पर बिहार को अतिरिक्त रेल सेवा उपलब्ध करायी जानी चाहिए।

बिहार में रेलवे की कई पूर्व में घोषित परियोजनाएं चालू नहीं की गयी है अगर की गयी है तो अत्यधिक धीमी गति से कार्य हो रहा है। इससे परियोजनाओं पर लागत खर्च भी बढ़ रहा है। रेल परियोजनाएं एवं रेलवे का विकास देश के विकास एवं रेलवे की मांग के अनुरूप होना चाहिए जो इस रेल बजट में देखने को मिलता है। यह रेल बजट किसानों, आदिवासियों एवं मजदूरों को लाभ पहुंचाएगा।

रेलवे की माली हालत बेहाल होने का मुख्य कारण रेलवे में व्याप्त भ्रष्टाचार है। जिस पर रेल मंत्री जी ने बजट में प्रकाश डाला है। माल बुकिंग में घोर भ्रष्टाचार है, उस पर कोई कार्यवाही नहीं होती है।

माल बुक कराने में जो भ्रष्टाचार है उसको दूर किया जाये जिससे व्यापारी सस्ते में अपने माल को बुक कर सके जिससे एक और महंगाई कम होगी और दूसरी और रेलवे के राजस्व में बढ़ोतरी होगी।

रेलवे का सामाजिक दायित्व एवं विकास में योगदान महत्वपूर्ण है। रेलवे के विकास से देश के विकास की गति मिलती है। इस बजट में भारतीय रेलवे नेटवर्क को नेपाल एवं बांग्लादेश तक ले जाने का प्रस्ताव है परंतु नेपाल सीमा से सटे मेरे संसदीय क्षेत्र के बापूधाम मोतीहारी रेलवे स्टेशन से वाया शिवहर होते हुए सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन तक 76 कि.मी. नई रेल लाईन के निर्माण की योजना का सर्वे वर्षों पूर्व हो चुका है। एक तरफ बापू की कर्म भूमि चंपारण तो दूसरी तरफ माँ जानकी की जन्म स्थली सीतामढ़ी को जोड़ने वाली नई रेल लाईन के निर्माण के प्रति घोर उपेक्षा की जा रही है। रेल मंत्रालय द्वारा मोतिहारी से सीतामढ़ी वाया शिवहर तक नई रेल लाईन बिछाने के लिए सन् 2007 में ही डी.पी.आर. बना कर काम आरंभ करने का फैसला हुआ परंतु 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे के अधिकारियों द्वारा यह तो स्वीकारा जाता है कि यह रेल खंड जरूर बनेगा परंतु वहां कब कार्य आरंभ होगा और कब खत्म होगा यह बताने की हालत में कोई नहीं है। यह परियोजना 8 साल से लंबित है। इस रेल लाईन के बिछ जाने पर यहां गाड़ियां चलती और आम आदमी को काफी रिलीफ मिलता। यह बिहार का सबसे ज्यादा पिछड़ा इलाका है और यह लंबित रेल लाईन और भी महत्वपूर्ण इसलिए हो जाती है क्योंकि आज़ादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर जिले में एक किलोमीटर भी रेलवे लाईन नहीं है। मैं इस संबंध में पत्र लिख चुकी हूँ एवं माननीय मंत्री जी से मिल चुकी हूं परंतु इसके बावजूद इस परियोजना को बजट में शामिल नहीं किया गया है जिससे मुझे निराशा है, क्योंकि आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की सरकार से शिवहर जिला के लोगों के साथ-साथ मुझे भी उम्मीद है कि बिहार के इस सबसे पिछड़े जिला के लोगों को अविलंब नई रेलवे लाईन की सौगात मिलेगी।

मेरे संसदीय क्षेत्र में सीतामढ़ी-नरकटियागंज रेल खंड के द्वितीय चरण के अंतर्गत बैरगनिया से छौंडादानों तक जो अमान परिवर्तन का कार्य चल रहा है, वह पूर्ण हो चुका है। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने शिवहर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत समस्तीपुर-नरकटियागंज रेल खंड पर घोड़ासहन रेलवे स्टेशन पर आमान परिवर्तन के बाद एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव हेतु आकृष्ट कराना चाहती हूँ। विदित हो कि मेरे पिछले कार्यकाल में आमान परिवर्तन के साथ-साथ उक्त स्टेशन को रेलवे द्वारा आदर्श स्टेशन का दर्जा प्रदान किया गया है। साथ ही, घोड़ासहन स्टेशन से प्रतिदिन एक लाख से अधिक का राजस्व रेलवे को प्राप्त होता है। यहां व्यावसायिक वर्ग एवं भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के लोगों का अधिक संख्या में आना-जाना रहता है, जो देश के विभिन्न हिस्सों में जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव न होने के कारण कठिनाईयों का सामना करते हैं। एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव घोड़ासहन स्टेशन से 36 कि.मी. पहले (रक्सौल) एवं 19 कि.मी. आगे बैरगनिया में है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जनहित में उक्त रेल खंड पर चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव घोड़ासहन स्टेशन पर सुनिश्चित कराने की कृपा की जाये। इसके लिए मैं रेल मंत्री जी की अत्यंत आभारी रहूंगी। साथ ही घोड़ासहन स्टेशन जो शहर के बीचो-बीच अवस्थित है, का रेलवे लाईन शहर को दो भागों में बाँट रखा है। गुमटी के स्थानांतरण से शहर की बड़ी आबादी खुले रेल लाईन से पार करती है जिस कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जनहित में उक्त शहर के कर्पूरी चौक से अम्बेडकर चौक के बीच भूमिगत पारपथ अति आवश्यक है।

इसी के साथ माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि कई सालों से बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी से दक्षिण बिहार एवं झारखंड के लिए नई रेल सेवाएं चलाए जाने हेतु मांग हो रही है तथा कानपुर से गोरखपुर के बीच चलने वाली चौरी-चौरा एक्सप्रेस रेल सेवा को बापूधाम मोतिहारी तक विस्तार किया जाये। सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस की तर्ज पर एक और सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए अथवा बापूधाम मोतिहारी गरीब रथ साप्ताहिक ट्रेन को प्रतिदिन किया जाए क्योंकि वर्तमान, बापूधाम मोतिहारी, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा के लोगों को दिल्ली की यात्रा करने के लिए हमेशा परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मैं इस रेल बजट का समर्थन करती हूँ।

SHRI BHEEMRAO B. PATIL (ZAHEERABAD): Hon. Deputy-Speaker, Sir, I wish to take this opportunity to thank our hon. Chief Minister, Shri K. Chandrasekhara Rao *Garu,* and our Parliamentary Party Leader, Shri A.P. Jitender Reddy.

15.00 hrs (Shri Anandrao Adsul *in the Chair*)

Mr. Chairman, Sir, as we all know, one of the important lifelines of our country is the Railways. I am representing the Telangana State and we have huge expectations from you.

After a long period, here is a Railway Minister who has presented a forward-looking Budget. In an overall perspective, this Budget has many positives and less negatives. The Railway Minister has laboured hard to prepare this Budget and has gathered courage for mobilization of additional funds for various developmental works. The hon. Minister has accepted that there has been under-investment and as a result, facilities have not improved satisfactorily. He has realized that more investment is required in this area.

In regard to new lines, the hon. Railway Minister has sanctioned too many double lines, third line, and quadruple lines without proper techno-economic survey, while overlooking many new lines with RoR of more than 14 per cent. These are not only economically viable, but also travel through the most backward areas.

I would like to bring to your kind notice that the majority of railway lines existing in Telangana State were constructed during pre-Independence period, that is, during the Nizam's Rule, and the only exceptions are one or two lines, like Bibi Nagar-Nadikudi. In spite of our constant persuasion, we are unable to get any new lines. For example, the railway line from Bodhan to Bidar is pending for many years. The survey has already been completed and the project is estimated to cost Rs. 1,029 cr. In regard to the railway line from Secunderabad to Zaheerabad, survey has been completed and the proposal with an estimate of Rs. 456 crore was also submitted. However, this issue is pending for the last 15 years. The local public is facing a lot of problems in transportation of their materials, agricultural products, etc. I am pained to inform you that this year also, there is no financial sanction or consideration given to those above lines. I am in doubt whether it will be completed during my tenure. I would request the Minister to help us in this regard.

Further, I would also request that an additional platform at Zaheerabad Railway Station and a railway over bridge at Kohir on National Highway at Zaheerabad town may please be constructed.

There is a need to introduce an Intercity Express train from Hyderabad to Bidar in the morning and *vice versa* in the evening because the local people travel from Hyderabad to Bidar for various purposes, including education and business.

A survey may be made for laying of a new railway line from Patancheru-Sangareddy-Jogipet-Medak and also from Jogipet-Aladurg-Peddashankarampet-Narayankhed-Pitlam-Banswada-Bodhan.

We must set global standards. EPC contracts by themselves will not serve the purpose. There are ten departments in the Railways and each one takes pride in delaying the proposals lying on his table. What will the EPC contractor do if the contractor is not given necessary clearances and land? Today, projects are suffering more due to delay in clearances than for any other reason. Shortage of manpower may be one of the reasons, but the mindset is the major villain.

Coming to safety, the plan to eliminate 3,438 unmanned level crossings is most welcome because about 50 per cent of the total accidents occur at unmanned level crossings. The short term goal of setting up audio visual warning systems at unmanned level crossings is also a welcome step. This requires a time bound action. Even the audio visual warning system also needs a time bound action plan. Installation of anti-collision devices is being heard for the past 25 years, but its implementation in all sections is yet to be achieved. The reason why it is taking so much time is not known.

The Secunderabad Station may kindly be included in the list of ten stations that will have malls and shopping complexes coming up at the 'air space' of the station. The proposal to change the name of A.P. Express to Telangana Express may be cleared at the earliest.

Satellite Railway Terminals may be established in Moula Ali and Nagulapally as these are areas with dense traffic.

I would request the Government to clear the proposals of high-speed rail routes to run trains with enhanced speeds of 160-200 Kmph in two sectors, that is, Hyderabad-Chennai and Secunderabad-Nagpur. Our hon. Chief Minister of Telangana has already written to the hon. Prime Minister and the hon. Railway Minister about the pending rail projects, problems and proposals related to Telangana which are pending at various levels. Action may kindly be taken in the interest of Telangana State.

The hon. Railway Minister was also addressed by the Chief Minister for setting up of a Railway Coach Factory and a Wagon Factory at Kazipet besides creation of a new Railway division at Kazipet. Pending new railway lines to be completed are: (a) Peddapally – Karimnagar – Jagityal-Nizamagbad; (b) Manoharabad-Kottaplly; (c) Akkanapet-Medak; (d) Bhadrachalam Road-Sattupally; (e) Manchiryala-Peddamapet; (f) Kazipet-Vijayawada; (g) Raghavpuram-Mandamarri; (h) Manuguru-Ramagundam; (i) Nalgonda-Macherla; and (j) Jadcherla-Nandyal. They are pending in survey stage.

There is a need to improve rail transport and to extend MMTS services to Toopran, from Falaknuma to Shamshabad in MMTS phase-II.

I am pained to say that the Railways had made a meagre allocation of Rs.141 crore for the Peddapalli-Karimnagar-Nizamabad project, Rs. 20 crore for the Manoharabad-Kothappali line, Rs.27.44 crore for the new Secunderabad-Mahbubnagar double lining project and Rs. 46 crore for the Kazipet-Ballarsha triple lining project which were quite less.

I also regret to state that only Rs. 1 crore was allocated last year for the special project of Nalgonda-Manchiryala line, which was sanctioned way back in 1997-98, which is running at a snail's pace. There is a need to bring Hyderabad-Vijayawada railway line through Suryapet as it would connect the Capitals of the two States. And also Bidar to Bodan as it will connect Karnataka and Telangana State. There is a need for further development of the Railway transport system in Hyderabad and complete modernization of Secunderabad station. There is a need to focus on completion of pending railway projects in Telangana as it would financially benefit the common people because railway fares are quite less.

I am pleased to say that the hon. Railway Minister is impartial to some extent, when compared to the past Railway Budgets, whereas the Railway Ministers used to confine to their own States.

To bolster the economic health of the railways, it is suggested that the British legacy of paying dividend, which amounts to Rs.9,000 crore to the General Exechequer for its grant, should be dispensed with. This money thus saved, should be utilized only for developing infrastructure and not for any other purpose. No organization is asked to pay dividend, then why should Railways pay it? Like all other PSUs, once all infrastructures are created and Railways become cash surplus, this surplus can be utilized for other development works or the benefit should be passed on to the other passengers and other stakeholders.

This Budget is growth oriented and emphasizes on passengers, their comfort and safety measures that should vastly improve the travel experience for passengers, much of it centred around the adoption of technology and greater levels of hygiene and safety.

The Research Design and Standard Organization will design vacuum toilets such as those on air planes. The Minister also spoke of partnering with institutions such as the National Institute of Fashion Technology and the National Institute of Designs to improve the passengers' experience. The hon. Railway Minister has taken care regarding supply of meals to be pre-selected, greater Wi-Fi availability at stations, better toilets and trains, the disabled and the elderly getting easier access. Cleanliness will also be focused, keeping in view the Prime Minister Shri Narendra Modi's *Swacch Bharat Abhiyan.*

This is a first reform oriented Railway Budget in decades. For the first time, the Railway Board will have within it, a financial cell. That is a step towards installing corporate style book keeping. In this Budget, the public welfare is amalgamated with private investments. While investment through public-private-partnership was increased to Rs.57.81 crore, several schemes for improving efficiency of the railways were kept under this head. This will revamp the existing PPP cell in the Ministry to make it more result oriented. PPP will help in creating more jobs in the economy, besides augmenting and improving capital for the railways. The railways will partner with the private sector to improve last mile connectivity, expanding the fleet of the rolling stock and modernizing the railway stations infrastructure.

With these few words, I support the Budget and request the House to do the needful in this Budget Session for Telangana State and conclude my speech.

*श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर (दाहोद): माननीय श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की प्रेरणा से माननीय रेल मंत्री जी ने जो इस वर्ष रेल बजट प्रस्तुत किया है वह रेलवे के विकास में तेजी और रेल यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखने वाला है। मैं इस हेतु आभार व्यक्त करता हूँ। रेलवे के विकास में विदेशी एवं निजी क्षेत्र के सहयोग से लम्बित परियोजनाओं को पूर्ण करने पर ध्यान दिया है। माननीय रेल मंत्री जी ने पूर्व बजट की अपेक्षा 52 प्रतिशत की वृद्धि की है। अनारक्षित टिकट अब पाँच मिनट में मिल सकेंगे। आरक्षित टिकट भी अब चार माह पूर्व प्राप्त कर सकेंगे। इस रेल बजट में स्वच्छता हेतु भी कई प्रावधान किये गये हैं। रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छ पानी के लिए वाटर वेंडिंग मशीन लगाने का भी प्रावधान है। इस बजट में कई उपायों के माध्यम से 8.5 लाख करोड़ का निवेश रेलवे में किये जाने की घोषणा है जिससे रेलवे का कायाकल्प होगी। यात्री गाड़ियों एवं माल गाड़ियों की गति बढ़ाने से सभी को लाभ होगा।

यह बजट आधुनिक सुविधाओं एवं सुरक्षित यात्रा के उद्देश्य को प्राप्त करने में सहायक रहेगा। आने वाले दस सालों में नःसंदेह रेल यात्रा को सुविधाजनक एवं आरामदायक बनाया जा सकता है, जो इस रेल बजट की मुख्य विशेषता है।

पूर्व के रेल बजट राजनैतिक आधार पर होते थे जबकि यह बजट पूरे देश का ध्यान में रखकर बनाया गया है। आम जनता के हित में विन्हित गाड़ियों में जनरल श्रेणी के अधिक सवारी डिब्बे जोड़े जाने का जो प्रावधान किया है वह बहुत ही सराहनीय है क्योंकि वर्तमान में जनरल डिब्बों में कई यात्रियों को खड़े रहने की भी जगह नहीं मिलती है। माननीय रेल मंत्री जी ने देश में रेलवे के पास जो संसाधान हैं उनका समुचित उपयोग और रेलवे की प्रगति के लिए अलग से धन की व्यवस्था करने के लिए विदेशी एवं निजी क्षेत्रों को आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाये हैं। जिससे देश की जीवन रेखा माने जाने वाली भारतीय रेलवे दुनिया की श्रेष्ठ रेलवे बन सके।

मैं गुजरात के दाहोद जिले का सांसद हूँ। दाहोद जिला मध्य प्रदेश के झाबुआ व अलीराजपुर जिलों से एवं राजस्थान के बांसवाड़ा जिले से जुड़ा हुआ है। ये सभी जिले आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। मैं यहां की समस्याओं से आपको अवगत कराना चाहता हूँ।

दाहोद में सन् 1930 में स्टीम इंजिनों की मरम्मत हेतु कारखाने का शुभारम्भ किया गया था। उस समय इस कारखाने के कार्य की कम लागत में उच्च गुणवत्ता की सराहना भारतीय रेल स्तर पर की जाती थी। उस समय यहां पर लगभग 5000 कर्मचारी कार्यरत थे। इस कारखाने के आस-पास रेलवे की पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। यहां पर पानी हेतु रेलवे का ही डैम है। बिजली की यहां पर कोई समस्या नहीं है। सर्वसुविधायुक्त कॉलोनी बनी हुई है। स्टीम लोको बंद हो जाने के बाद यहाँ के वर्कलोड में बार-बार परिवर्तन होता रहता है। जिसके फलस्वरूप यहाँ के कर्मचारियों की संख्या 5000 से घटकर लगभग 2000 रह गई है।

दाहोद रेलवे वर्कशॉप को 54 इलेक्ट्रिक लोको का एमटीआर एवं 750 वेगन का पीओएच का वर्किंग लोड दिया गया था। इस वर्कलोड पर यहाँ पर 215 कर्मचारियों की वेकेन्सी है जबकि वर्तमान में दाहोद वर्कशॉप को 108 लोको का एमटीआर एवं 1800 वेगन का पीओएच का वर्कलोड दिया गया जिसे पूर्ण करने के लिए 820 कर्मचारियों की आवश्यकता है। अतः कृपया दाहोद वर्कशॉप में स्टाफ की कमी को इस आदिवासी क्षेत्र के नवयुवकों को रोज़गार देकर पूर्ण करने हेतु मैं आपसे आग्रह करता हूँ।

दाहोद में रेलवे का बहुत बड़ा अस्पताल बना हुआ है। इस अस्पताल में मरीजों हेतु 110 पलंग, आई.सी.यू., ऑपेरेशन थियेटर, लेबोरेट्री, एक्स-रे मशीन है जबकि ऑन रोल केवल एक ही रेलवे का डॉक्टर कार्यरत है। दाहोद वर्कशॉप एवं रोड साइड के रेल कर्मचारी, सेवानिवृत एवं उनके परिवार के सदस्यों की संख्या मिलाकर लगभग 15000 है, जिन्हें चिकित्सा का लाभ मिलना चाहिए। रेलवे अस्पताल में 8 कार डॉक्टरों (कान्ट्रेक्ट मेडिकल प्रेक्टीश्नर्स) को नियुक्त किया है। अतः कृपया दाहोद के रेलवे चिकित्सालय में रेलवे के डॉक्टरों की नियुक्ति करवाने की कृपा करें।

Over Rs.2,450 crore are earmarked for Karnataka's ongoing projects, of which Rs.368 crore has to be borne by the state on cost-sharing basis. Last year, Karnataka received around Rs.2,000 crore for ongoing projects. Rs.1,001 crore are allocated for laying new lines against last year's Rs.487 crore and Rs.66 crore for gauge conversion against last year's Rs.11.5 crore.

A sum of Rs.1,268 crore has been sanctioned for doubling work, while last year the state got around Rs.400 crore. Rs.115 crore are sanctioned for railway under / over bridges. Money sanctioned for the doubling and electrification of three lines is Penukonda-Yelahanka (120 km)- Rs.958 crore; Hubbali-Chikjajur (190 km)-Rs.1,900 crore; and Arasikere-Tumkur (96 km)-Rs. 960 crore. The Bengaluru-Kochuveli Express, Yeshwantpur-Secunderabad Garib Rath, Mysuru-Dadar Sharavathi Express and Bengaluru-Mysuru Chamundi Express are among the 128 trains that will get the e-catering facility. Wi-fi hotspots will be set up at the Bengaluru cantonment, Krishnarajapuram, Bangarpet, Kengeri, Banaswadi, Yelahanka and Hosur stations.

I represent the Koppal Parliamentary Constituency and a part of Hampi World Heritage site falls in my constituency which sees not only national but international tourists, hence communication line needs to be improved and strengthened. In this regard, I would like to request addition of the following :

Hubli-Chennai via Koppal-Guntakal-New Train; Vasco-Hawra (Weekly to be enhanced to everyday); Hubli-NZM via KPL-Bellary-GTL-NGP (New Train); Hospet-Bangalore (New Train); Mysore-Shirdi (Weekly to be enhanced to thrice a week); and Banglore-Ajmer via Hubli (Weekly to thrice a week).

Funds for Bellary-Gabbur survey work, Koppal-Bangalkot survey fund and

Gadag-Wadi via Koodala Sangama work may be provided.

Additional funds for Ginigera-Mehaboobnagar (250 kms) costing 1390 crores, Expenditure 600 crore, balance of Rs.790 crores (ERB of 150 crores and capital Rs.35 crores provided); Gadag-Wadi via Lingasagur-250 kms costing 1922 crores (ERB of 100 crores with capital of 20 crores provided); and Newly created Gulbarga Division (89 crores only 46 lakhs provided) are required.

***श्री चाँद नाथ (अलवर):** रेलवे बजट 2015-16 का स्वागत है। रेल बजट में रेल मंत्री ने ऐसा कौशल दिखाया है कि पूरे बजट में कोई क्रॉसिंग नहीं छोड़ा। एक लाख करोड़ योजना परिव्यय, 52 फीसदी पिछले साल की तुलना में रेलवे योजना बजट, 3 करोड़ से ज्यादा प्रतिदिन यात्री ढोने का लक्ष्य, 2000 स्टेशनों में डिस्पले नेटवर्क और 1500 करोड़ का माल वाहन का लक्ष्य तथा यात्री

किराया न बढ़ाना एक सराहनीय कदम है। सभी मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग को मिशन कोड में बनाना, टक्कर रोधी उपकरण लगाकर रेल हादसों का शून्य बनाने की कोशिश एक अच्छी पहल है परंतु इसके लिए रेल विभाग को सतर्क करना होगा ताकि जो भी अण्डर ब्रिज बनाए जाए वह भी इस तरह योजनाबद्ध हों कि वह हादसों से रहित हो। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूँ। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खानपुर अहीर, तहसील मुण्डावर,अलवर, राजस्थान पर एक अण्डर पास जो कि रेलवे लेवल क्रॉसिंग नं.83 पर बन रहा था तकनीकी रूप से गलत है। वहाँ दुर्घटनाएँ ज्यादा होने की संभावना बढ़ गई है। क्षेत्र के लोगों की मांग है कि इस अण्डर पास का नक्शा बदल दिया जाए और लोगों की मांग के अनुसार सुगमतापूर्ण निर्माण सुचारू रूप से पुनः बंद निर्माण कार्य को शुरू किया जाए। मैंने ग्राम पंचायत खानपुर अहीर तहसील मुण्डावर के प्रतिमण्डल को रेल मंत्री जी से मिलाया था और उन्होंने खराब नक्शे को माना भी उसे ठीक से बनाने का वादा भी किया था परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

रेल बजट एक तरह से ऐतिहासिक और विकासशील है क्योंकि कोई नए वादे नहीं किए गए और पिछली सरकार के अधूरे वादों को पूरा करने का प्रावधान है। यह आंखों में धूल झोंकने वाला बजट नहीं परंतु एक वास्तविक बजट है। सीधी टक्कर रोकने के लिए, रेल गाड़ियों में प्रोटेक्शन तथा वार्निंग सिस्टम का लगाया जाना, डिजीटल मशीनों से मरम्मत कराना तथा ऐसी 177 परियोजनाओं की स्वीकृति देना और ट्रैफिक वाले रेल मार्गों पर अधिक रेलों का संचालन तथा रेलवे को विकास की ओर ले जाने के लिए वास्तविक कदम है। यह बजट ख्याली पुलाव और सपनों का बजट नहीं है।

भारतीय रेल वार्षिकी के अनुसार 2013-14 के दौरान सप्लाई की कमी रहने के कारण उर्वरक में प्रतिशत से कम ढुलाई में विकास दर रही परंतु वास्तविक स्थिति और है। उर्वरक ढुलाई के लिए रेक नहीं मिल रहे थे। रेल मंत्रालय का इस ओर ध्यान दिलाया गया जबकि नवम्बर-दिसम्बर में यूरिया के लिए जरूरत है, रैक नहीं मिलती। एक ओर ओलो और बारिश ने किसान का नुकसान किया तो दूसरी ओर उर्वरक का न मिलना। ढुलाई के लिए रैक्स के लिए मंत्री को मिलना पड़ता है। सरकार इस और भी ध्यान दे ताकि किसान को समय पर उर्वरक मिल सके। कुछ उपलब्धता का 86 प्रतिशत ही पिछले साल में ढोया गया है।

खान-पान की सुविधाओं का जिक्र तो है और खान-पान सेवाओं के लिए प्रबंधन एजेंसी की भूमिका में तब्दीली का भी जिक्र है परंतु उनकी गुणवत्ता का कहीं जिक्र नहीं है।

मैं वित्त मंत्री जी का ध्यान पृष्ठ सं. 40-41 रेल वार्षिकी 2013-14 की ओर पृष्ठ सं. 19-20, भारतीय रेल वार्षिक रिपोर्ट और लेखा जिसमें 2014-15 के कार्य निष्पादन की विशिष्टताओं के साथ दिया गया है, की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। स्पेशल मालगाड़ी ऑपरेटर स्कीम, किसान विजन परियोजना तथा सेंट्रल रेल साइट वेयर हाउस, कंपनी वेयर हाउस के बारे में उल्लेख है परंतु एक भी शब्द में बदलाव नहीं है। ऐसा लगता है जैसे आँख बंद कर रिपोर्ट बनाई गई है। होना तो यह चाहिए था कि इन स्कीमों की उपलब्धियों के बारे में बताया जाता परंतु कई साल पहले स्कीम लागू करने का जिक्र है। वार्षिक रिपोर्ट बनाते समय उपलब्धियों का जिक्र होना चाहिए था, ऐसा पता नहीं, क्यों नहीं किया जाता?

मैं रेल मंत्री का ध्यान मथुरा-अलवर तथा अलवर-रेवाड़ी लाईन की विद्युतीकरण परियोजनाओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। इन योजनाओं के लिए क्रमशः 119.69 तथा 118.48 करोड़ रूपये पिंक बुक 2013-14 के अनुसार परिव्याशित लागत थी, परंतु 2013-14 में भी इन योजनाओं में क्रमशः 42 करोड़ तथा 48 करोड़ के लगभग ही खर्च किए गए पर काम अभी भी अधूरा है। मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि काम जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए। लक्ष्य प्राप्ति के लिए अन्य आर.ई कार्यों से निधि पुनर्विनियोजन की जाए तथा 2015-16 में इनको पूरा किया जाए, केवल आश्वासन नहीं चाहिए।

आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किए जाने हेतु स्टेशनों पर सुख-सुविधाएं संबंधी मानदंड 2013 में संशोधित किए गए थे, ताकि सौन्दर्यवर्धन और यात्री आराम पर बल दिया जा सके। मैं रेल मंत्री का अलवर स्टेशन की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ, जो एक आदर्श स्टेशन की तरह विकसित हुआ है और आग्रह करता हूं कि वहाँ क्लॉक रूम, प्रीपेड तथा रेडियो टैक्सी बूथ,शारीरिक रूप से विकलांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्टेशन के प्रवेश द्वार पर रैम्प तथा विकलांग व्यक्तियों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था और लैंड स्केलिंग की जाए। एस्केलेटर और लिफ्ट लगाई जाए क्योंकि अलवर स्टेशन पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्टेशन है। अब तो रेल के रूपए में से 11-12 पैसे बचने लगे हैं। अलवर के ऊपर 1/4 पैसे ही व्यय कर दें।

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि एन.सी.आर. में अलवर ही ऐसा जिला है कि यहाँ दिल्ली के लिए कोई पैसेंजर ट्रेन नहीं है और एक्सप्रेस ट्रेन भी रेवाड़ी होकर जाती है। दिल्ली-सोहना-नूह-फिरोजपुर झिरका-रामगढ़ होते हुए अलवर के ट्रैक का सर्वे हो चुका है तथा 1239 करोड़ की लागत से यह लाईन बननी है परंतु अभी तक परियोजना के लिए नीति आयोग द्वारा स्वीकृति में देरी क्यों हो रही है? बहरोड़ तथा भिवाड़ी राजस्थान के प्रमुख औद्योगिक नगर हैं, परंतु रेलवे जैसी बुनियादी जरूरतों से वंचित है। मांगें उठती रहती है कि लोग हर साल रेलवे बजट का इंतजार करते रहते हैं, निराशा होती है। कई बार आश्वासन मिले कि रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम परियोजना का अलाइनमेंट बदलकर बहरोड़ को रेल का लाभ दिया जाए, बस चर्चा होती रही है परंतु कोई परिणाम नहीं है। मैं रेलमंत्री से आग्रह करूंगा कि इस ओर ध्यान दें और अलवर को दिल्ली के साथ सीधा संपर्क कर जोड़ जाए। कम से कम एक सीधी गाड़ी दिल्ली के लिए होनी चाहिए। मैं मानता हूं कि रेल बजट में नई लाइनों के झूठे वादे नहीं है परंतु हमने भी चुनाव के दौरान कई वायदे किए हैं। कम से कम थोड़ा-बहुत इस ओर ध्यान देना जरूरी है। अलवर तहसील रामगढ़ के स्टेशन में इलाहाबाद एक्सप्रेस का ठहराव जरूरी है क्योंकि रामगढ़-फिरोजपुर झिरका-नूह व पूरा मेवात रामगढ़ से अलवर जाकर इस ट्रेन का सफर करता है अगर रामगढ़ में इस ट्रेन का स्टॉपेज हो तो इन सभी क्षेत्रवासियों का समय बचेगा इसका फायदा सभी को मिलेगा।

पहले अलवर-जयपुर मीटरगेज था तो सभी दिल्ली से जाने वाली गाड़ियां अलवर से होकर गुजरती थी परंतु रेल ट्रैक अब ब्रॉडगेज हो गया है, तो विडम्बना देखो अब बहुत कम ट्रेनें हो गई हैं। इतना ही नहीं, अब अलवर वासियों को उदयपुर जाने के लिए रेवाड़ी-रींगस से होकर जाना पड़ता है तथा 6 की बजाए 2 ही गाड़ियां हैं और इनमें से भी एक गाड़ी सप्ताह में सिर्फ चार बार ही जाती है। अलवर-बांदीकुई रेल मार्ग का दोहरीकरण के लिए कई साल पहले मंजूरी मिली थी परंतु अभी तक ट्रैक का काम पूरा नहीं हुआ। बहाना सीधा और स्पष्ट है कि पैसा नहीं है।

राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव से लोगों को सुविधा मिलेगी। एनसीआर में होने से दिल्ली अलवर से जुड़ जाएगा। मंत्री महोदय, कई ट्रेनें मथुरा में ही खड़ी रहती है। उनका विस्तार अलवर तक संभव है और किया जाना चाहिए।

कपड़ा व्यवसाय के लिए उदयपुर के लिए ट्रेन जरूरी है। पहले चेतक एक्सप्रेस अलवर से ही होकर जाती थी परंतु रेलवे ने उसका रूट बदल दिया है और रेवाड़ी से होकर जाती है। यह ट्रेन जोकि अलवर-जयपुर के रास्ते भी जा सकती है।

यहाँ तक कि अलवर के लोगों को उम्मीदों पर ध्यान दिया जाए तो मुख्यतः दिल्ली-अलवर रूट पर लोकल ट्रेन, राजधानी ट्रेन का ठहराव, यात्री सुविधा के लिए जंक्शन पर बेहतर सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा अहमदाबाद के लिए नई ट्रेन शामिल हैं। अलवर सरसों और अनाज की बड़ी मण्डी है परंतु आस-पास कहीं भी माल गोदाम नहीं है। मंत्री महोदय मैं तो आग्रह ही कर सकता हूँ, करना तो आपको है।

किसी शायर ने ठीक कहा है कः-

""मेरे हाथ में देख खाली जाम है साकी

यह तेरी दरियादिली पे इल्जाम है साकी

तेरे दर पर आ पहुंचा हूँ, अरमान पूरे कर

यह मेरा काम था साकी

अब तेरा काम है साकी।""

* **DR. KULMANI SAMAL (JAGATSINGHPUR)** : First of all I would like to congratulate the Minister of Railways for putting a thoughtful approach in the Budget (Railways) 2015-16. In my views the thoughtful means the Minister of Railways has not initiated for introduction of any new rails to any states this time. Rather, he has shown his commitment to upgrade the Railway resources with appropriate technology that is available at our hand. Usually, it has been observed that the Minister of Railways in respective Governments grants more number of new trains for their own States, which has not been repeated this time at least.

It is seen that during 2014-15 Railway Budget, Odisha was allocated one thousand four hundred and twenty crore rupees. However, during this Railway Budget, two thousand five hundred and fourteen crore rupees have been allocated against the demand of the State Government for three thousand and two hundred crore rupees. Though the allocation for various proposed construction of new rail lines like Khurda Road Bolangir, Augul-Duburi-Sukinda Road, Haridaspur-Paradip, Talcher-Bimalagarh etc. have been made by the Minister, some important projects like Kendujhar-Badamapahar, Jeypore-Nabrangpur, Puri-Konark and Lanjigarh-Junagarh have not been taken into consideration. Similarly a wagon factory which has been proposed to be set up at Sitapalli in Ganjam District of Odisha has fetched only a token amount of one thousand rupees. It is well known to everybody that Odisha is a backward State and constitutes handful of the tribal people. The tribal districts situated in Southern and Western parts of the State are inaccessible and backward from the view point of railway network. So, it was a special demand of the State Government to connect these areas through rail line. For this purpose, the State Government has also made commitment to bear half of the project cost. But it could not take place.

I would like to state that Paradip Port, a major sea port is situated in my Parliamentary Constituency, Jagatsinghpur. It is also one of the important routes in view of number of people employed in various industrial units as well as Paradip Port, travel through rail. Recently, the Express trains introduced between Paradip and Howrah and from Paradip to Visakhapatnam are having stoppage only at the limited places. In this regard, it is necessary to provide stoppage to these express trains at least at Badabandha, Rahama, Raghunathpur, Gorakhnath and Sarala Road in order to provide utmost advantage to the people of this region.

It is a fact that Railway division passing across the State of Odisha in total is contributing the highest number of revenue. So, as compared to the revenue it generates, the budgetary allocation as well as the provisions made in is not enough for a poor state like Odisha.

*__श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर):__ मैं माननीय रेल मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत भारत सरकार के रेल बजट का समर्थन करता हूँ। मैं सरकार के माध्यम से रेल मंत्री जी से अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अकबरपुर, उत्तर प्रदेश से संबंधित मूलभूत रेल सुविधाओं के लिए अनुरोध करना चाहता हूँ।

उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया, कानपुर देहात, जालौन, हमीरपुर, बाँदा जिनका अधिकांश भू-भाग बुंदेलखंड के अंतर्गत है। इन जनपदों के हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग का प्रयोग करने के लिए केवल कानपुर का सेंट्रल स्टेशन है जिससे कि आम जनमानस को आवागमन में भारी असुविधा एवं कठिनाई रहती है। यदि इटावा से औरैया, भोगनीपुर, कानपुर देहात, घाटमपुर, कानपुर नगर, जहानाबाद जनपद फतेहपुर से होती हुयी बिंदकी रोड रेलवे स्टेशन तक नई रेल लाईन बिछा दी जाये तो लाखों लोगों का दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग से सीधा जुड़ाव एव यातायात सुगम हो सकेगा।

उत्तर प्रदेश की पौराणिक एवं धार्मिक नगरी चित्रकूट, बाँदा, घाटमपुर, कानपुर रेलमार्ग पर कोई ऐसी सुपरफास्ट ट्रेन नहीं है जो धर्म नगरी चित्रकूट से आवागमन सुगम कर सके। यदि नई दिल्ली-रीवा एक्सप्रेस का मार्ग कानपुर, घाटमपुर, बाँदा, चित्रकूट होते हुए रीवा कर दिया जाये तो चित्रकूट जाने वाले धर्मपरायण यात्रियों का मार्ग आसान एवं सुगम हो सकेगा।

मेरे संसदीय क्षेत्र अकबरपुर के अंतर्गत आने वाली अकबरपुर रनियां विधान सभा का रूरा स्टेशन अकबरपुर, कन्नौज एवं इटावा लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधत्व करता है तथा कानपुर देहात जिले में सर्वाधिक यात्रियों के आवागमन का केंद्र है। कानपुर देहात का मुख्यालय एवं सत्र न्यायालय समीप होने के साथ-साथ हज़ारों की संख्या में जैनपुर, रनियां, माती, अकबरपुर एवं रूरा में औद्योगिक इकाईयां स्थापित होने के कारण यह स्टेशन आवागमन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है किंतु स्टेशन पर शुद्ध पेयजल, छायादार टीनशेड, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, शौचालय, रोशनी तथा जर्जर हो चुके ओवर ब्रिज जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिलने के कारण यात्रियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि रूरा स्टेशन को आदर्श स्टेशन की श्रेणी में घोषित कर दिया जाए तो यात्रियों को उक्त मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा तथा यात्रियों के आवागमन में काफी सुगमता हो सकेगी।

मेरे संसदीय क्षेत्र के कानपुर नगर में स्थित पनकी स्टेशन पर प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या लगभग 20 से 30 हज़ार के मध्य होती है। पनकी स्टेशन के अंतर्गत कई नए मार्केट, औद्योगिक संस्थान, नर्सिंग होम, मेडिकल सेंटर, विद्यालय एवं यूनिवर्सिटी, विद्युत थर्मल पावर तथा छोटे-बड़े कुटीर कारखाने होने के कारण अधिकाधिक व्यक्तियों का आवागमन रहता है लेकिन उक्त स्टेशन पर कई उपयोगी ट्रेनों का ठहराव न होने के कारण यात्रियों को कानपुर सेंट्रल आना पड़ता है जिससे यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। यदि गाड़ी नं. 14163/14164 संगम एक्सप्रेस एवं गाड़ी नं. 12307/12308 जोधपुर एक्सप्रेस एवं 12452 डाउन शूम शक्ति को पनकी स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित कर दिया जाये, तो यात्री सुगमता से अपने गंतव्य तक आ-जा सकते हैं एवं कानपुर सेंट्रल को जन दबाव से मुक्ति मिलेगी।

मेरे संसदीय क्षेत्र की कल्याणपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली अनवरगंज से मंधना तक की रेलवे लाइन व क्रॉसिंग की वजह से सीधे 60 लाख की आबादी प्रतिदिन बाधित होती है। रेलवे लाइन कानपुर नगर को दो भागों में विभाजित करती है। उत्तर और दक्षिण में इस रेलवे लाइन में अनवरगंज से मंधना तक 19 अधिकृत एवं 7-8 अनाधिकृत रेलवे क्रॉसिंग पर लगभग 24 घण्टे में 28 गाड़ियां चलती हैं और इसी रेलवे लाइन पर तीन से चार मालगाड़ियां भी चलती हैं। प्रातः 6.00 बजे से लेकर रात्रि 10.00 बजे तक लगभग 19 ट्रेनें चलती हैं। बार-बार क्रॉसिंग बंद होने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। जिले का एकमात्र कार्डियोलॉजी अस्पताल, लाला लाजपत राय अस्पताल, डफरिन, उर्सला, कैंसर इंस्टीट्यूट, जे.एल. रोहतगी नेत्र चिकित्सालय, सभी रेलवे क्रॉसिंग पार करने के बाद ही आते हैं। सभी प्रमुख संस्थान जैसे आई.आई.टी., पॉलिटेक्निक, सी.एस.जे.एम. यूनिवर्सिटी, दलहन अनुसंधान, एच.बी.टी.आई., आई.टी.आई., आर.टी.ओ. कार्यालय, जिला मुख्यालय, जिला सत्र न्यायालय, श्रम विभाग कार्यालय एवं सभी प्रमुख सरकारी कार्यालय एवं कई महाविद्यालय यह सभी कानपुर में रेलवे लाइन के उत्तर में इस पार हैं। आम जनमानस की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए अनवरगंज से मंधना के मध्य कोकाकोला चौराहा, गुमटी एवं कल्याणपुर रेलवे क्रॉसिंग तथा आई.आई.टी. रेलवे क्रॉसिंग पर आर.ओ.बी.(उपरिगामी सेतु) बनाये जाने की महती आवश्यकता है।

मोक्षदायिनी माँ गंगा के पावन तट पर अवस्थित बिठूर का अपना ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पौराणिक महत्व है जहाँ वर्ष भर विदेशी पर्यटकों सहित लाखों की संख्या में धर्मपरायण लोगों का निरंतर आना-जाना रहता है। उक्त स्थान पर पहुंचने के लिए यातायात की सुविधा न होने के कारण विदेशी पर्यटकों एवं समस्त श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके फलस्वरूप

इतने महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं धार्मिक केंद्र का न तो विकास हो पा रहा है और न ही यहाँ आने-जाने के लिए विदेशी पर्यटकों एवं धार्मिक गंगा भक्तों के लिए कोई व्यवस्था की गयी है। यदि मंधना से बिठूर रेलवे को पुनः चालू कर दिया जाये जोकि पूर्व में मीटरगेज होने के कारण बंद कर दी गयी थी, इसे ब्रॉडगेज कराकर चालू कर दिया जाये तो माँ गंगा के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सुगमता रहेगी एवं उक्त क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिल सकेगा।

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से कानपुर चलने वाली मेमो ट्रेन सं. 64235 व कानपुर से बाराबंकी चलने वाली मेमो ट्रेन संख्या 64236 का परिचालन फफूंद तक किया जाना जनहित में अत्यंत लाभकारी होगा, क्योंकि उक्त मेमो ट्रेन 64235 बाराबंकी से प्रातः 6.50 पर चलकर 10.10 पर कानपुर पहुंचती है इसके बाद यही मेमो 64236 कानपुर से सायं 5.50 पर चलती है एवं रात्रि 11.50 पर बाराबंकी पहँच जाती है। उक्त मेमो ट्रेन को लगभग 7 घंटे कानपुर में खड़ा कर दिया जाता है। इस समयावधि में उक्त मेमो का परिचालन फफूंद तक किया जा सकता है। उक्त मेमो ट्रेन के परिचालन से कानपुर नगर से कानपुर देहात एवं औरैया जनपद तक आने व जाने वाले किसानों, छात्रों, नौकरीपेशा, मजदूरों, व्यापारियों, वकीलों आदि को यात्रा में सुगमता होगी तथा परिचालन बढ़ाये जाने से रेलवे राजस्व में वृद्धि हो सकेगी।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली अनवरगंज से मंधना रेलवे लाइन का संचालन लखनऊ मंडल से होता आया है किंतु अब उक्त रेलवे लाइन का संचालन इज्जत नगर मंडल से किये जाने का अप्रत्याशित निर्णय लिया गया है जो जनहित में अनुचित प्रतीत होता है। उक्त खंड लखनऊ मंडल के समीप है जबकि इज्जत नगर मंडल से इसकी दूरी अधिक होने पर दुर्घटना की स्थिति में रेलवे द्वारा प्रायोजित सुरक्षा संसाधन के पहँचने में विलम्ब होगा तथा ट्रेनों के आवागमन हेतु हर स्थिति में कानपुर सेंट्रल से लाइन क्लियर का आदान-प्रदान हो जाता था जो कि इज्जत नगर मंडल से लाइन क्लियर होने पर विलंब होगा जिससे यात्रियों को यात्रा में असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। अतः जनहित में लखनऊ मंडल उक्त रेलवे लाइन के लिए उपयुक्त होगा।

उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में स्थित झींझक रेलवे स्टेशन सर्वाधिक जनसंख्या वाला नगर होने के कारण एवं कन्नौज, इटावा लोक सभा के समीप होने से नगर में एक दर्जन से अधिक बी.एड., बी.पी.एड., एग्रीकल्चर, आई.टी.आई. संस्थाएं संचालित हैं। इस नगर के अंतर्गत औद्योगिक इकाईयां स्थापित होने के कारण यात्रियों का आवागमन अधिक होता है किंतु 14218, 14164, 12427, 12419, 12420, 12179 एवं 12180 गाड़ियों के ठहराव न होने के कारण अत्यधिक असुविधा रहती है। उक्त गाड़ियों का ठहराव जनहित में सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन जैसे पनकी, घाटमपुर, सीढ़ी एटारा आदि में टिकट काउंटर बढ़ाया जाना अत्यावश्यक है। साथ ही एम.एस.टी. सुविधा के लिए अलग काउंटर खोले जाने की आवश्यकता है।

प्रतिवर्ष सर्दियों के समय कोहरे के कारण 2 से 3 माह के लिए चौरी-चौरा एक्सप्रेस, तूफान, लिच्छवी व जनता एक्सप्रेस गाड़ियों को निरस्त कर दिया जाता है जिससे मेरे निर्वाचन क्षेत्र के यात्रियों को काफी असुविधा होती है। इन गाड़ियों के 4 से 6 रैक होते हैं जबकि केवल 2-3 रैक को ही छोटे रूट में लगाया जाता है। यदि सभी रैक को आधे-आधे भागों के दो टुकड़ों में लगाया जाये तो यात्रियों को भी सुविधा मिल जाएगी।

SHRI ASHOK SHANKARRAO CHAVAN (NANDED): Mr. Chairman, Sir, I rise to express my views on the Railway Budget which has been presented by the Railway Minister.

We see a dream budget which has been presented to this House and much needs to be seen as to how the targets are going to be achieved. We shall indeed be happy if whatever announcements have been made in this Budget are achieved by the Railway Minister, since a lot has been talked about getting money through Public Private Partnership and getting money from corporate houses and public sector undertakings rather than depending on the budgetary allocation to the Railway Ministry. So, I would like to support the Railway Minister if this is achieved and I would definitely see whether, at the end of this financial year, the Railway Minister puts forth the achievements which have been made as he has announced in his budget here.

16.03 hrs (Shri K.H. Muniyappa *in the Chair*)

Sir, initially a lot of praise was showered upon the Government for not increasing passenger fares. But, as has been pointed out by a number of friends, you may recollect that only last year when the Government took over, there was a tremendous rise in passenger fares to the tune of 14.2 per cent and the freight had also been increased by 6.2 per cent. So, whatever has to be done this year, probably Mr. Gowda did it last year for both the years and therefore there is no need to say that passenger fares have not been increased. In fact, this had been done exactly a year before so that this year it need not be done.

We can all see that the Minister announced investments for more than Rs. 96,000 crore in 77 projects in this year's Railway Budget. One needs to examine where this money is going to go and which parts of the country this money is going to go. As we just see a large number of speakers who want to speak on the Railway Budget, each and every constituency in this country has some or the other demand. Of course, some have been getting plenty of money to their constituencies probably because the Railway Minister comes from their respective States. At the same time, the Railway Minister made an announcement in the House that there has been an understanding with the Life Insurance Corporation of India where a huge sum of money has been advanced to the Railways for completing his budgetary allocations. We are happy about that.

As I said, each and every Member is keen to understand here – cutting across the party lines I would like to express – whatever projects are taken up by the Government of India, by the Ministry of Railways, some justice should be done. It is because, he has not announced any new railways; he has not announced any new lines. The money which is going to come to you from the corporations, PPP projects, whatever you have announced, we need to see that every State gets its due share, every backward region gets its due share and the problem of backlog existing in several States is removed. That is what we expect from Mr. Prabhu.

Sir, the Railway Minister comes from the Konkan Region of Maharashtra. We were hopeful that Konkan area of Maharashtra which is considered to be backward, Marathwada, Vidarbha which are parts of Maharashtra, would get some more allocation, more consideration. As you may know, these parts of Maharashtra have always been demanding adequate allocation of funds. Tremendous backlog is there whether it is the State Government or the Government of India. Whenever these demands are not met, there is demand for a separate State. Within all the States, wherever you see, there is demand for creation of separate States because they are not getting adequate justice and they are not getting proper allocation of funds for completion of their various projects.

Today, in the Budget, we see that though there is no increase in the passenger fares, freight for cement, coal etc. has been raised by about 10 per cent. We talk about Make in India; we talk about creating infrastructure. We talked about providing free houses to the economically weaker sections. We talk about BSUP and several other schemes. Costs of various inputs like cement, steel are going to shoot up. On the one hand you may not increase the passenger fares, on the other hand if you are going to increase the price of cement or steel, this is definitely going to cost the exchequer and price of steel and cement is going to increase. The freights on these items have been hiked. This is contrary to the advice of the experts who want fares and not freight rates to be raised because it is less polluting to transport good through trains than by trucks on already congested roads of the country. So we see that heavy traffic is there on the roads. If there is such huge hike in the freight charges, definitely it is going to shift from rails to roads. If it is not going to be viable, all the manufacturers of different items whose prices have gone up are bound to shift to roads.

Sir, the Railway Minister has talked about joint venture with various State Governments. I would like to mention here that the State of Maharashtra has been pioneer in taking up the projects. In socially backward areas, Naxalite-affected areas, the State of Maharashtra has come forward. During the Congress regime, we offered almost 40 to 50 per cent participation in the various rail projects. But, if it is going to be generalised, if we talk about the railways being introduced only in the States where there is participation by the State Government, I am sorry to say that already the State Government is heavily pressed, heavily starved for funds, for the allocation of funds to various Departments within the State Government. The State plan is already under great stress because of the natural calamities and the Government of India is not supporting such causes. Wherever there has been scarcity, drought, heavy rains, all these natural calamities also require large sums of money which is really sometimes unknown. Unforeseen circumstances do arise where the State Government has to make some provisions and the State plan is definitely cut by 20 to 30 per cent. In this situation, can any State Government allocate fund from its resources for railways? Definitely, railways are the responsibility of the Union Government. So, I think, it should not be a matter of practice that every time a new line in the State has to be considered, we require a joint venture with the State Government. It is something which is not warranted. At the same time, you have asked for joint ventures or people talk about PPP or foreign investment. We are happy about that. But, today, with the situation as it exists in Railways, are we going to get response from the entrepreneurs? Are we going to get response from the PPP project holders?

Are we going to get response from corporate houses to invest in such huge projects when they themselves are struggling to keep their balance-sheet intact and to show profits? It is really difficult today. That is why, we are not foreseeing how Mr. Prabhu is going to get this money. We are hopeful he gets it. But we are definitely keen to see that whatever he has promised definitely comes through and every State to which he has committed gets the adequate share of the money which he is going to get through the different sources which he has announced.

Mr. Chairman, Sir, we have been talking about Mumbai. Everybody wants to come to Mumbai. Railway is the lifeline of Mumbai. If we see the local trains of Mumbai, they are already over-jammed and over-packed. What has Mumbai got? Mumbai's railway lines spread about 465 kilometres. Except for the announcement of MUTP-III, the Government has not specified any detail about the MUTP-III. We are yet to see what exactly Mumbai is going to benefit and how exactly the Government is going to go about with this MUTP-III.

Tourism is important for the entire country. In some States, the entire income is generated through tourism. It is becoming an increasingly important source of public revenue. The Railways could capitalise on this by offering tourists cost effective and innovative options which could generate more revenue for the Railways.

Mr. Chairman, Sir, I have talked about the regional imbalances. As far as these issues are concerned, as I have said, naturally throughout the country the railways' infrastructural facilities need to be augmented and strengthened. Railways play a vital role in the growth of the economic activity in any State or any region. Employment generation is one of the major achievements. Wherever railways have grown, employment generation has definitely been helpful. In Maharashtra and elsewhere in the country also, there is a feeling that a large number of unemployment is there in every State. I think once the Railways are able to make its presence felt in these States, there will be a large amount of employment which can be generated through various means.

Now land acquisition is also an issue. We have just recently passed the Bill. I hope the Government is able to make adequate provision for land acquisition because the new Act provides for higher compensation also. I hope the Government is able to provide higher land acquisition cost which has been envisaged through this Act.

We have heard the Railway Minister speaking in the House on several occasions about the accidents and we have all noticed that there have been a number of accidents throughout the country. A large number of lives and innocent children have been crushed under the railways because we have unmanned level crossings. I would urge upon the Railway Minister that all RoBs and RuBs should be given the highest priority within this Budget, wherever you get the money is immaterial, whether you have the budgetary allocations or not. I feel that whether it is the BOT model or on cost sharing basis or toll model, whatever model is acceptable to the Railways, which, I think, should not be a problem, all unmanned railway crossings should have a railway over bridge or under bridge, whatever is required, within a specific period of time because the number of accidents is on the increase, and I think this needs to be attended well on time.

We are happy that bullet trains have been announced in this country. We do not oppose it. But I would be more happy if the remote areas of the country are well connected. There, we require 20- 24 hours to reach the destination. Vidarbha is there. Marathwada is there. I have several friends from Konkan also. From Vidarbha and Marathwada we take around 12-15 hours to reach Mumbai. I feel we require more bullet trains in the rest of the country like Kolkata and Mumbai also. Maybe, politically they may not be important to some people but more than political importance, I feel bullet trains are required for far flung areas of the country where it takes more than 18-20 hours to reach the Capital or their respective headquarters. So, this should be definitely given the priority. The way the things are being discussed or being implemented, I think, this factor should be taken into account.

While more specifically mentioning about Maharashtra, in Maharashtra there are 20 on-going projects, five new lines, four gauge conversions and 11 doubling of the tracks costing around Rs.14,464 crore in the year 2014-15. I would like to bring it to the kind notice of Minister of State for Railways and to the Minister of Railways that work on these lines was started but could not proceed further because of want of funds. You have been kind enough that Ahmednagar-Beed-Parli Vaijnath line of Maharashtra has been given quite good provision this year.

Mr. Chairman, Sir, we are more interested about Wardha-Nanded via Yavatmal- Pusad line about which Ms. Bhavana Gawali has been talking. We all support this issue because this is linking Vidarbha and Marathwada together – two important regions of Maharashtra are being connected. The cost which was earlier conceptualized was Rs.697 crore and today it is Rs.2500 crore. I think all Members of Parliament from Shiv Sena, BJP and Congress are one on this issue. There is no question of any particular party being benefited from it. I would urge upon the Minister to give priority to this and see that at the time of allocation of funds we get more money for this project this year. I am hopeful that at the time of reply by the Minister, this line would be given proper funds.

Then, we have talked about doubling of tracks on Mudkhed-Parbhani junction in Marathwada. The section between Manmad to Secunderabad is a single line. Earlier it was a meter gauge line and got converted into broad gauge during the UPA regime. Doubling of this track is essential because more than 60-70 trains are plying on this track and because of single track there is a heavy congestion on this route. Doubling of track has already been sanctioned with a costing of around Rs.334 crore in 2014-15 but because of the poor allocation the work could not progress. I would urge upon the Minister to include Mudkhed-Parbhani project and give adequate funds with a target time of three years so that this line could be completed. At the same time, Bhusaval-Jalgaon project also needs to be expedited. This is hardly a distance of 24.13 kilometres. So, it may also be considered seriously. I am not giving a huge list of other lines but these are some of the important lines which need consideration.

I would like to mention a few more things before I conclude my speech. I would point out to the Minister that there are some proposals which do not require money at all. These are purely administrative issues which need to be taken up by the Ministry and simply administrative orders have to be passed. As has been mentioned by my friend from Telangana, Nanded Division should be attached to the Central Railway because almost 95 per cent of the stations in the area fall within this Division. At the moment, it is attached to the South-Central Railway; it should be attached with the Central Railway because the entire division covers only Maharashtra.

There are two small proposals. One is about the express train to Pune. As you all understand that everybody wants to go to Mumbai and Pune because we have a large educational hub in Pune and Mumbai is the financial capital of the country. We have trains which are plying twice or thrice a week. I only request that the train which goes to Pune may be run seven times a week and extended up to Mumbai so that Mumbai gets an express train. It would not put any pressure on your resources because the train is already there. It takes about 14 hours to cover the distance of around 611 kilometres.

These are some of the issues which I have mentioned. I hope that all these issues are taken into account and at least a time-bound programme with

some provision would be made so that these projects are completed in time.

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : धन्यवाद, सभापति महोदय, मैं रेलवे बजट के ऊपर अपने विचार प्रकट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं सबसे पहले सम्माननीय रेलवे मंत्री सुरेश प्रभु जी को और राज्य-मंत्री मनोज सिन्हा जी को धन्यवाद देता हूं कि भारतीय रेल में सुधार लाने की कोशिश इस बजट के माध्यम से उन्होंने की है। हमें भरोसा है कि उसमें वे सफल हो जाएंगे।

दुर्भाग्य की बात है कि हिन्दुस्तान में जो महत्वपूर्ण रेल है जिसे कोंकण रेलवे कहा जाता है,, उसको इस बजट में स्थान नहीं मिला। मैं नाराज तो जरूर हूं, पर मंत्री जी, मैं आपसे प्रार्थना करूंगा, सभापति जी के माध्यम से कि इस महत्वपूर्ण रेलवे पर ध्यान देकर कोंकण रेलवे में मेरी जो कुछ समस्याएं हैं, वे मैं अपनी स्पीच में रखूंगा, उनको गम्भीरता से उसी तरह देखें और उसमें न्याय देने की व्यवस्था करें।

कोंकण रेलवे आज के वक्त में एक सबसे बिजिएस्ट रेलवे ट्रैक हो चुका है। दिन में कम से कम 35-40 गाड़ियां उसके ऊपर चलती हैं, लेकिन वह यात्रियों की पसन्द है। सारे देश-विदेश के लोग वहां उस ट्रैक पर यात्रा करना पसन्द करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से आज भी इस ट्रेन में पूरी तरीके से गाड़ी नहीं चल सकती, क्योंकि, आज भी वह सिंगल लाइन का ट्रैक है। स्वर्गीय मधु दण्डवते जी के प्रयास से 18 वर्ष पहले कोंकण रेलवे का निर्माण हुआ, आज भगवान की कृपा से कोंकण के सुरेश प्रभु जी रेलवे मिनिस्टर हो चुके हैं और मनोज सिन्हा जी एक अच्छे मिनिस्टर हैं, जिनको लोगों की समस्या की पहचान है। ऐसे मिनिस्टर बनने के बाद हम चाहते हैं कि 18 वर्ष के बाद इस वर्ष फिर एक बार कोंकण रेलवे की डबलिंग का निर्माण शासन के माध्यम से होना चाहिए। 30-35 ट्रेन जिस मार्ग के ऊपर चलती हैं, वहां दस घंटे के लिए भी ज्यादा क्रासिंग होने की वजह से 12-15 घंटे उसके ऊपर गुजरना पड़ता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पिछले कई महीने से इस ट्रैक के ऊपर ताकत से भी ज्यादा से ट्रेन चलाये जाने के बाद भी गुड्स है, ट्रांसपोर्ट है, रोरो ट्रांसपोर्ट है, उसी वजह से ट्रैक की जो आयु है, उसमें वह पूरी तरह से नाकाम हुआ है और पिछले एक वर्ष में कोंकण रेलवे के ट्रैक्स के ऊपर पांच बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और पांच ट्रेन पटरी से नीचे खिसक गई हैं। वहां कई बार ट्रेन पटरी से खिसक जाती हैं और कई बार रेलवे के ऊपर भरोसा नहीं, तो मंत्री जी, आपको शायद मालूम नहीं होगा कि पिछले महीने में एक चलती हुई गाड़ी के ऊपर जे.सी.बी. गिर गई। यानि कोंकण रेलवे की सुरक्षा एक बहुत बड़ी गम्भीर समस्या हो चुकी है, इसीलिए कोंकण रेलवे में डबलिंग करने की मांग मैं अपनी स्पीच में करता हूं। उसके ऊपर आप गम्भीरता से ध्यान दें, ऐसी मेरी प्रार्थना है।

कोंकण रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा एक गम्भीर समस्या बन चुकी है। 6 महीने पहले वहां जब सुरक्षा कमीशन ने उस ट्रैक की सुरक्षा की जांच की, तब ऐसा मालूम हुआ कि अब इसके आगे इस लाइन के ऊपर गाड़ी 70 किलोमीटर के ऊपर प्रति घंटा चलाना आसान नहीं है। जिस ट्रैक के ऊपर 150 किलोमीटर की स्पीड मेनटेन करनी चाहिए, वहीं अब 70 किलोमीटर की गति से उस ट्रैक के ऊपर चलती है, यह एक बहुत गम्भीर मामला है। इसके लिए इस कोंकण रेलवे का एक सेफ्टी ऑडिट तुरन्त, जितना जल्दी से जल्दी हो, यह करने की मांग मैं मेरे इस भाषण में करता हूं।

नये रेल स्थानकों की जरूरत तो है ही। रायगढ़, रत्नागिरि, सिंधुदुर्ग और गोवा के बीच में कई ऐसी जगह हैं, वहां के लोगों की मांग है, जैसे चिपलून में असुरड़े नाम का गांव है, वहां रेल स्थानक मंजूर हो चुका था, लेकिन फंड नहीं होने की वजह से कम से कम आठ वर्ष हुए, वहां पर रेल स्थानक का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। चिपलूण में असुंडरे, राजापुर में एक सौंदल नामक गांव है, वहां पर भी रेलवे स्थानक बनाने की मंजूरी हो चुकी थी। सिंधुदुर्ग में बोर्डवे नाम का एक गांव है। वहां लोगों की कई वर्षों से मांग है कि वहां एक रेलवे स्थानक होना चाहिए।

सभापति महोदय, डबलिंग की बजाए अगर ये छोटे-छोटे रेलवे स्थानक बनाए जाएंगे और जहां फ्लैट एरिया मिलता है, अगर वहां तक भी रेलवे स्थानक निर्माण करने के माध्यम से डबलिंग की कोशिश होती है तो आज की जो परिस्थिति है, उसमें बेहतर सुधार हो जाएंगे। इसमें कोई मुसीबत नहीं है। इसके लिए लैंड तो एक्वायर हो चुकी है। उस वक्त कोंकण के लोगों ने खुद सरकार के पास अपनी-अपनी ज़मीन दी, क्योंकि लोग चाहते थे कि कोंकण रेलवे का निर्माण हो। आज भी सैंकड़ों लैंडलूजर्स ऐसे हैं, जिन्हें उसका मुआवज़ा नहीं मिला है, नौकरी नहीं मिली है। उन्हें कोई फैसिलिटी नहीं मिली है। लेकिन, फिर भी लोग कहते हैं कि इसका डबलिंग करें। कोंकण रेलवे के पास ज़मीन है, लेकिन डबलिंग का प्रावधान आज तक नहीं हुआ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से विनती करता हूं। मेरे सीनियर लीडर यहां बैठे हैं। उन्होंने विनती की कि हमें थोड़ा समय बढ़ा कर दीजिए।

महोदय, अब एफ.डी.आई. आने वाला है। एल.आई.सी. का इंवेस्टमेंट होने वाला है। यह केवल 7000-8000 करोड़ रुपये की बात है। यह कोई ज्यादा नहीं है। अगर मंत्री महोदय सोचें तो वे यहीं अपनी स्पीच में इसका अनाउसमेंट कर सकते हैं। आपको हमारे दक्षिण भारत के सारे लोगों की दुआ मिलेगी।

महोदय, वहां आर.ओ.बी. की बहुत गंभीर समस्या है। कई ज़गहों पर आर.ओ.बी. आधा बन चुके हैं और आधा ऐसे ही छोड़े जा चुके हैं। मैं उसे पूरा करने की मांग करता हूं। कोंकण में जहां-जहां आर.ओ.बी. हैं, उनके लिए आपको इस बजट में प्रावधान करना चाहिए।

महोदय, सबसे बड़ी चिंता की बात है कि कोंकण रेलवे एक स्वतंत्र बोर्ड है और उस बोर्ड के माध्यम से कोंकण रेलवे का प्रशासन किया जाता है। उसके ऊपर भारतीय रेल का कंट्रोल नहीं है। कोंकण रेलवे के अभी जो सी.एम.डी. हैं या अन्य अधिकारी हैं, वे कोंकण रेलवे के ऑपरेशन के बजाए एक हाउसिंग प्रोजेक्ट का निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। कोंकण रेलवे के सी.एम.डी. ने कोंकण रेलवे का मैंक्सिमम फंड एक हाउसिंग प्रोजेक्ट में इंवेस्ट किया है। इसके कारण आज तक एक इंच भी ज़मीन कोंकण रेलवे के पास नहीं आयी है। कोंकण रेलवे के किसी कर्मचारी को भी कोई घर नहीं मिला है। कोंकण रेलवे के सी.एम.डी. को आप चेतावनी दें कि आपका कोंकण रेलवे के ऑपरेशन का कार्य है, हाउसिंग प्रोजेक्ट का निर्माण करने की नहीं है।

मैं मांग करता हूं कि मेहरबानी करके कोंकण रेलवे के बोर्ड को बर्खास्त करके भारतीय रेल में कोंकण रेल की मर्ज़िंग करें।

* **SHRI B.S. YEDIYURAPPA (SHIMOGA) :** John F. Kennedy has said "The perfect time to repair the roof is when the sun is shining". Since 9 months India is shining on the fast track growth under the leadership and initiatives of Shri Modi ji. Hence, I call it as perfect timing to present such ideal rail budget.

The maiden, down -to-earth and simple railway budget presented by Union Minister Shri Suresh Prabhu has unlimited passenger-friendly measures. It is definitely focused and realistic and ultimate results may lead to self-sustainable Railways which was a nightmare till now.

The Rail Budget takes care of immediate needs and concerns of the people, as made out by a number of passenger-friendly measures such as 120 days window booking opportunity that will end the menance of touts; SMS alerts about the arrival and departure of trains; cleanliness in compartments; hygiene to toilets, both in coaches as well as in stations and many more.

I describe the budget as bold and visionary because the Minister for Railways has demonstrated his determination and vision to bring about a revolutionary and qualitative change in the Railway system, which was long overdue.

The decision to earmark significant quantum of funds to construct as many as 970 road under the bridge and road over the bridge throughout the country only highlights the concern of the government towards the safety of the travelling passengers as well as the common man.

Focus on goods trains will ensure speedy movement of food grains and other essential commodities, thus avoiding needless delay. Similarly, the

decision to initiate research and development to improve the system of Railways on constant and continuous basis is laudable, as it would bring in professionalism as well as reduce the costs.

There are proposal for adding number of coaches for many trains. My fervent suggestion at this point of time is to enhance the length of the platforms before adding. For example, currently my constituency Shivamogga is facing lot of hurdles because of such problem.

For the first time in the independent Indian history, a very reasonable budget has been presented to boost many industries. It's not just my opinion, most of the eminent corporate heads are also of the opinion that the budget is "well thought and balanced".

Main takeaways from this budget i.e. (a) concentrating on resource mobilization; (b) importance on gauge conversion ; (c) doubling and even tripling few routes; (d) promising on timely delivery of long pending projects; (e) focusing on improving the current system; (f) bringing transparency into the whole system; and g) focusing on Railways to continue to be the preferred mode of transport for our people are truly significant for the current scenario.

Indian Railways always had immense untapped potentials. It was on the Government's part to evaluate how to use it. This budget with the highest investment of Rs.8.5 lakh crore for the next 5 years, hon. Minister Shri Suresh Prabhu has shown courage to take a fresh path. His overall vision, clear road map for sustainable development of our rail infrastructure appears to be truly realistic, positive and progressive.

Post independence, Karnataka was the neglected state when it comes to railway connectivity. But there were many offerings in the railway budget during the regime of Shri Mallikarjuna Kharge and Shri D.V. Sadananada Gowda in the last two rail budgets to Karnataka.

Hence from the budget though the hopes were high with Karnataka having 17 BJP MPs and 4 Union Ministers in the Cabinet with the list of new trains and railway lines, we are not disappointed, because this budget is focusing on improving passenger amenities, completing ongoing projects and enhancing rail infrastructure.

This being the need of the day, Karnatka will definitely gain a lot with the availability of more funs on such pending projects. In the next 5 years the priority to improve the capacity of existing rail lines is most welcoming move.

Few experts from our state have expressed that : "A few more new trains would have only burdened the existing infrastructure. Instead the Minister has rightly chosen to focus on passenger amenities and completion of ongoing projects. Karnataka, which has poor rail density, would gain a lot with the availability of more funds to take up infrastructure works."

The sanction for gauge conversion of Mangaluru-Hubballi -Shivamogga-Talaguppa line at a cost of Rs. 57 crore, doubling of Yelahanka-Penukonda single line at Rs 870 crore and additional coach terminal at Byappanahalli at a cost of Rs.120 crore is definitely bigger gifts to our state. This will help to decongest the over burdened Bengaluru city and Yeshawanthpur railway station which has reached peak capacity.

The doubling of the 130 km Yelahanka-Penukonda line is a big boost, it is not only a high revenue yielding line in the state but also the shortest route connecting the state with north and west India destination like Mumbai, New Delhi, Jaipur.

Union Minister's request for contributions from MPLAD funds, corporates, NGOs, Charitable institutions and religious institutions is a welcoming move. At this juncture, I would like to recollect my initiative of contributing Rs.600 crore as our state's share in cost sharing for early completion of railway projects during my term as the Chief Minister . In fact, Karnataka was the first state to have come forward to contribute 50% of the railway project costs. I hope similar offerings will be done by few of the affordable states in the coming months.

The Rail budget is complementary to the Development Agenda set out by Hon. Prime Minister Shri Narendra Modi as it takes care of both the short-term and long-term needs. I once again congratulate hon. Railway Minister for presenting historic, people friendly and well laid down action plan budget and look forward for effective implementation of the same.

*SHRI R.K. BHARATHI MOHAN (MAYILADUTHURAI): Hon. Chairman Sir, Vanakkam. Hon. Union Minister of Railways Shri. Suresh Prabhu has presented the Rail Budget for the year 2015-16. I thank you for allowing me to take part in the discussion on Rail Budget.

I bow before our beloved leader Hon. Puratchithalaivi Amma before starting my speech. There were no announcements for new trains and new railway lines in the current rail budget. It is a matter of disappointment. When we make a comparison with the previous year, the plan outlay has been increased by 52% which comes to Rs. 1,00,011Crore. With the present plan outlay, I wholeheartedly believe that the demands for new trains and new railway lines for Tamil Nadu would be fulfilled in the near future. Under the head, Social Initiatives, infrastructure like railway stations and training centres would be made available for skill development of future recruits of Indian Railways. I urge that Hon. MPs should be engaged in identification of such trainees.

In order to ensure safety of women passengers, the number of Railway Police Force personnel will be increased in addition to effective use of modern technology. It is also announced that for decongestion of existing networks, fast tracking of sanctioned works for 7000 kms and commissioning of 1200 kms of new railway line at an investment of Rs.8,686 Crore. This includes commissioning of 800 km gauge conversion targeted during current fiscal. Expansion work would be carried out along with electrification of 9400 kms of railway line at a cost of Rs.96,182Crore.

There were no announcements in the rail budget of 2015-16 regarding new projects and the places where they would particularly be implemented. I hope that when such announcements are made in future the concerns and demands of Tamil Nadu for better rail connectivity would be taken care of. As demanded by Makkalin Muthalvar Hon. Puratchithalaivi Amma, I totally believe that 10 very important new projects and 22 pending projects which were announced during the presentation of earlier budgets, will also be executed.

Hon. Minister for Railways has declared that funds would be generated for Railways from external sources beyond budgetary grants. Hon. Puratchithalaivi Amma in the Vision 2023 document has particularly mentioned about implementation of rail projects with external funds and investments through foresighted vision. I strongly believe that some of the projects pertaining to Tamil Nadu, as mentioned in the Vision 2023 document, like (i) Chennai – Tuticorin dedicated freight corridor; (ii) Chennai – Madurai – Kanniyakumari high speed passenger rail link; and (iii) Coimbatore – Madurai high speed rail link will be implemented by the Ministry of Railways. Hon. Minister of Railways has also announced that 8.5 lakh Crore rupees would be generated for Railways during next five years from external sources beyond budgetary grants. This has given us rays of hope.

Mahamaham is the festival celebrated once in twelve years with traditional fervour. It will be celebrated in the year 2016 in the temple city of Kumbakonam. Since large number of pilgrims and devotees are expected to arrive in Kumbakonam for this grand event and to tackle growing needs of population explosion, the basic amenities at Kumbakonam railway station should be upgraded. All the three platforms at Kumbakonam railway station should be expanded so as to accommodate trains with at least 24 coaches. In line with the Yatri Niwas established by Hon. Puratchithalaivi Amma in Srirangam, an Yatri Niwas should be set up in Kumbakonam exclusively for the use of pilgrims and devotees visiting this place from different parts of the country. Tiruchirappalli-Villupuram passenger train should be operated via Mayiladuthurai. This is a long pending demand of the people living in and around my Mayiladuthurai parliamentary constituency. Similarly Tiruchirappalli-Tirunelveli Intercity Express should be extended up to Mayiladuthurai and Nagercoil on both sides and can be named as Mayiladuthurai-Nagercoil Intercity Express. Papanasam railway station generates an income of Rs.8 lakh per month and Aduthurai railway station generates an income of Rs 3 lakh per month. In view of high income generation by these two railway stations, 24-hour Computerized Reservation Centres should be set up in Papanasam and Aduthurai railway stations. Moreover Jan Shatabdi Express should have stoppages at Papanasam and Aduthurai railway stations. Rameswaram Express and Tiruchendur Express should also have stoppages at Papanasam and Aduthurai railway stations.

Gauge conversion work between Mayiladuthurai and Tharangambadi for a stretch of 29 kms has been kept pending for long. There is no new expenditure for land acquisition. Only expenses are related to route conversion. This train service should be made functional soon by expediting the project work. Moreover I urge that an extension of this railway line should be made up to Karaikkal of neighbouring Puduchchery Union territory with acquisition of land for general purpose.

Uzhavan Express train runs between Chennai and Thanjavur-the granary of Tamil Nadu, benefitting thousands of students, office-goers, businessmen and general public. This train should be extended up to Chidambaram. A new train service should also be introduced between Thanjavur and Chidambaram. "More utility; more revenue" is the mantra announced by Hon. Railway Minister in the current rail budget. Based on the observation of Hon. Railway Minister I hope that the Southern Railways would look into introduction of new train service on a constructive basis. I urge that the Mannai Express train should be upgraded with increased berth facilities and should be operated continuously via Thanjavur and Kumbakonam.

Rameswaram and Varanasi are two important pilgrim centres of the country. At present a train bearing No 14259/14260 is operated between Rameswaram and Varanasi only once in a week. I urge that this train should be operated daily. Moreover a ship service is being introduced between Rameswaram and Thalaimannar of Sri Lanka. Since this train service connects Varanasi, the parliamentary constituency of Hon. Prime Minister with Rameswaram and other important Hindu pilgrim centres and further connecting Thalaimannar of neighbouring country Sri Lanka through ship service, it should be run on daily basis.

The General Manager of Southern Railway had convened a meeting of MPs from Tamil Nadu at Tiruchirappalli. Hon. MPs submitted some of their demands pertaining to their parliamentary constituencies to the General Manager of Southern Railway during that meeting. But the General Manager had opined that with limited powers he is helpless as regards fulfilling the demands of MPs. I wish to bring to the notice of Hon. Railway Minister that in a given situation, as regards Railways, it is a matter of great concern as to how the MPs could fulfill the demands and expectations of the people of their respective constituencies.

As per the demands of Makkalin Muthalvar Hon. Puratchithailaivi Amma and the Government of Tamil Nadu, a new railway line in Mayiladuthurai-Thirukkadaiyur-Thirunallaru-Karaikkal route should be established with a view to benefit lakhs of pilgrims arriving from different parts of the country.

Thank you.

*__श्री राहुल कस्वां (चुरू):__ पहली बार सरकार ने अब तक का सबसे अनूठा रेल बजट पेश किया है। संसदीय इतिहास में शायद पहली बाद किसी रेल बजट में नई ट्रेनों की घोषणा नहीं की गई है। राजनीतिक हानि-लाभ को दरकिनार करते हुए भारत के साधारण यात्रा के हक को ध्यान में रखा गया है। मंत्री जी ने नई रेल गाड़ी चलाने का मानस त्याग कर वर्तमान रेलवे तंत्र को पुख्ता और मजबूत बनाते हुए उसमें गुणात्मक सुधार करने का प्रयास किया है। बजट में यात्री किराया में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की गयी है मगर मालभाड़े में तर्कसंगत वृद्धि की है। पिछले बीस वर्षों में विभिन्न साझा सरकारों के दौरान रेल मंत्रालय का जिस तरह से राजनीतिकरण हुआ, उसने सबसे बड़े रेलवे तंत्र को जर्जरता की स्थिति में पहुंचा दिया। प्रत्येक वर्ष नई रेलों की घोषणाएं थोक के भाव से रेल मंत्री कर जाते थे जबकि पिछली घोषणाओं पर अमल होता ही नहीं था और यदि होता भी था तो नाम मात्र का। इस रेल बजट की सबसे बड़ी खासियत है, रेल परियोजनाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता पर्याप्त धनराशि के साथ की गई है जो कि वर्ष 2015-16 के लिए लगभग 1 लाख करोड़ रूपए है। सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल बढ़ाने की योजनाएं हैं, कर्मचारियों को नवीनतम तकनीक से लैस करने, साफ-सफाई के लिए एक नया विभाग बनाने की बात कही है। रेलवे अनुसंधान संस्थान खोलने की घोषणा की गई है, चार माह पहले टिकट आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र में वर्षों से चल रही आमान परिवर्तन की रेल परियोजनाएं रतनगढ़-सरदारशहर के लिए 20 करोड़ रूपये, सूरतपुर-हनुमानगढ़ के लिए 100 करोड़ रूपए का बजट आवंटित किया गया है। चूरू-रींगस-जयपुर के आमान परिवर्तन के लिए 150 करोड़ रूपए का आवंटन किया है। इस कार्य के पूर्ण होने पर श्रीगंगानगर-जयपुर की जो गाड़ियां वर्षों से बंद हैं, को पुनः चालू किया जा सकेगा।

मेरी गृह तहसील के सादुलपुर स्टेशन के पूर्व साइड के सी.-142 रेल समपार पर रेल उपरि पुल की स्वीकृति प्रदान कर इस क्षेत्र की जनता को भारी राहत देने का कार्य किया है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। सरकार ने विभिन्न खण्डों पर रेल समपार को बंद कर रेल अण्डर ब्रिज का निर्माण करने का निर्णय लिया है, लेकिन इनकी डिजाइन सही नहीं होने के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इनके नीचे से बड़े वाहनों को निकालने में भारी परेशानी होती है। बरसात के समय इनमें पानी भर जाता है, जिससे घंटों तक यातायात बाधित रहता है, पानी की निकासी की पुख्ता व्यवस्था की जाए, जहां तक संभव हो इनका निर्माण सीधा किया जाए। ऊँचाई व चौड़ाई कम से कम 5 मीटर किया जाए जहां फिजिबल नहीं हो उन लोकेशन पर रेल अण्डर ब्रिज का निर्माण नहीं किया जाए। सादुलपुर-हनुमानगढ़ खण्ड पर सिधमुख रेलवे स्टेशन के यार्ड में सी. 80 पर रेल अधिकारी रेल अण्डर ब्रिज निर्माण का प्रयास कर रहे हैं। यहां रेल अण्डर ब्रिज बनाने पर आमादा है। इसे यथावत रखा जाए। रेलवे उन्हीं स्थानों पर रेल अण्डर ब्रिज का निर्माण कर रही है, जहां वर्तमान में समपार है। लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र में 20-20 कि.मी. तक कोई समपार नहीं है। एक गांव से दूसरे गांव जाने व अपने खेतों में जाने के लिए ग्रामीण जनता को अवैध रूप से रेल लाइन को पार करना पड़ रहा है। जहां कई बार बड़ी दुर्घटनाएं हो जाती है। ऐसे मार्गों पर भी रेल अण्डर ब्रिज का निर्माण किया जाए।

वर्तमान रेल नीति के तहत इन पर होन वाले व्यय का भार संबंधित राज्य सरकार या स्थानीय संस्थाओं को वहन करना हेता है। राज्य सरकार इन पर होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं है। नियमों में संशोधन करते हुए इन पर होने वाले व्यय का वहन रेलवे को करना चाहिए। यह मुद्दा रेलवे की सेफ्टी से जुड़ा हुआ है। सरकार आम आदमी के हित में कार्य करने पर कटिबद्ध है। यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण जनहित का मुद्दा है, इसे प्राथमिकता दी जाए। बजट में नई ट्रेन चलाने की घोषणा नहीं की गई है लेकिन रेल मंत्री जी इसकी समीक्षा कर रहे हैं। मेरे क्षेत्र के लिए नई गाड़ियां चलाना अत्यंत आवश्यक है। पिछले बजट में घोषित भगत की कोठी-कामाख्या 15623/ 15624 गाड़ी का संचालन अविलंब किया जाए, जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला गाड़ी संख्या 22481/22482 सप्ताह में दो दिन चलने वाली गाड़ी को प्रतिदिन करते हुए इसे हरिद्वार तक बढ़ाया जाए, बांद्रा-जम्मू तवी 19027/19028, हावड़ा-जैसलमेर 12371/12372, बांद्रा-हिसार 22915/ 22916 साप्ताहिक गाड़ियों के फेरे बढ़ाये जाए। ये अत्यंत ही महत्वपूर्ण गाड़ियां हैं। इनमें भारी भीड़ रहती है। बीकानेर-हरिद्वार 4735/4736, बाड़मेर-हावड़ा वाया रतनगढ़ नई गाड़ियों का संचालन किया जाये ये गाड़ियां इस क्षेत्र के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। सरदारशहर-हनुमानगढ़, सीकर-सालासर- बीदासर-नोखा, चुरू-तारागनर-नोहर, भिवानी-पिलानी-चुरू, सूरतगढ़-सरदारशहर-तारानगर-सादुलपुर, गजसिंहपुर-गोलूवाला-रावतसर-तारानगर-राजगढ़ नई रेल लाईन डालने का सर्वेक्षण किया गया है। ये रेल लाईन इस क्षेत्र के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इनकी स्वीकृति प्रदान कर कार्य चालू किया जाना अत्यंत आवश्यक है। हिसार-भादरा नई रेल लाईन का सर्वे करवाया जाये। इससे पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली, उ.प्र. इत्यादि प्रांतों से गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) के प्रसिद्ध लक्खी मेले में आने वाले यात्रियों को फायदा मिलेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के सादुलपुर-हनुमानगढ़ खण्ड पर भादरा- नोहर स्टेशनों के मध्य सरदारगढ़िया व सोती बड़ी पर हाल्ट स्टेशन कायम किया जाये। जोधपुर-हिसार पैसेंजर गाड़ी सं. 54823/54824 के स्थान पर डेमू ट्रेन का संचालन किया जा रहा है, ये बहुत लम्बा रेल मार्ग है, लोगों को बहुत परेशानी होती है। उक्त डेमू ट्रेन के संचालन से लोगों में भारी आक्रोश है, पूर्व की भांति पैसेंजर ट्रेन ही चालू की जाये।

SHRI FEROZE VARUN GANDHI (SULTANPUR): Sir, I would like to start by congratulating our hon. Railway Minister on the occasion of his maiden Budget. I hope that it is the first of many for him.

The Railway Budget presented days ago marks an important day in our calendar, not just because it presents the answer to the Budget but because it actually keeps alive a 90 year old tradition of a separate Indian Railway Budget. This is something that I did not know before. I was researching it. But the first stand alone Indian Railway Budget actually happened in 1924 when it constituted 85 per cent of the General Budget unlike now when it constitutes four per cent of the General Budget.

I do not need to describe the enormity and the importance of the Indian Railways. I just want to say that 23 million people a day travel on the Indian Railways, which is equivalent to the population of Australia and New Zealand put together.

One of the great aspects of this Budget is that it is an entirely de-politicized Budget, as I understand it. One of the aspects of our political calendar is that in some aspect or another, we always are confronted with elections in our country, sometimes zila parishad, panchayat elections, Vidhan Sabha and Lok Sabha elections. In some shape or form, all of us are at some point or another preparing for one election or another. So, there is sometimes a tendency in our financial statements to reach out to some form of electorates somewhere across the country, which is only a natural thing being a political worker. However, in this Budget, what I have found is that Shri Prabhu has prioritized fiscal prudence over political considerations and he has laid greater emphasis on project execution rather than grant standing.

About 99 new line projects worth Rs.60,000 crore were announced in the last ten years. Out of 99 new line projects, one was completed, a single one, which I find quite odd. I would like to share an experience with you. When I first became an MP last year from a seat called Pilibhit, one of the main demands of the constituency was to turn the metre gauge line into a broad gauge line. All five years of the last Budget, it was okayed. But the money that was given for the project was so miniscule because of the amounts of projects that were sanctioned that no company would touch it and, therefore, it did not become a reality. I am sure that many other Members have had the same experience.

One of the aspects of this Budget is that it has laid a lot of emphasis on safety and security. About 500 people a year die on the tracks itself. While a million deaths may be a statistics, a single death to any of us is a tragedy. I would like the state the fact that the Railways this time has allocated Rs.1,27,000 crore over the next five years on the issue of safety and security.

The greatest killer of men is unmanned railway crossings. They account for 60 per cent of all railway track deaths. This has been specifically

addressed. Over the next five years there will be no unmanned railway crossings. This is based on the reports of the Pitroda Committee and the Kakodkar Committee.

I think the greatest achievement of this budget is the creation of TRANSLOC which is the Transport Logistics Corporation of India created by the Ministry. This basically means that from a bulk carrier of commodities the Railways will slowly turn into an end-to-end logistics provider, as a result the Railways will become more competitive, and from the point of origin to the point of consumption it will actually ensure that anybody who manages to travel with them can get the best bang for the buck. It will also end in gaining back the freight that has been lost. Now it is only 40 per cent of the total freight in India but it can gain this back in the next five years.

Also additional PPP cooperation for end-to-end logistics management at select stations is a very welcome move. I think they are announcing two stations per State. I hope my Constituency is one of them.

One of the issues that the Prime Minister has dealt with is the Swachh Bharat Abhiyan and. Therefore, they have started a Swachh Railways Abhiyan which I think is very important. When former Minister Dinesh Trivediji was giving his Budget Speech I remember he had said that rail corrosion costs the Government around Rs.350 crore a year. It is a very sad thing, Sir, that the poorest amongst us have to resort to open defecation. The night soil on the railway tracks causes corrosion. They have given Rs.350 crore as the estimate of how much the Railways loses every year because of track corrosion. This time through the inclusion of 17,000 bio toilets addresses this issue. It also contributes to a cleaner and more hygienic eco system on the tracks and in the stations.

The waste-to-energy plants near coaching terminals will also add to energy generation. Mr. Prabhu himself has been both an Environment Minister and an Energy Minister. Therefore, there is a greater push for renewables in this budget. They are talking about generating 1,000 MW of solar power through solar plants to reduce fuel dependence. Also, it will save Rs.3,000 crore over the next three years through rationalisation in electricity purchases.

One of the things that the hon. Minister kept mentioning in his budget was the improvement of the passenger experience. It is a fact that all of us travel by the railways but it is not always the nicest experience. I think that this time there has been a 67 per cent increase in budget outlay towards this which is greatly appreciated.

One thing that has been discussed a lot in the media is the high speed networks. I think the most important thing is that if inter-metro journeys now become overnight 12-hour journeys, it will lead to a lot of saving of productive time and it is very convenient frankly. They will increase the speeds from 130 kms an hour to 200 kms an hour for passenger trains. More importantly for goods trains they are looking at increasing the speeds from 100 kms an hour, 75 kms an hour when loaded, to almost 30 to 40 kms more. What that will in fact do is that it will increase the attractiveness of the Railways for freight. It will also actually make the Railways competitive for freight which it is losing day by day.

My only question to the Rail Minister is that China, which has undertaken a huge high speed railway project, is actually losing 1.5 billion dollars a year on the high speed rail. Is it financially competitive? Is it something that India can afford as a relatively poor country? That is just a question on my mind.

What do the numbers speak? I think one of the important numbers in this budget is the Operating Ratio. The lower it is, the better it is for it. This time we have got the best Operating Ratio. It is defined as percentage of revenues which are spent as operating expenses.

So we have got the best operating ratio this time in two and a half decades which is 92.5 per cent. I think next year they are approaching an operating ratio of 86 per cent which is indeed very good. The plan outlay shows 52 per cent increase and investments growth 84 per cent increase across 77 new projects.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

SHRI FEROZE VARUN GANDHI : Sir, I will conclude in just two minutes. What it means is, it exhibits the resolve to improve rail infrastructure. They are now investing more not just in laying new tracks but in improving existing rail infrastructure. Lastly, the working expenses that are up by 9.6 per cent are also coupled with 15.3 per cent increase in Gross Traffic Receipts which shows an improved apex management despite higher lease charges and interest payments.

I just want to conclude by saying that when the Railway Budget was being produced, I saw a lot of editorials in newspapers etc. which were talking about things like privatization of Railway or breaking up this monolith into Eastern Railway, Konkan Railway etc. and that led to fear in my mind, both as a consumer and as a patriot that how will this go forward because there are 15 lakh people who at any one time can go on strike if their jobs are threatened. Also, I think rather than privatizing, rather than selling off the family silver, if we can just improve what we have, and create a vision in the future, which is what this Budget has sought to do, I think it is a step in the right direction. I would like to congratulate the Government for doing so.

SHRI MUTHAMSETTI SRINIVASA RAO (AVANTHI)(ANAKAPALLI): Sir, I thank you for giving me this opportunity. I rise to support the Railway Budget 2015 presented by the hon. Minister of Railways Shri Suresh Prabhu. While supporting it, I have a few issues to flag off for kind consideration of the hon. Minister. For the first time in the railway history, the Minister has not shown any partiality. In the past, the Ministers were concentrating only on the States from which they came. They used to corner the Railway Budget for their own State by neglecting other States. Now the present Minister has done away with that practice. I appreciate this step of the Minister.

I congratulate the Minister for giving top priority to the safety and security of the passengers. The Minister is also going to use the latest technology at the unmanned level crossings to reduce the number of accidents. I thank the Minister for this step. In a developing country like ours, the Railway

Ministry is giving top priority to the common railway passengers.

The hon. Minister of Railways had announced in his speech that four new Dedicated Freight Corridors would be developed in the coming years, but had not specified the routes on which these corridors would be set. I welcome this announcement and request the hon. Minister to include Andhra Pradesh in this project.

Now coming to Andhra Pradesh and South India, the injustice has always been done to Andhra Pradesh. To tell the truth, my State of Andhra Pradesh is deeply disappointed with the Budget. I must say injustice has been done to my State because the hon. Minister has neither sanctioned any new projects nor allocated funds to complete the pending projects. It is surprising that the hon. Minister has made no mention about the long pending demands from Andhra Pradesh except for an announcement on launch of work on third line between Kazipet and Vijayawada.

I congratulate the hon. Minster for inviting FDI into the railway projects. It is an innovative step. Regarding PPP mode, the Government of Andhra Pradesh has agreed to partner with Indian Railway for creating rail infrastructure under this mode. Guntur, Visakhapatnam, Rajahmundry, Vijayawada, Tirupati and Nellore are some important railway stations for commercial exploitation. The revenue generated from such commercial exploitation could be ploughed back for local area development.

I also welcome the Railway Minister's proposal to include stations like Anakapalli, Duvvada, Simhachalam and Pendurthy among the stations which are likely to be developed under the Railway Budget proposal to improve satellite stations.

I welcome the Budget proposal for repairs and revamp of railway quarters as it holds out hope for the railway employees who saw many of their quarters damaged by the cyclone Hudhud in Visakhapatnam.

In reply to a question on the establishment of Railway Zones in the Lok Sabha, the hon. Minister has given us some hope on the creation of a new railway zone in Andhra Pradesh. He said that the Committee had recently submitted its Report. The Minister has asked the Committee to consult the various stakeholders including Members of Parliament, State Governments, etc., before a final decision is taken. May I request the Railway Minister to expedite the process of consultation? This promise was made to us in the A.P. Reorganisation Act. I request the hon. Minister to add clarity on this response.

I request the hon. Minister for taking up doubling of lines from Guntakal to Guntur, Gooty to Dharmavaram and Guntur to Bibinagar. This is very essential for connecting Rayalaseema, the most backward region of A.P.

Recently, our State was formed without a Capital. We are going to have a new Capital between Vijayawada and Guntur. From there, we do not have any train facility to Delhi. So, recently, in the last Budget they had announced one train from Vijayawada to Delhi, the A.P. Express but because there is no coaching terminal for train they have not started the service. I request the hon. Minister to provide the coaching terminal near Vijayawada or Guntur since Vijayawada is one of the biggest junctions in the country and it has also become the capital of Andhra Pradesh, as a result of which the Railways will also get more income and you can start more trains from Vijayawada and Guntur.

The Chennai- Visakhapatnam line is to be converted from two-lane to three-lane. The Budget allocation for this is very less. It should be enhanced. One more important thing is that the majority of the gas produced in Andhra Pradesh is in the Krishna-Godavari basic. It is an important economic zone of A.P. It is not rail connected. Therefore, Narasapur-Kotipalli rail link should be taken up on a priority for completion which would enable faster development of this region.

The next point I would like to touch upon is tourism. Andhra Pradesh has a long coastline and scenic beauties like Araku and Padaneru. So, I request the hon. Minister to introduce a train with full glasses so that we can attract more tourists who would see the scenic beauties of the area and enjoy.

In our State, we have five to six ports. They are providing good economy not only for Andhra Pradesh but for the entire country. Some more new private ports are coming up. This is what Shri Nitin Gadkari told yesterday. I request the hon. Minister to provide rail connectivity to all the major ports of Andhra Pradesh. This will be useful not only for Andhra Pradesh but also to Chhattisgarh and Telangana because those States have no ports.

We are contributing a lot of revenue to the Indian Railways. I think, Waltair Division comes third in the country in terms of contribution to the Indian Railways. But injustice is being meted out to us. All the four divisions of Vijayawada, Guntur, Waltair and Guntakkal should be merged and a railway zone has to be announced with headquarters set up in Andhra Pradesh, not Hyderabad. I came to know that there is a South-Central Zone in Hyderabad. You are going to make two zones – one for Andhra Pradesh and another for Telangana – with zonal headquarters in Hyderabad. If you keep the zonal headquarters in Hyderabad, it will be of no use. You should please provide the new zone to Andhra Pradesh with headquarters in Waltair. For all these days, after Independence, Waltair Division has been in Odisha. So, all our income has gone to Odisha and our people have met with injustice. It is a sentimental issue, not only for our Telugu Desam Party but even for the BJP.

I first talked about the country and then State and now I will talk about my constituency. Please give me two minutes more. I come from a very backward, rural parliamentary constituency of Anakapalle in Visakhapatnam district. No new line has been sanctioned for my constituency. I would request the hon. Minister to at least start a survey for laying a new line between Tuni and Kothavalasa junction *via* Narasipatnam, Madugulla, Devarapalle to facilitate railway connectivity to the remote villages of my constituency which are inhabited by the tribals.

Anakapalle is the fastest growing town and a large number of organisations like SEZs, and educational institutions have come up in and around Anakapalle town. I would request the hon. Minister to provide a stoppage, on par with Visakhapatnam, for the Superfast Express at Anakapalle.

I would also request the hon. Minister to decentralise the entire system. In 1857 the first railway line was laid by the Britishers. Since then we are following the same system. If you want to have a small stoppage at one station, it comes to the Railway Board. Railway Board is located at Delhi and for one small transfer or recruitment we have to come to Delhi. It is a very big country and railway is playing a major role. I would request the hon. Minister to have transparency and decentralisation as both are very much essential at this juncture. I would request the hon. Minister to initiate necessary action to solve these problems as early as possible in the best interest of the people of Anakapalle constituency. Thank you.

* **SHRI JITENDRA CHAUDHARY (TRIPURA EAST) :** I am failed to appreciate the budget placed by hon. Railway Minister, because he has failed to divert the track of Indian Railway from the pro-corporate line pursued by this Government. Mr. Prabhu has not made announcements of lofty projects like his predecessors, but simultaneously bold commitment is missing to complete the ongoing projects within the stipulated time, except few cosmetic declaration of system improvement. Indian Railway is one of the longest Railway networks in the world, it is true, but it must be again measured in terms of our population, area and potentialities. If we look from that point of view we are still far behind to the other developing countries. We are inheriting this from the past and unfortunately Modi Government also does not have any progressive road map, except all rhetoric announcements. Indian Railway should have been planned in such a way keeping in view of our vast agrarian sector, industrial potential and diverse cultural distinctions of the country, which shall simultaneously nurture our economic growth and national integration.

We the people of North East feel discriminated and neglected. Though Railway's presence in the region was since Britisher's period but nothing significant development achieved during last 67 years except tokenism, which has yielded huge socio-economic imbalance. The little positive outlook of the successive Governments at the centre during last six and half decades could have changed the North East to a most advanced and richest part of the country, as the region is endowed with huge untaped natural resources.

However, though late the previous Government has been compelled to declare some projects to connect the state capitals, succumbing the popular mass struggle of the people of the region, particularly in Tripura led by Left Parties, DYFI, TYF, SFI, TSU and the people as whole. But unfortunately the construction works of those projects are going on so slowly, still far behind of their target, which is resulting in immense constraint both in passenger and goods movement.

As I belong to Tripura State, like to draw the kind attention of the hon. Railway Minister to the following ongoing and proposed projects. The gauge conversion work of Lumding to Agartala may be expedited. Necessary fund may be released and men and machinery may be mobilised for speedy completion of long awaited project. Agartala to Sabroom project be expedited, which has deferred its stipulated time of completion for two times. The work of Agartala-Akhaura project may be started further killing a single day, for which almost all ground preparation has been completed. The project shall connect Railway network of two countries, India and Bangladesh through Tripura.

Looking at the strategical and future importance, a Railway Division may be sanctioned for Tripura for which adequate land is available near the Agartala Station. Indian Government may initiate dialogue with the Bangladesh Government to connect the Chittagong Sea Port and Ashuganj River Port to connect the rest of the South Asian countries, which shall be beneficial for the entire sub-continent.

I hope hon. Railway Minister shall definitely pay heed the issues I have raised for the good of the entire country and very particularly to bring North East and Tripura to the development loop.

***श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर):** भारतीय रेल एवं स्वतंत्रता के बाद रेल बजट का लंबा इतिहास रहा है, किंतु माननीय रेल मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत यह रेल बजट जोकि इस सरकार का पहला ऐसा रेल बजट आने वाले समय में जब कभी भी भारतीय रेल का इतिहास लिखा जाएगा अथवा रेल के इतिहास की चर्चा की जाएगी तो 2015 का यह बजट रेलवे के विकसित रूप जिसकी कल्पना माननीय रेल मंत्री ने 2030 के अपने विजन डॉक्यूमेंट में की है, में एक मील के पत्थर के रूप में उल्लेखित किया जाएगा।

यह पहला रेल बजट है जिसमें रेल के भविष्य एवं इसके पुनरूद्धार को लोक-लुभावन एवं राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की अपेक्षा अधिक प्राथमिकता दी गई है।

भारतीय रेल को भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुख्य साधन के रूप में प्रतिस्थापित करने के लिए नये निवेश को आकर्षित करने की आवश्यकता है। लगातार दबाव झेल रहे रेल मार्गों एवं संसाधनों को पुनः सुदृढ़ करते हुए देश की भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना, वर्तमान में समय की मांग है रेलवे के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ीकरण करते हुए लाइनों को दोहरीकरण, तिहरीकरण व विद्युतीकरण की चुनौती को माननीय रेल मंत्री जी ने स्वीकार करते हुए योजनाबद्ध तरीके से इसे पूरा करने की कोशिश इस बजट के माध्यम से की है। रेल यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार करने के साथ-साथ रेल जो कि आज भी देश में जनसाधारण के यातायात का लोकप्रिय सुगम साधन है, को स्थिरता प्रदान करते हुए पारदर्शी तरीके से और अधिक सुदृढ़ एवं जनोपयोगी बनाने के इस प्रयास के लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ।

रेल के यात्री परिवहन क्षमता को 2.1 करोड़ प्रतिदिन से 3 करोड़ यात्री प्रतिदिन, रेल पटरियों में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने व माल परिवहन क्षमता में डेढ़ गुना वृद्धि करने का संकल्प अत्यंत सराहनीय तो है ही, साथ ही भारतीय रेल को आर्थिक रूप से स्थिर बनाने का कार्य भी करेगा। इसके लिए माननीय रेल मंत्री जी ने इस दिशा में अगले पांच वर्षों में 8,56,000 करोड़ ;पए का निवेश करने की योजना भी इस बजट के माध्यम से प्रदर्शित की है जोकि अत्यंत सराहनीय है।

युगदृष्टा माननीय प्रधानमंत्री जी के देश के पुनर्निर्माण के स्वप्न के अनुरूप रेल जोकि भारत को एकता के सूत्र में निबद्ध करने के लिए देश की धड़कन के रूप में काम करती है, को भी पुनर्निर्मित करने की दिशा में यह बजट निश्चित रूप से मील का पत्थर है। मैं इन शब्दों के साथ माननीय रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए बजट का समर्थन करता हूँ।

डॉ. अरुण कुमार (जहानाबाद) : महोदय, आपने मुझे वर्ष 2015-16 के रेल बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। यह रेल बजट रेल के इतिहास में निश्चित तौर पर एक अनूठा बजट है। कई वर्षों से रेल की दुर्दशा का मुख्य कारण यह रहा है कि बराबर जो बजट बनता है, वह राजनीतिक पार्टी अपने राजनीतिक उद्देश्यों को चिंतन के केंद्र में रख कर बनाती रही है। यह रेल बजट सम्पूर्ण देश की आवाम को सामने रखकर, रेल के भविष्य को सामने रखकर और संसाधनों को सामने रखकर पेश किया गया है इसलिए यह एक क्रांतिकारी कदम है। पिछले सदन में जब हम देख रहे थे, तब कई बार ऐसी स्थिति बनी कि घोषणाएं की जाती रहीं और घोषणाओं का अम्बार खड़ा हो गया, लेकिन हम देखते रह गए कि इन घोषणाओं को कब पूरा किया जाएगा। इस बार जो पूर्व घोषित योजनाएं हैं और उन योजनाओं में जो आवाम के हित में है, रेल के हित में है, उसे पूरा करने का संकल्प इस रेल बजट में दर्शाया गया है, निश्चित तौर से यह रेल के भविष्य को सुरक्षित करेगा और एक बेहतर यातायात के साधन के रूप में इसका प्रकटीकरण होगा।

महोदय, अभी तमिलनाडु के एक साथी कह रहे थे कि रामेश्वरम से बनारस रेल सेवा दी जाए। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि आज भी श्रीलंका से काफी लोग 'गया' जाते हैं।

17.00 hrs

रामेश्वरम से गया तक लोग बस से जाया करते हैं। इतनी लम्बी दूरी तय करते हैं। निश्चित रूप से ऐसे केन्द्रों के बीच, रामेश्वर से देवघर, देवघर से बैद्यनाथ धाम और बैद्यनाथ धाम से विश्वनाथ धाम को वाया गया जोड़ दिया जाए तो श्रद्धालुओं के बहुत सुविधाजनक होगा। एक लम्बित परियोजना - गया से क्यूल लाइन का दोहरीकरण और विद्युतीकरण, जो कलकत्ता और दिल्ली के बीच एक

बॉटलनेक था, सरकार ने इसे पूरा करने का संकल्प दोहराया है और बजटीय प्रबंधन भी किया है। इसलिए हम सभी सरकार को इस बात के लिए बधाई देना चाहेंगे कि आपने जितनी योजनाएं ली हैं और उसके साथ आपका जो संकल्प है, वह सब रेलवे के हित में है, आवाम के हित में है। अभी केरल के माननीय सदस्य श्री राजेश जी कह रहे थे कि बरेली और पालघाट की परियोजनाएं एक साथ शुरू हुई, बरेली की परियोजना पूरी होने वाली है, लेकिन पालघाट का काम अभी शुरू होने वाला भी नहीं है। इस तरीके का भेदभाव पिछले दिनों में होता रहा है और सिर्फ राजनीतिक उद्देश्यों को केन्द्र में रखकर ही योजनाएं बनाई गयीं। निश्चित तौर से विपक्ष के लोगों को इस बात के लिए इस सरकार, माननीय प्रधानमंत्री जी और रेलमंत्री जी को बधाई देना चाहिए कि सम्पूर्ण देश के मानचित्र को सामने रखकर जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर इस रेल बजट को बनाया गया है। जो सबसे बड़ा संकल्प इस सरकार का है, एनडीए की पिछली सरकार में भी फ्रेट कॉरीडोर की योजना को टेक-अप किया गया था। यह एक अत्यंत आवश्यक योजना है, मैं कहूंगा कि रेलवे के लिए यह प्राणवायु के समान है। यदि इस योजना को पूरा किया गया, जो संकल्प इस रेल बजट में दिखता है तो मैं कह सकता हूं कि रेलगाडियों की जो गति धीमी होती रही है, सेपरेट फ्रेट कॉरीडोर डेवलप होने पर पैसेंजर्स ट्रेन्स के लिए इतना स्पेस निर्मित हो जाएगा कि निश्चित रूप से हम नई गाड़ियों को चला सकते हैं और पुरानी गाड़ियों, जिनकी स्पीड कम होती जा रही है, लेट चल रही हैं, इन सारी समस्याओं का निदान हो सकता है। जिस तरीके से कोंकण रेलवे एक संकल्प के साथ पूरी हुई, उस समय के रेलमंत्री जॉर्ज फर्नांडीज का ड्रीम प्रोजेक्ट था, उसे यदि संकल्प के साथ पूरा किया जा सकता है तो माननीय सुरेश प्रभु और मनोज सिन्हा जी में भी हम वही संकल्प देख रहे हैं। आज भी भारतीय रेल एक सुरक्षित यातायात का साधन है। आज भी एक से सवा लाख लोग रोड एक्सीडेंट्स में प्रतिवर्ष मरते हैं तो निश्चित रूप से यह सबसे सुरक्षित साधन है। रेल में अनमैन्ड रेलवे क्रॉसिंग, आरओबी का प्रबंधन आदि के लिए इस सरकार ने जो संकल्प दोहराया है और सुरक्षा के अन्य प्रबन्ध किए हैं, ट्रांसपैरेंट व्यवस्था की है और डिसेंट्रलाइजेशन भी किया है। पहली बार जीएम को इतनी ताकत दी गयी है कि निश्चित तौर से हम रेल की गति को तेज कर सकते हैं। सरकार का यह संकल्प हमें उत्साहित कर रहा है, हमें यह विश्वास दिला रहा है और लोगों में भी विश्वास पैदा हुआ है कि निश्चित तौर से रेल भारत के ड्रीम को पूरा करेगा, लोगों के ड्रीम को पूरा करेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बजट का भरपूर समर्थन करता हूं।

***श्री ओम बिरला (कोटा):** रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु जी ने जो रेल बजट प्रस्तुत किया है, उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ। देश के लिए यह एक आदर्श रेल बजट है। भारतीय रेल बहुत ही कठिन दौर से गुजर रहा है और इन कठिनाईयों के बाद भी किस तरह से उत्साहवर्धक परिणाम हासिल किए जाते हैं वह इस बजट में दिखता है। रेलवे की लागत में बढ़ोतरी होने के बावजूद माल भाड़े और यात्री किराये में वृद्धि न करना अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे आम लोगों के साथ-साथ व्यापार और उद्योग जगत को भी राहत मिली है। सुरक्षा, रेल क्षमता में विस्तार एवं आधुनिकीकरण, सुखद व सुरक्षित यात्रा के साथ-साथ रेलवे को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने वाले बजट में लगभग सभी क्षेत्रों पर ध्यान दिया है। रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं निगरानी, संसाधनों की व्यवस्था तथा भूमि अधिग्रहण जैसे कार्यों के लिए राज्यों को भागीदार बनाने का प्रस्ताव रेल सेवाओं के विस्तार में सहायक होगा।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र कोटा में कोटा रेलवे स्टेशन, दिल्ली-मुम्बई रेल मार्ग का एक महत्वपूर्ण जंक्शन है। यहां पर प्रतिवर्ष दो लाख से अधिक छात्र देश के कोने-कोने से आई.आई.टी. व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं। इनमें से अधिकतर छात्र-छात्राओं व उनके परिजनों का यातायात का लगभग एकमात्र साधन रेलमार्ग ही है। इस स्टेशन में वर्ल्ड क्लास स्टेशन से संबंधित विभिन्न कार्य किए जाने थे। इनमें से अधिकांश कार्य अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं जिसके कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। देश-प्रदेश और मेरे निर्वाचन क्षेत्र कोटा की कुछ महत्वपूर्ण मांगे मैं आपके ध्यान में डालना चाहता हूँ जो विकास के लिए अति आवश्यक है। यदि इन सेवाओं को समय पर पूरा कर लिया जाता है तो हम क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर सकेंगे।

माननीय प्रभु जी का ध्यान भारतीय जनमानस एवं दर्शन से जुड़े विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि भारतीय संस्कृति में प्रत्येक हिंदू के जीवन का लक्ष्य चारधाम की यात्रा करना होता है। भारत की पवित्र देव भूमि में श्रवण कुमार जैसे आदर्श पुत्र ने अपने कंधे पर बुजुर्ग माता-पिता को चारधाम की यात्रा करवाई थी। हमें जनता जनार्दन ने बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराने के पुण्य में भागीदार बनने के लिए एक सुअवसर दिया है। रेल मंत्री जी आप इस कलयुग में आदर्श पुत्र श्रवण कुमार की भूमिका निभा सकते हैं। आप कृपा कर अविलंब भारतीय बुजुर्गों को चारधाम/ तीर्थस्थलों की निशुल्क यात्रा के लिए विशेष कार्ययोजना की घोषणा करें ताकि देश के सभी नागरिकों को जीवन में एक बार तीर्थयात्रा करने का सुअवसर प्राप्त हो सके।

कोटा शहर देश का आई.आई.टी. व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी का सबसे बड़ा केंद्र है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आई.आई.टी., एम्स व अन्य इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेजों में सलेक्ट होने वाला हर तीसरा छात्र कोटा में रहकर ही अपना अध्ययन करता है। सुदूर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी, असम से लेकर गुजरात के छात्र यहां अध्ययन करते हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने प्रवास के दौरान कोटा को लघु भारत की संज्ञा भी दी थी। देश के भावी इंजीनियर, डॉक्टरों का सपना पूरा करने वाले इस शहर में आने वाले छात्रों एवं उनके परिजनों का आवागमन का सबसे बड़ा माध्यम भारतीय रेल है। अतः मेरा निवेदन है कि उक्त छात्रों का रेल यात्रा के लिए विशेष रियायत प्रदान करने व तैयारी करने वाली छात्राओं-बेटियों को निशुल्क यात्रा पास प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाए तो वे अपनी शिक्षा को और बेहतर बना सकेंगी।

कोटा स्टेशन से चलने वाली निम्न ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाना अत्यंत आवश्यक है। DDN-KCVL S FAST (12288), CDG-KCVL S KRANTI (12218), ADI-PNBE AZIMABAD E (12947), JPERC EXP (12978), OKHA BSB EXP (19569), GIMB-KMQ EXP (15667), JP- PUNE (12940), BDTS-JP SUP F (12979), BBC-ASN PARASNATH (12941), N-MAO S KRANTI (12450), UDZ-SHM (19660), ALL-BGP (13424), JP-INDB S FAST (12974), PURI-JP EXP (18473), GARBA EXP (12937), ALL-KOLKATA (19608), KYQ-GIMB (15668), JP-CBE (12970), NZM-BDTS YUVA EXP (12248)

कोटा निजामुद्दीन 09807, मेवाड़ एक्सप्रेस 12964, इन्टरसिटी 12415, कोटा-जयपुर नागदा पैसेंजर 59801 में यात्री भार देखते हुए वातानुकूलित प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी शयनयान बढ़ाने की आवश्यकता है।

कोटा रेलवे स्टेशन पर बजट होटल बनाने की आवश्यकता है। ग्वालियर-श्योपुर छोटी लाइन से बड़ी लाइन करने तथा राजस्थान में दिगोद तक विस्तार किए जाने की आवश्यकता है। बूंदी को पर्यटन रेल सर्किट में जोड़ने की आवश्यकता है। नागदा से कोटा के बीच नई पैसेंजर ट्रेन चलाने की आवश्यकता है। झालावाड से जयपुर जन शताब्दी का विस्तार करने की आवश्यकता है। कोटा से कानपुर नई ट्रेन को साप्ताहिक से नियमित करने की आवश्यकता है। कोटा अजमेर रेलवे लाईन के लिए कोटा अजमेर वाया बूंदी को जंक्शन बनाने की आवश्यकता है। रेलवे स्टेशन रामगंजमंडी पर स्थित फुट ओवर ब्रिज का पूर्व दिशा की ओर विस्तार करवाया जाये, जिससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। डकनिया रेलवे स्टेशन से नागदा/उज्जैन/रतलाम की ओर यात्री गाड़ी का संचालन किया जाये, जिससे नई लाइन का लाभ मिल सके। रामगंजमण्डी स्टेशन से शहर में जाने हेतु दूसरी ओर का रास्ता भी खोला जाये, जिससे गाड़ियों के आवागमन के समय जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। रामगंजमण्डी स्टेशन पर अहमदाबाद-जम्मूतवी, हापा-जम्मूतवी, जामनगर-जम्मूतवी, इन्दौर-जोधपुर एवं जयपुर-पुणे द्विसाप्ताहिक ट्रेनों का स्थायी ठहराव किया जाये। डकनिया स्टेशन पर नया हाई लेवल प्लेटफॉर्म, जिसकी कोटा के डकनिया स्टेशन पर आवश्यकता है जिससे नई गाड़ियों के ठहराव हो सके। कोटा को पूर्वांचल से जोड़ने के लिए कोटा ट्रेन उपलब्ध नहीं है, जिसकी अति आवश्यकता है। कोटा से देहरादून के लिए चल रही देहरादून एक्सप्रेस अभी दो ट्रेनों 19019 व 19019ए कोचों को जोड़कर चलाई जाती है। यात्री भार को देखते हुए पूरी ट्रेन चलाई जाये। कोटा से निजामुद्दीन की ओर चलने वाली होलीडे एक्सप्रेस 09807 को अस्थायी रूप से चलाया जा रहा है,इसे स्थायी किया जाये। बारां रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म की लंबाई अपर्याप्त है, इसे समुचित लम्बाई का बनाये जाने की आवश्यकता है। पूर्व में सरकार द्वारा राजस्थान में एक रेल नीर प्लांट स्थापित किए जाने की घोषणा की थी। कोटा में पर्याप्त जल उपलब्धता होने के कारण यदि रेल नीर प्लांट कोटा में स्थापित किया जाना उचित होगा। प्रस्तावित डाड देवी, डकनिया रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। जिसके कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। बूंदी जिले के गामछ व लबान क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है।

कोटा जं. रेलवे स्टेशन पर मेमू (मल्टीपल इलेक्ट्रिक मेकेनिकल यूनिट) कार शेड स्थापित किया जाना बहुत जरूरी है। कोटा में मण्डाना के निकट राजस्थान का एक महत्वपूर्ण कंटेनर डिपो, शुष्क बंदरगाह संचालित हो रहा है जिसका विकास किया जाए, जिससे समूचे राजस्थान, मध्यप्रदेश व अन्य सीमावर्ती राज्यों को भी इसका लाभ मिल सके। कोटा मण्डल में लॉन्ड्री प्लांट स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। कोटा मण्डल में रेलवे द्वारा बनाए गए अण्डर ब्रिजों में पानी के निकास की एक बड़ी समस्या है। पर्याप्त पानी निकास प्रबंधन के कारण अण्डर पास के नीचे पानी भरा रहता है जिससे आवागमन प्रभावित होता है। ग्रामीण इलाके एक-दूसरे से कट जाते हैं। इस हेतु आवश्यक प्रबंधन किया जाना आवश्यक है।

""बी"" केटेगरी के बूंदी स्टेशन पर बड़ी संख्या में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेंटर व अन्य यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाना आवश्यक है। इसी प्रकार सवाई माधोपुर, इन्दरगढ़, लाखेरी, लबान, रामगंज मण्डी, के-पाटन, कापरेन, बारां आदि स्टेशनों का इनकी श्रेणी के अनुरूप आवश्यक यात्री सुविधाओं का विकास किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

माननीय प्रधानमंत्री जी के विचारों को आत्मसात करते हुए रेलमंत्री जी ने इस बार का बजट स्वच्छ एवं सुखद यात्री सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे को यात्री सुविधा प्रदान करने

के लिए प्रतिबद्ध बजट घोषित किया गया है। जिसमें हर वर्ग के रेल यात्री का सुविधाएँ उपलब्ध कराना, किसी भी असुविधा की दृष्टि में मोबाईल एस.एम.एस या हैल्पलाइन की सहायता से शिकायत दर्ज कराने जैसी सुविधाएँ प्रदान कर रेल सेवा को और जबावदेह, उत्तरदायी बनाने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं, इस बजट में सरकार ने पहले से चल रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का लक्ष्य रखा है न कि थोथी घोषणाएँ कर वाह-वाही लूटने का, जो कि भारतीय रेल के सुखद भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

माननीय रेलमंत्री जी को इस बजट के लिए मैं साधुवाद देता हूँ।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : सभापति जी, राजनैतिक भाषण होते रहते हैं। दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क भारतीय रेल है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और बेमिसाल देश है। यह बात सही है कि पक्ष और विपक्ष दोनों एक दूसरे को कोसने में लगे रहते हैं। पहले हमारी सरकार थी। उस समय आदरणीय लालू यादव रेल मंत्री थे। उन्होंने रेलवे को मुनाफे में ला दिया था। यह बात जग जाहिर रही कि वह मुनाफा कैसे हुआ, किराया बढ़ाकर हुआ या रेलवे की जमीन द्वारा हुआ या अन्य किसी कारण से हुआ, लेकिन इसमें हमें राजनीति नहीं करनी चाहिए।

बिहार और रेलवे एक दूसरे के पूरक हैं। बिहार में ललित नारायण मिश्र जी से लेकर लालू यादव जी तक कई रेल मंत्री रहे हैं। बिहार रेल के मामले में तीन हिस्सों में बंटा हुआ था। रेल मंत्री जी ने रेल बजट पेश करने के बाद अपनी पीठ खुद ही थपथपाई और कहा कि उन्होंने यात्री किराए में कोई वृद्धि नहीं की है। आश्चर्य की बात है कि जब आपने पिछले साल ही रेल यात्री किराया इतना बढ़ा दिया था, इस बार नहीं बढ़ाया तो इसमें पीठ थपथपाने लायक कोई बात नहीं है और न ही लोगों पर कोई कृपा की है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि आपने अभी किराया नहीं बढ़ाया, लेकिन आपने कृपा नहीं की है।

राजनीति से अलग हटकर मैं कहना चाहूंगा कि रेलवे में स्वच्छता और सुरक्षा की बात हमेशा होती रहती है। मुझे समझ में नहीं आता कि हिन्दुस्तान के इतिहास में गाड़ियां तो बढ़ती गई, लेकिन रेल ट्रैक नहीं बढ़े। बिना रेल ट्रैक बढ़ाए आप कैसे सुरक्षा की परिकल्पना कर सकते हैं। आपने कहा कि हम पांच साल की अवधि में साढ़े आठ लाख करोड़ रुपए का निवेश रेलवे में करेंगे यानि पौने दो लाख करोड़ रुपए प्रति वर्ष, लेकिन इसकी चर्चा आपने नहीं की कि यह पैसा कहां से आएगा। इस समय रेलवे की जो आमदनी है, उसका 90 प्रतिशत खर्च स्टाफ और गाड़ियों पर होता है। क्या सिर्फ दस प्रतिशत पैसे से पौने दो लाख करोड़ रुपया आप हर साल जुटा लेंगे? इसलिए मुझे तो कोई रास्ता नहीं नजर आता कि आप कैसे इतनी राशि पांच साल की अवधि में रेलवे में निवेश कर सकेंगे। यह बहुत बड़ी बात है, जिस पर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

दूसरी बात यह है कि चीन 20 साल के अंदर स्वसौल यानि भारतीय बॉर्डर तक रेल मार्ग बना चुका है। जबकि भारत की राजधानी दिल्ली से हरियाणा और उत्तर प्रदेश तक का काफी भाग रेल से अछूता है, बिहार, झारखंड, बंगाल आदि की बात तो दूर की बात है। बिहार के बंटवारे के बाद वहां रेल और भी महत्वपूर्ण हो गई है। बिहार राजगीर आदि ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जब तक इसे रेलमार्ग से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक बिहार की तरक्की नहीं हो सकती और वहां की इकोनॉमिक ग्रोथ नहीं बढ़ सकती।

आपने अपने रेल बजट में टिकट रिजर्वेशन का समय चार महीने कर दिया है यानि अब लोग 120 दिन पहले रेल टिकट बुक करा सकेंगे। जब यूपीए सरकार थी तो उस समय भी इसकी अवधि बढ़ाई गई थी, लेकिन हालात को देखकर उसे घटा दिया गया था। मेरी समझ में नहीं आता कि इस देश का गरीब व्यक्ति या मध्यम रोजगार वाला व्यक्ति, जिसे अपने काम से छुट्टी आसानी से नहीं मिलती और वह सोचता है कि कब छुट्टी मिलेगी, वह इतना पहले कैसे रेल टिकट रिजर्व करा सकता है? पूंजीपति लोगों को रिज़र्वेशन से कोई मतलब नहीं है, क्योंकि बिचौलिए और दलाल टाइप के लोग जो रेलवे में और हर विभाग में होते हैं, वे लोग...(व्यवधान) मैं वही बात बता रहा हूं कि होली-दीवाली की छुट्टी से कोई लेना-देना नहीं है। मैं मध्यवर्गीय लोगों के रोजगार की बात करना चाहता हूं। रोज़गार करने वालों को या नौकरीपेशा में हो या जहां हो, वहां छुट्टी का पता नहीं होता है, इसलिए रिजर्वेशन के मामले में जो छह महीने का मामला है, यह बहुत ही गलत है। इसका आप मूल्यांकन कीजिए और हिंदुस्तान की आत्मा मध्यवर्गीय नौकरीपेशा रोजगार करने वाले लोगों में है और वह बिहार, बंगाल, असम, केरल जो पूर्वांचल के लोग हैं, वे सबसे अधिक दूसरे राज्यों में जा कर काम करते हैं, मजदूरी करते हैं। इन पर आपको ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दूसरी चीज मालाभाडा आपने ज्यादा कर दिया है। मालाभाड़ा बढ़ाते समय सोचा कि यदि आप अत्यधिक भाड़ा देंगे तो उसका बोझ किसानों पर पड़ेगा। उसका बोझ खाद्य पदार्थों पर पड़ेगा। आप कभी यह चिंता करते हैं कि मालभाड़ा बढ़ने से किस पर बोझ पड़ता है। आप मालभाड़ा बढ़ा कर रेलवे को डेवलप करने की बात कहते हैं। इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन किसानों के लिए क्या उसमें रियायत होगी और आम लोगों के लिए क्या रियायत होगी क्योंकि सबसे ज्यादा बोझ आम लोगों पर पड़ेगा। इसकी चिंता

आपको करनी चाहिए।

दूसरी चीज, यह जो सबसे बड़ा मामला है आपने राज्य को शेयर किया है। निश्चित रूप से पहली बार आपने राज्य का परसेंटेज बढ़ाया है। इससे विकास के मामले में निश्चित रूप से गति आएगी लेकिन राज्य की स्थिति, डेवलप राज्य जैसे गुजरात है, जैसे हरियाणा है, महाराष्ट्र है वह निश्चित रूप से आपको शेयर दे कर अपने राज्य की तरक्की कर सकता है, लेकिन बिहार क्या करेगा, बंगाल क्या करेगा, असम क्या करेगा? क्या आपने कभी इस तरफ ध्यान दिया है कि बिहार जैसा राज्य जो अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने के लिए भी रोता हो, जो अपनी जीविका के लिए रोता हो, वह आपके रेलवे में कहां से शेयर कर पाएगा? क्या आपने कभी इस इनफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया है। यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है इसलिए मैंने आपका इस तरफ ध्यान आकृष्ट किया है कि डेवलप राज्य तो अपना शेयर दे सकता है, लेकिन बिहार जैसा पिछड़ा राज्य ऐसा नहीं कर सकता है, इसलिए आपको ऐसे राज्यों की तरफ विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

क्या हिंदुस्तान के इतिहास में चाहे दो सौ या चार सौ साल हो जाएं, ये तीन चीजें हिन्दुस्तान के इतिहास में बहुत जरूरी हैं। सुरक्षा, स्वच्छता और समय, ये तीन चीजें दुनिया का कोई भी रेलवे मिनिस्टर आ जाए, मुझे नहीं लगता कि रेलवे में इन तीनों चीजों को लागू कर सकता है। अभी चर्चा हुई कि एक मंत्री जी ने चार बार चेन पुलिंग करवा ली। जिसके कारण एक विद्यार्थी एग्जाम नहीं दे पाया। एक बात मुझे समझ नहीं आती है कि हिंदुस्तान के इतिहास में रेलवे का टाइमिंग सही हो और बगैर ट्रेक के हो, आप यदि मनोज जी, हिंदुस्तान में यदि कोई चीज कर सकते हैं तो आप सब काम छोड़ कर रेलवे के ट्रैक और टाइम सुरक्षा और उसकी स्वच्छता पर ध्यान देने का काम करें।

17.12 hrs (Hon. Deputy-Speaker *in the Chair*)

मैं एक बात कहना चाहता हूं नरेन्द्र भाई मोदी नौजवान और गरीबों की बात ले कर आए हैं। आप अच्छा बोलते हैं, दुनिया में लेकिन आपका संदेश गलत जा रहा है। संदेश जा रहा है कि जो सरकार आई है, वह बड़े लोगों की, पूंजीपतियों की और खास लोगों की है। अगर यदि एक बार आपके बारे में यह भावना बन जाएगी, तो यह बहुत ही कष्टदायक होगा। हम आपसे आग्रह कर रहे हैं कि आप रेलवे को भारत की आत्मा के साथ डेवलप करें इसके लिए प्रयास किए हैं, इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। जो सही है, उसे झुठलाया नहीं जा सकता है। लेकिन एक आग्रह आपसे करूंगा कि जिन बातों को आप अभी लाए हैं, छात्र जो एग्जाम देने जाता है, उनके लिए अलग बोगी और जो बिहार या इस इलाके से मजदूर जाता है, उसके लिए अलग बोगी की व्यवस्था करने का काम करें, ताकि सही ढंग से रिजर्वेशन हो सके और यदि साधारण टिकट पर यात्रा करे तो उन्हें सीट मिल सके, यह मैं आपसे आग्रह करूंगा।

श्री संजय धोत्रे (अकोला) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं साइंटिफिक और संपूर्ण विकास की ओर ले जाने वाले रेल बजट का समर्थन करता हूं। अभी तक हमने देखा है कि रेल बजट में कभी पूरे न होने वाले वायदे किए गए थे जिनके पूरे होने की उम्मीद नहीं रहती थी। इनमें न्यू लाइन, डबलिंग, ट्रिपलिंग, गेज़ कन्वर्जन, सर्वे इत्यादि को सम्मिलित किया जाता था। इनमें जो प्रोजैक्ट बनाए जाते थे, वह किसी प्रांत, क्षेत्र या व्यक्ति विशेष को ध्यान में रखकर बनाए जाते थे। 'सबका साथ, सबका विकास' माननीय प्रधानमंत्री जी का नारा है। मैं माननीय मंत्री जी का रेल बजट पेश करने के लिए अभिनंदन करता हूं। वह महाराष्ट्र से हैं। अभी माननीय सदस्य प्रह्लाद जोशी जी ने कहा था कि जो भी रेल मंत्री आता था, वह अपने क्षेत्र का ध्यान रखता था लेकिन मंत्री जी ने महाराष्ट्र के होने के बावजूद भी सारे देश के साथ न्याय किया है और सबका ख्याल रखा है। महाराष्ट्र को महा राष्ट्र क्यों कहा जाता है, इसका उन्होंने प्रमाण दिया है और मैं इसके लिए माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं।

महोदय, इस बजट में यात्री सुविधा, सुरक्षा, प्रलंबित परियोजना और सभी ट्रेनों की गति दस से तीस किलोमीटर तक बढ़ाना एक क्रांतिकारी कदम है। अभी तक लोक लुभावने वादे किए जाते थे जिससे कुछ समय के लिए हमें और जनता को खुशी मिल जाती थी लेकिन अंततः निराशा हाथ में लगती थी। अभी तक के बजट पेन किलर जैसे थे क्योंकि कुछ समय अच्छा लगता था लेकिन बीमारी पूरी तरह से ठीक नहीं होती थी। मैं किसान हूं और मैं पूरी तरह जानता हूं कि जब तक पेड़-पौधों को उचित मात्रा में जल, खाद नहीं देंगे, रखरखाव ठीक तरह से नहीं करेंगे तब तक अच्छी फसल नहीं मिल सकती है। इस बजट में, रेलवे सक्षम कैसे हो, मजबूत कैसे बने, उसके लिए कई कदम उठाये गये हैं, मैं उनकी सराहना करता हूँ।

HON. DEPUTY SPEAKER: Please come to your constituency problems.

श्री संजय धोत्रे: मेरा निवेदन है कि कोई भी परियोजना बनाते समय पहली प्रायरिटी रेलवे का हित होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर एक ऐसा मैकेनिज्म हो, जिसमें इकोनॉमिक फ़िज़ीबिलिटी और क्षेत्र के सोशल इम्पैक्ट को ध्यान में रखा जाए और उसमें मानवीय हस्तक्षेप बिल्कुल न हो। जिस तरह से हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना शुरू की थी, उसी तरह से रेलवे ज़ोन्स को एफिसिएंट बनाने के लिए एक मैकेनिज्म बने। जिस प्रकार से जनरल बजट में राज्य सरकारों का हिस्सा 10 पर्सेंट बढ़ा दिया गया है, उसी तरह से ज़ोन या डिवीज़न के प्रोफिट का 50 पर्सेंट उस जोन या डिवीज़न को उसके डेवलपमेंट के लिए देना चाहिए। नयी ट्रेनें शुरू करते समय पूरा सर्वे होना चाहिए। जहाँ रेलवे का राजस्व बढ़ेगा, वहीं डबलिंग और ट्रिपलिंग होना चाहिए। बड़े स्टेशनों का बोझ कम करने के लिए थ्री टियर स्टेशन के पीट लाइन और टर्मिनस की सुविधा बढ़ायी जाए। लांग रूट की ट्रेनों को अवेलेबल शॉर्टेस्ट रूट पर चलाया जाए। यह मेरे क्षेत्र की बात नहीं, बल्कि पूरे इंडियन रेलवे की बात है।

HON. DEPUTY SPEAKER: Hon. Member, please come to the point.

SHRI SANJAY DHOTRE: Sir, please give me two more minutes to speak.

एक पचास साल पुराना काचीगुडा स्टेशन है, जो हैदराबाद में है, वहां से 1450 किलोमीटर की एक मीटर गेज़ लाइन थी, उसका गेज कंवर्जन, हैदराबाद से अकोला और जयपुर से रतलाम तक हुआ, बीच में रतलाम से अकोला के लिए गेज कंवर्जन की मंजूरी वर्ष 2008 के बजट में मिली, क्योंकि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण लाइन है। लेकिन रतलाम-खंडवा का काम करीब 70 पर्सेंट पूरा हुआ। वर्ष 2011 में अकोला-खंडवा, जिसका एक सैक्शन है अकोला अकोट, उसके टेंडर निकले थे। टेंडर फाइनल भी हुए थे, लेकिन वह काम अभी तक नहीं हुआ है। अभी ऐसा बताया जाता है कि उसमें एक फॉरेस्ट ज़ोन आता है। मेरा कहना है कि राजस्थान, तेलंगाना और पूरे नॉर्थ-साउथ का जो कनेक्शन है, जो दूरी 1450 किलोमीटर थी, वह अभी 1700-1800 किलोमीटर हो गयी है। इससे साऊथ के सभी राज्यों का और विशेष रूप से राजस्थान का फायदा होने वाला है तथा इंदौर का भी फायदा होने वाला है।

HON. DEPUTY SPEAKER: The next speaker is Shri Mullappally Ramchandran. Please mention your points very briefly.

श्री संजय धोत्रे: मैं मांग करता हूँ कि अंग्रेजों के ज़माने की यवतमाल-मुर्तज़ापुर और अचलपुर एक लाइन थी, जो नैरो गेज़ लाइन थी, उस पर एक शकुंतला एक्सप्रेस नाम की ट्रेन चलती थी, उस लाइन का गेज कंवर्जन किया जाए और उसे बैतूल तक बढ़ाया जाए। हमारे रेलवे मंत्री जी सी.ए. हैं और एम.ओ.एस. टैक्नोक्रेट हैं, तो अभी प्लानिंग और मैनेजमेंट टैक्नोलॉजी से हमारी रेलवे अच्छी तरह से आगे बढ़ेगी। धन्यवाद।

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN (VADAKARA): Sir, I may be given 10 minutes.

Respected Deputy-Speaker, Sir, I thank you for this opportunity of participating in the discussion on the Railway Budget 2015-2016.

The Railway Budget, as many of the distinguished Members have stated, seems to be a vision statement of the hon. Minister. The Indian Railways, which is the largest public utility service, is also one of the largest Railway networks in the world, which is now faced with acute financial crisis. The hon. Minister has already acknowledged this issue and flagged several options to raise funds including borrowing from the World Bank, other multilateral institutions and pension funds. This morning also the Minister had stated that he has decided to take more than Rs. 1 lakh crore from the Life Insurance Corporation of India.

The Minister has not increased the passenger fare, and I congratulate him, but the Interim Budget presented by his predecessor had already done the job. The present Budget seeks to increase the freight charges considerably. It is well-known that the hike in freight charges will have a cascading effect on the prices of commodities like coal, fertilizer, cement, iron ore, food grains, etc., which are mostly transported by train. Therefore, by and large, people are definitely going to be badly hit by the hike in freight charges.

I come from the State of Kerala, which is a consumer State. Everything, all the essential commodities, has to reach the State of Kerala from across the border, that too by train. Therefore, due to this freight hike, Kerala is the worst affected State in the entire country.

I do not want to delve deep into the important issues of the Budget as many of the distinguished friends have already stated that. I will confine myself to railway development in my State alone.

The State of Kerala has been given a raw deal in this Budget also. The long-pending demand for a Peninsular Railway Zone comprising Thiruvananthapuram, Palakkad and Konkan has been overlooked this time also. Unless the Peninsular Railway Zone is established, the overall development of Kerala will remain a mirage.

Doubling of rail track and electrification of railway lines are two most important areas that deserve special attention. It is extremely sad to note that a meagre sum of Rs. 4.5 crore has been allocated for doubling of line between Calicut and Mangalore. I earnestly appeal to the hon. Minister to allocate adequate funds for this project.

Completion of electrification of Shoranur-Mangalore line needs to be expedited. Most of the north bound trains from Kerala are running along the Konkan route and the track between Shoranur and Mangalore assumes greater importance. The hon. Cabinet Minister hails from the Konkan region and he knows about the heavy traffic along the Konkan route. If we think about the future development of railways, we cannot overlook the need to double the Konkan line. I would urge upon the hon. Minister to pay urgent attention to the doubling of Konkan line.

Sir, ever since the British period, it has been a long-pending demand of the people of Kerala to have a railway line from Mysore to Tellichery. The British had conducted several surveys and they had underlined the need for such a railway line, both from the commercial as well as strategic points of view. Such a railway line will considerably reduce the distance from Kerala to all the northern Indian States.

The late Railway Minister, Shri Lal Bahadur Shastri, himself had undertaken road journey from Mysore to Tellichery and he was fully convinced of the paramount importance of such a railway line. While addressing a public rally at Tellichery, he promised that the people of Kerala will be getting such a line. Since 1984, I have been trying to highlight the importance of Tellichery-Mysore railway line on the floor of this august House. At my instance, three surveys have been conducted by the Railways, but no progress is seen yet. I had even submitted proposals that would involve no interference with environment and ecology while ensuring minimum cost. This proposed line will stretch only 130 kilometres from Tellichery to Mysore. The State Governments of Kerala and Karnataka would be happy and willing to participate jointly in such a venture because this line is instrumental in the overall development of Karnataka and Kerala.

The proposed Kannur Airport is to be commissioned in the year 2016. It is going to be a landmark in the all-round development of the Malabar region. Therefore, I would request that a railway line, which has been suggested by the State Government, up to the airport is to be taken up urgently.

During the last interim Budget, the then Railway Minister has identified some of the railway stations across the country for setting up of cold-storage facilities for preserving vegetables, fruits, etc. The headquarters of my constituency, Badagara has been earmarked as one of the stations. But nothing has been done. I call upon the hon. Minister to expedite and complete the work as soon as possible.

Sir, Tellichery and Badagara are two important 'A' class railway stations along Shoranur-Mangalore route, and these two stations fetch huge revenue to the Railways by way of passenger and goods traffic. Any study would show this. As part of modernisation and improving amenities at these stations, I suggest more funds to be allocated for these two stations.

Tellichery, Badagara, Mahe and Quilandy have been declared as 'Aadarsh' Railway Stations by the previous Ministers. However, passenger amenities including new reservation counters need to be provided at these stations.

Quilandy Railway Station was built during the British period and it is an important station since then. It is unfortunate that the station is in a most dilapidated condition and the proposed reconstruction of this station may be commenced at the earliest.

The long pending demand to have the stoppages of the Kannur-Ernakulam Intercity, Netravathi Express, the West Coast Express and the Mangalore-Pondicherry Express may be allowed at Quilandy station. Recently, a new bi-weekly train has been introduced from Nizamuddin to Thiruvananthapuram. I would request that stoppage may be allowed for this train at Badagara and Tellichery.

The Railway stations like Jagannath Temple Gate, Mukkali, Nadapuram Road, Iringal, Payyoli, Thikkodi, Vellarakad and Chemancheri need passenger amenities and it is my request that the same may be considered favourably. I wish to place it on record that I have already allocated an amount to the tune of Rs.1 crore to the Railways for the expansion of the platform at Mukkali Railway Station and a sub-way at Onchiyam. I am still happy to allocate more funds for passenger amenities in my constituency. My only request to the hon. Minister is that the work for the allocated amount should be completed on time. I say this with special reference to my railway station, that is, Mukkali Railway Station which was allocated Rs.40 lakh three years back but the work is yet to be completed.

Servicing of trains between Mangalore and Shornur is a major issue and a 24 coach pit-line needs to be set up at Calicut or Kannur for servicing the trains. Thousands of Keralites are living and hundreds of students from Malabar area are studying in the cyber city of Bengaluru, Mumbai, Chennai, Goa etc. I suggest that the following trains may be added or extended or introduced:

1. Kannur-Yeshwantpur Express should be extended to Calicut.
2. Mumbai-Mangalore Matsygandha Express should be extended to Calicut.
3. Chennai-Madgaon-Chennai via Shornur/Mangalore should be introduced.
4. Madgaon-Velankanni-Madgaon should be introduced.
5. Calicut-Goa-Calicut Shatabdi should be introduced.
6. Mangalore-Chennai Super fast Express should be introduced.
7. Mangalore-Howrah-Mangalore Express *via* Shornur should be introduced.

With these words, I thank you very much for having given me this opportunity.

***श्री संजय हरिभाऊ जाधव (परभणी):** नांदेड़-पुणे रेल सप्ताह में एक दिन चलायी जाती है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए रोजना (प्रत्येक दिन) उक्त गाड़ी चलायी जाए।

नांदेड़, परभणी दो जिलों में से कम से कम 200 डीलक्स बसें चलती हैं। यह सब देखते हुए लोगों के दिल में शक पैदा होता है कि रेलवे के अधिकारियों की डीलक्स बसों के मालिकों से सांठ-गांठ है। यदि रेलवे उक्त मार्ग पर नांदेड़-पुणे रेल प्रत्येक दिन चलायी जाए तो रेल के यात्रियों को बैठने की जगह नहीं मिलेगी। इसलिए उक्त मार्ग पर रेल प्रत्येक दिन शुरू की जाए।

नांदेड़-मुम्बई रेलवे मार्ग पर चलने वाली रेल देवगिरी एक्सप्रेस गाड़ी सिकन्दराबाद-मुम्बई, नांदेड़ में अधिक भीड़ होने के कारण यात्रियों को गाड़ी में जगह नहीं मिलती है। इसके कारण एक अतिरिक्त ट्रेन चलाने (नांदेड़-मुम्बई) की अत्यंत आवश्यकता है।

नागपुर-मुम्बई (नंदीग्राम) एक्सप्रेस नागपुर से नांदेड़ तक खाली आती है और वापसी में भी खाली रहती है। इसके स्थान पर नागपुर से नांदेड़ और नांदेड़ से नागपुर बंद करके नांदेड़-मुम्बई शुरू की जाए।

लातूर-मुम्बई यह गाड़ी पूर्व में नांदेड़ से चलायी जाती थी लेकिन इसको अचानक बंद कर दिया गया। उक्त गाड़ी को पूर्ववत् नांदेड़ से मुम्बई शुरू किया जाए।

मुदखेड़-परभणी रेलवे मार्ग का दोहरीकरण की मंजूरी दी जा चुकी है लेकिन वित की कमी के कारण कार्य शुरू नहीं किया गया है। शीघ्र उक्त मार्ग के दोहरीकरण हेतु वित आवंटित किया जाये जिससे कार्य शुरू हो सके।

सेलु रेलवे स्टेशन को "बी" दर्जा दिया जाये। उक्त स्टेशन से प्रतिवर्ष मिलने वाली आय में लगातार कई वर्षों से बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए इस रेलवे स्टेशन को "बी" श्रेणी में शामिल किया जाए।

अकोला-खण्डवा मार्ग वर्तमान में मीटरगेज है। इस मार्ग को ब्रॉडगेज में परिवर्तित किया जाये जिससे नांदेड़ से दिल्ली जाने वाले यात्रियों का 8 घंटे के समय की बचत होगी।

राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को दिये जाने वाला रियायती सुविधा प्राप्त करने हेतु प्रत्येक जिला स्तर के रेलवे स्टेशनों पर सुविधा प्रदान की जाए।

श्री सी.आर. पाटील (नवसारी) : महोदय, मैं बहुत ज्यादा समय नहीं लूंगा। मैंने दो दिन पहले भी रेलमंत्री जी को बधाई दी थी। जब रेलवे बजट आता है तो लोग देखते हैं कि उसमें भाड़ा कितना बढ़ाया गया है और कितनी नई ट्रेन्स चालू हुई हैं। मगर इस बार न तो भाड़ा बढ़ा, न कोई नई ट्रेन चालू हुई, फिर भी लोगों के मन में एक आशा जगी है कि अब रेलवे सही दिशा में जा रहा है क्योंकि अभी तक जिस ट्रेन की घोषणा की जाती थी, वह शुरू ही नहीं होती थी। इस बार लोगों को विश्वास है कि इस बजट में जो प्रॉमिसेस किये गये हैं, वे जरूर पूरे होंगे। मैं अपनी कांस्टीट्वेंसी की बात करूंगा। मैंने पहले भी कहा था कि सूरत रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनाने के लिए रेलवे, गुजरात सरकार और सुलभ कारपोरेशन ने एक एमओयू किया है। करीब 4500 करोड़ रुपये के बजट के साथ, उसमें से 15 हजार करोड़ रुपये मिलने वाले हैं और रेलवे से एक भी रुपया जाने वाला नहीं है। उस प्रोजेक्ट को स्पीड से पूरा किया जाए, मैं ऐसी विनती करता हूं। अभी एक माननीय सदस्य बोल रहे थे, ओखा-पुरी-अहमदाबाद ट्रेन की बात कह रहे थे, यह ट्रेन यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से होकर आती है, मगर वहां सिंगल ट्रैक होने की वजह से कठिनाई होती है। कई सालों से उस पर काम चल रहा है, लालू जी के टाइम से यह काम चल रहा है, पहली बार रेलमंत्री जी ने उसके लिए 500 करोड़ रुपये दिए हैं। उस 500 करोड़ रुपये से यह प्रोजेक्ट एक साल में पूरा हो जाएगा, ऐसा मुझे विश्वास है और इसके लिए मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। हमारे यहां वापी से भरूच तक इंडस्ट्रियल एरिया है। वहां पूरे देश के लाखों लोग रहते हैं और अपने काम के लिए अप-डाउन करते हैं तो उनके आने-जाने के लिए ट्रेन की सुविधा कम है। अगर आप वहां ट्रेन नहीं बढ़ा रहे हैं तो कम से कम ट्रेन्स में बोगी बढ़ा दें। बोगी बढ़ाने से लोगों की सुविधा बढ़ेगी। रेलवे के जीएम के साथ सभी सांसदों की जब अहमदाबाद में बैठक हुई थी, तब उन्होंने कहा था कि मेमू ट्रेन्स में हम चार बोगी बढ़ा देंगे, मगर अभी तक वह काम नहीं हुआ है। इसलिए मैं रेलमंत्री जी रिक्वेस्ट करूंगा कि उसके बारे में भी सोचें।

नवसारी मेरे संसदीय क्षेत्र का इलाका है, 15 साल पहले वह जिला बना था, लेकिन वहां 30 साल से कोई ट्रेन नहीं रुकती है। जब हम रेल विभाग के पास इस बात को लेकर जाते हैं तो वे कहते हैं कि 500 किलोमीटर तक की अगर डेली 50 टिकट बिकेंगी, वहां हम ठहराव देंगे। मैं सदन में रेल मंत्रालय को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि अगर वह चाहे तो हम एक साल के टिकट का पैसा एडवांस देकर टिकट बुक करा सकते हैं, लेकिन हमें नवसारी के लिए स्टापेज दें।

बिहार और यू.पी. के लिए सिर्फ एक ट्रेन ताप्ती गंगा चलती है, वह भी सप्ताह में पांच दिन चलती है। लाखों लोगों को इन राज्यों से यहां आने-जाने में बड़ी दिक्कत होती है। यदि आपको सुविधा देनी है और नई ट्रेन नहीं चलानी है तो इसे ही रोजाना कर दें। मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि बिहार और यू.पी. के लिए जब भी वह ट्रेन दें तो इस पर प्राथमिकता से विचार करें।

बिलीमोरा, अमलसाड स्टेशंस हैं, नवसारी भी स्टेशन है, वहां पर ओवरब्रिज बनाने के लिए राज्य सरकार ने पैसा जमा करा दिया है, लेकिन रेलवे की ओर से गति से उस प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। यह हमारे लिए मुश्किल काम है, क्योंकि दोनों तरफ काफी जाम लगता है और लोगों को बहुत तकलीफ होती है। जिस तरह से शहरों का विकास हो रहा है, अगर ओवरब्रिज शीघ्रता से नहीं बनेगा तो उस विकास के काम में देरी होगी। मैं रेल मंत्री जी से विनती करूंगा कि राज्य सरकार ने अपनी जवाबदारी पूरी कर दी है, आप उसे जल्दी से जल्दी पूरा कराएं।

दिल्ली-गोवा सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस राजधानी ट्रेन चलती है, वह सूरत में नहीं रुकती है। हम चाहते हैं कि वहां दो मिनट का ठहराव दिया जाए। रेलवे के जनरल मैनेजर ने हमसे प्रॉमिस किया था कि हम इसकी सिफारिश करेंगे। उनकी ओर से शायद सकारात्मक सिफारिश आई होगी इसलिए रेल मंत्री जी उस पर गौर करें। हमें नई ट्रेन तो नहीं मिली है, कम से कम इसी रेलगाड़ी का सूरत में दो मिनट का ठहराव कर दें। इससे वहां के लोगों को काफी सुविधा हो जाएगी।

सूरत को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने की बात होती है। उसके साथ-साथ उधना स्टेशन बगल में ही है, जो कि सिर्फ पांच किलोमीटर की दूरी पर है। जब तक उसे सैटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित नहीं किया जाएगा, तब तक सूरत का विकास होना भी मुश्किल है। उधना स्टेशन दो साल पहले मंजूर हो चुका है। उसके काम में गति आए, यह विनती मैं रेल मंत्री जी से करना चाहूंगा। सूरत स्टेशन पर जो यार्ड था, उसे शिफ्ट करने का आर्डर हो चुका है, लेकिन वह काफी धीमी गति से हो रहा है और कार्य में प्रगति दिखाई नहीं देती है। इसलिए मैं रेल विभाग से विनती करता हूं कि इस

काम में तेजी लाकर उसे पूरा किया जाए।

मैं पुनः यू.पी. और बिहार के लिए ट्रेन के बारे में विनती करना चाहता हूं। अगर यहां के लिए और रेलगाड़ी मिल जाएगी, तो यह लाखों लोगों के लिए आने-जाने का माध्यम होगी। इसलिए रेल मंत्री जी इस पर ध्यान दें।

SHRI C. MAHENDRAN (POLLACHI): Hon. Chairman, Sir, at the outset I thank heartily our hon. Makkal Mudalvar Puratchi Thalaivi Amma who has chosen me to be present in this House to participate in the discussion on Rail Budget 2015.

Our hon. Makkal Mudalvar Puratchi Thalaivi Amma calls this Budget an exercise in consolidation to set right the functioning of this important railway sector which had gone through the mismanagement of the previous UPA Government.

In this Budget, safety of passengers more particularly of women passengers, cleanliness in the railways and environmental sustainability get priority.

Our supreme leader, hon. Makkal Mudalvar Puratchi Thalaivi Amma has noted commencement of the preparatory work on the Diamond Quadrilateral High Speed Rail Network. As guided by hon. Puratchi Thalaivi Amma, I request that routes to Chennai be given high priority under this network.

Expediting the completion of pending projects in Tamil Nadu must get the attention of the hon. Railway Minister. As requested by our supreme leader hon. Makkal Mudalvar Puratchi Thalaivi Amma, sufficient funds may be allocated to increase the pace of ongoing railway projects in Tamil Nadu. The gauge conversion work between Pollachi and Pothanur, Pollachi and Palakkad gets an allocation of Rs.100 crore for its speedy completion. I thank the hon. Minister for this measure. I also urge upon the Minister to suitably instruct the authorities to complete this work before the end of this year 2015. This will facilitate the restoration of all the trains which were in operation prior to the commencement of gauge conversion work.

As requested by our hon. Makkal Mudalvar Puratchi Thalaivi Amma, Palani-Chennai Express train, palani-Tiruchendur Passenger train and Palani-Madurai Passenger train have been extended up to Pollachi.

On behalf of the people of my Pollachi Parliamentary Constituency, I thank the hon. Minister of Railways for extending these trains up to Pollachi and make it as a regular train.

In order to overcome the rail traffic congestion from Coimbatore to Chennai, I would like to suggest and request the hon. Minister of Railways to introduce to suggest and request the hon. Minister of Railways to introduce two new express trains. This will benefit the people of Valparai, Pollachi, Palakkad, Anamalai, Kinathukadavu, Udumalai, Madathukulam and also Palani.

These two new express trains may be introduced as 'Amma Express' between Pollachi and Chennai via Dindigul and Trichy and as Anamalai Express between Pollachi and Bengaluru via Udumalai, Madathukulam, Palani, Dindigul, Karur, Salem, Dharmapuri and Hosur. This is necessary because the private bus operators who are doing good business on these routes have fixed high fares. The operation of these trains will greatly help the passengers while earning additional revenue for the railways.

The sections like Coimbatore-Pollachi-Udumalpet and other such sections that presently come under the Palakkad Division may kindly be transferred to Salem Division to enhance operational efficiency.

Our dynamic leader, *Makkal Mudalvar, Puratchi Thalaivi, Amma* has special consideration for the Kongu region.

In order to overcome the problem of road traffic congestion in the areas under Coimbatore Corporation, hon. *Makkal Mudalvar Puratchi Thalaivi Amma* took initiative to move away Ukkadam, Singanallur and Gandhipuram bus terminals. An integrated centralized bus stand at Vellalore at a cost of Rs 300 crore is to come up.

In order to integrate rail service facility also at this place, our *Makkal Mudalvar Puratchi Thalaivi Amma* has taken up with the railways to establish a new railway station at Malumachampatti which is very near to Vellalore village. Since gauge conversion work is in progress in the Pollachi-Pothanur section of the railways, establishing a new railway station at Malumachampatti is immediately possible with the shifting of bus terminals from Coimbatore city, and with the increase in the number of travelling public, Malumachampatti shall grow as an important country town.

The other important factor is that NH 147 and 209 and also State Highways No. 162 and 163 pass through Vellalore village. Vellalore and Malumachampatti are growing in size with many educational institutions and industrial units including an MNC factory. A very big Truck Depot is to come up much nearer to Vellalore. Hence it becomes necessary to give a serious consideration to establish a new railway station at Malumachampatti with loading and unloading facility. This will facilitate railways to increase its revenue.

Hence, I urge upon the hon. Minister of Railways to consider establishing a new railway station at Malumachampatti as desired by our *Makkal Mudalvar, Puratchi Thalaivi, Amma*. With this, I conclude.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आज माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु के द्वारा प्रस्तुत रेल बजट के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

महोदय, रेलवे भारत देश की जनता की लाइफ लाइन है। चाहे दिहाड़ी मजदूर हो, चाहे कल-कारखाने में काम करने वाला मजदूर हो या किसान हो, पूरा जीवन तंत्र रेल से जुड़ा हुआ है। ऐसा महत्वपूर्ण मंत्रालय पूर्व की सरकार के दस साल के समय में बदतर स्थिति में रहा है।

माननीय रेल मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में भारतीय रेल के एकतरफा दोहन का जिक्र किया है। रेल की संरक्षा, यात्रियों की सुरक्षा और यात्रियों की मूलभूत सुविधा पिछले दस वर्षों से खराब हुई है। हमारे रेल मंत्री जी बधाई के पात्र हैं, उन्होंने रेल बजट के इतिहास में आजादी के बाद पहली बार पूरा ध्यान भारतीय रेल को हम सही ढंग से कैसे ठीक करें, चाहे वह नई ट्रेन चलाने की बात हो या फिर क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर इन्होंने जो चिंतन किया है, वह उसके लिए बधाई के पात्र हैं।

रेल बजट में भारतीय रेल को आर्थिक रूप से मजबूती कैसे प्रदान की जाए, यात्री सुविधा को कैसे आगे बढ़ाया जाए। रेल मंत्री जी ने पांच वर्षों में 8.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश का प्लान बनाया है।

मंत्री महोदय वित्तीय विषय के ज्ञानी भी हैं, हमें विश्वास है कि इस पैसे का निवेश लाने के लिए उनके पास ब्लू प्रिंट जरूर होगा। मंत्री जी ने स्टेशनों की साफ-सफाई, गाड़ियों की साफ-सफाई, जैविक शौचालयों की व्यवस्था का भी इस बजट में प्रावधान रखा है, जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। यात्रियों की समस्याओं के लिए 24 घंटे चलने वाली हैल्पलाइन की सुविधा भी एक सराहनीय कदम है। आज पूरे देश ने रेल बजट को आम जनता के बजट के रूप में लिया है। आपरेशन पांच मिनट यात्री के लिहाज से बहुत बड़ी सुविधा है। हमें पूरा विश्वास है कि मंत्री जी इसे भी पूरा करेंगे।

महोदय, भारतीय रेल की मूल आमदनी माल भाड़े से होती है। चाहे वह गुड्स ट्रेन को टाइम टेबल से चलाने का निर्णय व्यवसाय के लिए उत्तम हो, भिन्न-भिन्न माडल हैं। मैं झारखंड प्रदेश के गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से आता हूं, जिसमें आसनसोल डिविजन, धनबाद डिविजन, आदरा डिविजन प्रमुख हैं, यहां से करीब डेढ़ सौ मिलियन टन की लोडिंग होती है। पूरी भारतीय रेल की 15 परसैन्ट लोडिंग इसी क्षेत्र से आती है। आदिवासी बहुल क्षेत्र में एमसीसी के आतंक के जोर पर राज्य बनने के बाद 14 वर्ष में पूर्व की जितनी भी सरकारें रहीं, उन्होंने जिस हिसाब से जो ध्यान दिया है, उसके हिसाब से भी अगर देखा जाए तो माननीय मंत्री जी ने आज की तारीख में वहां पर काफी कुछ चिंतन किया है। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि वह कतरासगढ़, बेरमो, बोकारो थर्मल, फुसरो, चंद्रपुरा जैसे कोयला लदान वाले स्टेशनों पर खास ध्यान दें। पारसनाथ गिरिडीह स्टेशन पूरे विश्व के जैनियों का महान तीर्थस्थल है। इन दोनों स्टेशनों पर भी खास ध्यान देने की आवश्यकता है। आदर्श स्टेशनों व नामित स्टेशनों पर जरूरी फंड देने की व्यवस्था की जाए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि खासकर धनबाद से नई दिल्ली के लिए एक डायरेक्ट ट्रेन की व्यवस्था हो, जिससे वहां के लोगों को लाभ मिले। गिरिडीह से सीधे रांची के लिए एक ट्रेन की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि वहां की आम जनता को इसका लाभ मिले। आजादी के बाद वहां से कोई ट्रेन नहीं चलाई गई है। मैं मंत्री जी से यह भी कहना चाहता हूं कि बरकाकाना से बर्दवान के लिए ईएमयू गाड़ी की शुरूआत की जाए। उस लाइन पर आजादी के बाद से कोई ट्रेन का विस्तार नहीं हुआ है। गिरिडीह-कोडरमा रेल लाइन परियोजना आज लगभग 15 वर्षों से लंबित पड़ी हुई है, उस कार्य की प्रगति की जाए। इसके साथ-साथ पारसनाथ, जो जैनियों का सबसे बड़ा तीर्थस्थल है, पारसनाथ जंक्शन से मधुबन के सर्वे के लिए भी पिछली सरकार ने प्रस्ताव रखा था, उसे शीघ्र जोड़ने का काम किया जाए।

महोदय, मैं आज की तारीख में गंगा-दामोदर एक्सप्रैस को बक्सर तक बढ़ाने की बात माननीय मंत्री जी से आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं। यह मैं इसलिए चाहता हूँ कि वहां पर जो लोग रहते हैं, वे वहां तक जा सकें। कोडरमा से रांची के लिए एक ईएमयू गाड़ी चलाई जाए, जो वहां पर जाए। सभापति महोदय, मेरा आपसे निवेदन होगा कि आज की तारीख में धनबाद से एलेपी गाड़ी चलती है, उसमें मरीजों के आने-जाने के लिए काफी सहुलियतें भी हैं, लेकिन उसमें एक और थ्री ए.सी. कोच की व्यवस्था की जाए। आपसे मेरा निवेदन होगा कि जो भी फ्लाईओवर का निर्माण इसके पूर्व में किया गया था, विशेषकर नेताजी सुभाष बोस स्टेशन पर, उसमें फंड दे कर उसको पूरा करवाएं।

श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का मौका दिया है। जब हमारे रेल राज्य मंत्री जी सदन से थोड़ी देर के लिए बाहर चले गए थे, तब मैं डर गया था कि मैं अपनी व्यथा किसको सुनाऊंगा, अपना दुख किससे बोलूंगा। अब वे आ गए हैं तो मुझे खुशी है कि मैं अपनी पूरी बात उनके सामने कह पाऊंगा।

उपाध्यक्ष महोदय, जो रेल बजट हमारे माननीय मंत्री जी ने पेश किया है, यह बहुत ही भविष्यमुखी बजट है और बड़े ही ड्रीम्स का बजट है। मैं मानता हूँ कि बहुत देर के बाद यह बजट रेलवे के मामले में राष्ट्रवादी दृष्टिकोण रखने वाली पार्टी के हाथों से बना है। इससे पहले रेल विभाग दुर्भाग्यवश पिछले 20 साल से रूलिंग पार्टी के जो एलाईड पार्टनर थे, उनके पास जाता रहा है जैसे कभी बंगाल के पास, कभी ओडिसा के पास तो कभी बिहार के पास। मैं आपको रियलिटी बताता हूँ कि इतना ग्रॉस रीजनल इंबैलेंस रेलवे बजट में जो था, वह हर साल हमें दिखाई देता था। ऐसी जगहों पर रेलगाड़ियां चलाई गई जैसे कि ससुराल के लिए रेल, साली के गांव के लिए रेल और सर बहुत सी जगहों पर जहां आर.ओ.आर. रेश्यो माइनस 5.5 थी, वहां तक रेलें चलाई गई और रेलवे बजट में हर साल बड़ा रीजनल इंबैलेंस रहा। यह पहली बार है कि एक देशव्यापी और राष्ट्रीय दृष्टिकोण से बजट पेश किया गया है। मैं इस रेल बजट के बारे में एक बात कहना चाहता हूँ कि यह एक फ्यूचारिस्टिक बजट है, ड्रीम्स का बजट है। परंतु जिंदगी की जो असलियत में न तो लोग फ्यूचर में रहते हैं और न ही पास्ट में रहते हैं, लोग प्रेजेंट में रहते हैं और रियल लाईफ जीते हैं और रोज जीते हैं। इसलिए आने वाले समय में जो होगा, वह देखा जाएगा कि कहां तक होगा, लेकिन हम आशा करते हैं कि हमारे रेल मंत्री जी का सपना पूरा हो और हमारे प्रधान मंत्री जी का भी सपना पूरा हो। परंतु आज जो देश की हालत है, 90 पर्सेंट लोग जिन हालतों में सफर करते हैं और वहां जो सुविधाओं की बहुत कमी है, उनके बारे में कहना चाहता हूँ कि हमें रेल बजट में ऊंची-ऊंची बातें करने की बजाय, हम अपने नागरिकों को विश्वस्तरीय सहूलियतें, यूरोप की सहूलियतें जब तक उनके लिए उपलब्ध नहीं करा देते हैं, तब तक हमें बड़ी योजनाओं की तरफ उतनी गति से नहीं बढ़ना चाहिए। We should first reach 90 and then only talk of 100. Today, we are sitting at 10 and talking of 100. सर, आप देखते होंगे कि कैसे लोग रेल की छतों पर यात्रा करते हैं, खंबों से लटके रहते हैं, डंडों को पकड़ कर जाते हैं, बाथरूम में बैठते हैं, वहां रोटी खा रहे हैं और सारे देश में यह समस्या बहुत ही गंभीर है। मैं मंत्री जी से विनती करना चाहता हूँ कि इस तरफ जरूर ध्यान दिया जाए।

सर, दूसरी बात यह है कि पंजाब में तीन क्षेत्र हैं - एक मालवा क्षेत्र है, जिसकी आबादी 1.67 करोड़ है। दो अन्य क्षेत्र हैं, माजा और दोआबा, जिनकी कंबाइंड आबादी 1.47 करोड़ है। माननीय मंत्री जी, जो पंजाब से आते हैं, वे यहां बैठे हैं, वे यह अच्छी तरह जानते हैं। सर, अगर आप रेल डिस्ट्रिब्यूशन फैसिलिटी की बात कीजिए तो मालवा के लिए, जिसकी आबादी 1.67 करोड़ है, वहां रेल की जो सुविधा है, वह सिर्फ 10 प्रतिशत है और माजा और दोआबा, जिसकी कंबाइंड आबादी 1.47 करोड़ है, वहां 90 पर्सेंट रेल सुविधाएं हैं। वहां सभी गाड़ियां जाती हैं। राजपरा सीधा लुधियाना, अमृतसर, जलंधर तक जाती है और भटिंडा, नाभा, पटियाला, धूरी, रामपराफूल, बरनाला और तपा, ये बहुत बड़े टाऊन है, इनके इर्द-गिर्द हजारों गांव हैं, इन गांवों के लिए सिर्फ दस पर्सेंट ट्रेनों की सुविधा है। माननीय मंत्री जी बैठी हैं, आप उनसे पूछ लीजिए कि क्या यह असलियत नहीं है। There is a gross regional imbalance even in Punjab. So, please address this problem.

दूसरी प्रॉब्लम मैं आपको बताना चाहता हूँ कि पंजाब के मालवा के दस जिले- भटिंडा, फाजिलका, बरनाला, संगरूर, पटियाला, मानसा आदि जिलों का अपनी राजधानी चंडीगढ़ से कंप्लीट डिसकनेक्ट है। चंडीगढ़ हमारी राजधानी है। वहाँ हमारी सरकार बैठती है, वहाँ हमारी पीजीआई है, वहाँ हमारा हाई कोर्ट है, वहाँ हमारा एजुकेशन हब है, मैडिकल हब है। पंजाब के दस जिले अपनी राजधानी से पूरी तरह रेल से कटे हुए हैं, क्योंकि तीस किलोमीटर की रेल लाइन पिछले 65 साल से नहीं बिछाई जा रही है। राजपुरा से चंडीगढ़ तक कुल 30 किलोमीटर रेल लाइन है। अगर यह लाइन बन जाती है तो पंजाब के दस जिले, आप अपने मंत्री जी से पूछिए, दस जिलों का अपनी राजधानी से सीधा रेल कनेक्शन हो जाएगा। इससे सफर सस्ता होगा, सफर तेज होगा, प्रदूषण रहित सफर होगा और एक्सीडेंट्स कम होंगे।

आज भटिंडा से चंडीगढ़ की जो रोड है, उस पर रोज एवरेज पाँच एक्सीडेंट होते हैं और पाँच आदमी मरते हैं। It is on record. अगर यह तीस किलोमीटर लाइन बन जाती है, भटिंडा का, गंगानगर का, सिरसा का, जिसमें हरियाणा भी आता है, राजस्थान भी आता है, उसका चंडीगढ़ के साथ कनेक्शन हो जाता है। मेरी यह माँग मानने योग्य है। आप अपनी मिनिस्ट्री से पूछिए और रेल ऑफिशियल्स से पूछिए कि यह माँग कितनी जस्टीफाइड है।

मैं एक बात और कहना चाहता हूँ। दिल्ली से मालवा क्षेत्र का जो डिसकनेक्ट है, वहाँ से एक भी प्रीमियम ट्रेन नहीं चलती है, बाकी सारे पंजाब के लिए, दोआबा और माजदा के लिए 25 प्रीमियम ट्रेंस हैं। हमारी माँग है कि दिल्ली से भटिंडा तक वाया पटियाला, धूरी, बरनाला, कम से कम एक प्रीमियम ट्रेन दी जाए। मैं शताब्दी नहीं माँगता हूँ, हमारा इलाका गरीब है, मैं वहाँ के लिए जन-शताब्दी माँगता हूँ। एक जन-शताब्दी ट्रेन इसी सत्र में चलाई जाए, ताकि हमारे लोगों को भी सस्ता, आरामदायक, तेज और प्रदूषण रहित सफर की सुविधा प्राप्त हो सके। Sir, we are grossly neglected. Malwa is grossly neglected. Patiala is grossly neglected and the entire Malwa region is grossly neglected. There is a great regional bias in terms of trains. मेरी आपसे विनती है। I can come to you also.

महोदय, मैं पाँच बार गौड़ा साहब से मिल चुका हूँ, तीन बार श्री सुरेश प्रभु जी से मिल चुका हूँ, सिन्हा जी, आपको याद होगा मैं तीन बार आपसे भी मिल चुका हूँ।...(व्यवधान)

श्री मनोज सिन्हा : आप मुझसे दो बार मिले हैं।

श्री धर्म वीर गांधी: सर, आप याद कीजिएगा, एक बार मैं आपसे बरामदे में मिला था, दो बार आपके दफ्तर में मिला था।...(व्यवधान) सर, मेरी विनती है कि हमारी माँग को ठुकराया न जाए, हमारी माँग पर पूरा ध्यान दिया जाए। मैं आपसे इसके लिए विनती करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

* **SHRI ARVIND SAWANT (MUMBAI SOUTH) :** Let me wholeheartedly express my congratulation to Shri Suresh Prabhuji, Hon. Railway Minister

for presenting a visionary budget. I would like to put forward some additional suggestions to make this vision reality and more friendly to the commuters.

At the first instance, I sincerely thank for not increasing the fare when everybody was anticipating fair hike in the fare and for giving the commuters a enjoyable shock. Instead of making some populist announcement he has taken practical approach to polish the existing facilities by introducing technology friendly approach the present time needs, which is welcome idea.

But as far as my constituency is concerned, except renovation of some platforms at Chhatarpati Shivaji Railway Station nothing has appeared in the present budget for which the commuters are demanding so long and may not require huge allocation of budgetary support.

At Parel station, number of accidents are occurring everyday due to the very narrow staircase leading to the bridges. As the width of the platform is narrow, the railway authorities constructed another foot over bridge on the northern side of the station which is most inconvenient to the commuters and hence not utilized by the commuters.

Similarly, FOBs are required at Marine Lines and Churni road and Lower Parel Stations of Western Railway. Hon. Minister except Rs.5 lac for providing Girders at Elphinston Road Station, 99% of the FOBs are not incorporated with any support in this budget. Hence, I request the hon. Minister to provide budgetary support on priority to these FOBs to avoid accidents and to grant relief to millions of Mumbai's local train commuters.

The hon. High Court has said that when the limp is lost, the man's life is lost. In a number of accidents taken place in Mumbai, many of them succumbed to death. The families of the victims are given a maximum amount of Rs.4 lacs, wherein the hon. High Court has passed a stricture and advised the railways to increase the compensation and proportionately the increased compensation for other losses also. The Railways has not done anything in this regard. I request the hon. Railway Minister to pay attention to this on priority basis and honour the directive of the hon. High Court.

It has been observed that most of the accidents happened and due to insufficient number of rakes Railways cannot resume the services promptly, hence, I request the hon. Railway Minister to initiate action to increase the number of rakes to avoid inconvenience in future.

Hon. Minister has so long stayed in Mumbai and is well aware of the hazards faced by commuters of local train, particularly in monsoon. The local trains do not move on time as the tracks remain flooded as the water accumulated do not get drained. Under such circumstances, the most harassed commuters are female commuters. The percentage of working class women has increased and are being crammed in only two IInd class and two halves of Ist class compartments. Everyone knows with the age women faces number of problems physically, mentally; we know right from children, to aged women, pregnant women travel in this crammed train and when it halts in between stations, the male commuters sometime jump on tracks but female commuters get stranded in the compartment. Hence, I request the hon. Minister to provide 'Toilet Facility' to local trains female compartment.

Otherwise the budget is welcome for paying attention to very minute facilities from electric connection for mobile charging, clean bed sheets, good quality food facility to clean compartment.

I heartily congratulate the hon. Minister for announcing Railway University and paying great attention towards 'Swachhata Abhiyan' but at the same time I would like to bring to your notice that I have observed that employees of the railway catering service throw the garbage when the station is in motion along the tracks of the railways. Therefore, strict vigilance is required to curb and further stop this bad habit permanently.

As the hon. Minister has paid attention towards creation of Railway University and Swachhata Abhiyan, I call your attention to the Hospitals run by Railways. As the passenger is going to get good linen for bed, what about the patients who are employees of Railways and their families? I request you to allot necessary funds for uplifting the class and services at the Railway Hospital. It is learnt there is severe shortage of staff - from doctors, nurses, aayas to sweepers. On one side, we talk about Swachhata Abhiyan and on the other side we cannot afford to keep our hospitals in lousy condition. The same is the case with Railway Quarters. Railway Quarters are age old quarters and need immediate repairing. I, therefore, request the hon. Minister to allocate substantial funds for repairs and maintenance of railway quarters.

I further request the hon. Minister to allocate the funds for doubling of the tracks of Konkan Railway, which was announced in the past budget, but necessary budgetary support is not granted in the present budget as expected. Also for the smooth running, I demand that Konkan Railway should be brought under the preview of Central Railway. Similarly, trains running towards Nanded should be brought under Central Railway instead of South Central Railway.

Finally, I request the hon. Minister to announce and launch a direct train from Mumbai to Uttarakhand as nearly million people residing in Mumbai and Navi Mumbai have to face hurdles to go to their native as also will facilitate huge number of devotees who visit the pilgrimage centres in Uttarakhand.

Railway is a pride organisation to recruit and facilitate the sportsmen. It has been experienced that when the teams of different games have to travel from their district place to the destination where the competition is organised, Railway grants 75% relief in the fare and honour the players, but do not allow them to book the tickets with concession at their district level and compel them to purchase the tickets at Zonal stations. Hence, I request the hon. Minister to initiate necessary action in this regard.

SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR): Sir, this Government under the leadership of hon. Prime Minister, Shri Narendra Modiji has come to power with great expectations and a lot of change.

When Mr. Suresh Prabhuji was assigned with the task of the Ministry of Railways, he started preparing the Railway Budget and we expected that this Budget would differ substantially from the earlier Budgets. Definitely, this Budget is different from the earlier Budgets. Earlier, we did not hear any Budget without announcing any new trains and without announcing any new projects. But this Railway Budget was introduced in this House without announcing any new trains and any new projects.

Sir, as he said in his Budget, in the coming days, we are expecting that he will announce some new projects and trains. To some extent, I do

agree with his proposition that the Railway projects which were announced by the earlier Governments should be fast tracked and should be completed at the earliest. Whatever projects which were announced earlier, definitely this Budget should take care of them and those projects should be completed as early as possible.

Sir, let the hon. Minister stick to his words and I would like to request the hon. Minister to publish a White Paper stating in how many days, or in how many years this Government is going to complete all the projects which have already been initiated. I would also like to request the hon. Minister at least to announce which projects are going to be completed within five years. The previous Railway Minister, Shri Sadananda Gowda announced in this House that there are some projects which were initiated 30 years back are not yet completed. It is a fact. In my State of Telangana, when the late P V Narasimha Rao was the Prime Minister of India laid the foundation stone for a project from Pedapally to Nizamabad. Till now the project is not yet complete. The proposition of the Railway Minister is well accepted by me and by many Members of this House that he should take initiative to complete those projects.

Coming to my State of Telangana, since long, I think, for more than two decades, we are demanding for a Railway Division in Kazipet. Kazipet is a junction on the North-South corridor. This junction should be declared as a Railway Division. This is a long-pending demand not only of the people of that region but also of the employees of the Railways. We expect that the hon. Railway Minister will announce Kazipet as a Railway Division. At the same time, there is an identity crisis for the Andhra Pradesh Express which is now running from Hyderabad to New Delhi. The present Andhra Pradesh express does not enter into the State of Andhra Pradesh. The Members of Parliament from the State of Andhra Pradesh are demanding for a new train from Vijaywada or Guntur to New Delhi. Let that train be named as Andhra Pradesh Express and the present Andhra Pradesh Express which is running from Hyderabad to New Delhi can be renamed as the Telangana Express. This is one demand which we have made many times.

Coming to my constituency Karimnagar, the hon. Railway Minister was kind enough to allocate some funds for the new line, that is, Manoharabad to Kotapally. When Shri K. Chandrasekhar Rao was a Member of this House and also a Minister in the UPA Government, he initiated this line and the hon. Railway Minister was kind enough to allocate fund. The State Government took initiative to acquire the land at our cost and also fund one-third of the project cost. I request the hon. Minister of Railways to come and lay the foundation stone in the new State of Telangana at the Kotapally junction in Karimnagar.

The railway line coverage in the State of Telangana is less than the national average. Hence I would like to request the hon. Railway Minister to initiate more railway projects in the coming days. Finally, the freight carried by road is around 88 per cent. The focus has shifted from rail to road. Earlier, the railways used to take care of the freight. But since the last one or two decades, road transport is carrying the freight. Railways in the country should take the initiative in this matter because they have to lay three lanes from North to South. The consumption of fossil fuel is creating global warming and consequent climate change. The Government therefore should take initiative to lay new lines. The Government proposes to introduce a Bullet Train from Mumbai to Ahmedabad. I would like to request that new lines should be laid in order that all the Metros could be connected by Bullet Trains.

Thank you.

श्री लालूभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि मुझे रेल बजट पर अपनी बात रखने का अवसर दिया। मैं माननीय रेल मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूँ कि जिनके कार्यकाल का पहला बजट होने के बावजूद भी यह एक ऐसा बजट है जो अपने आप में ही प्रगतिशील लगता है। हमारे रेल मंत्री जी ने जो मुद्दे भाषण में लिए हैं, वे बहुत पहले लिए जाने चाहिए थे, लेकिन चलो देर आयद-दुरुस्त आयद।

19.00hrs

बजट की बारीकियों में न जाते हुए मुझे इतना ही कहना है कि मंत्री जी के मुताबिक नई ट्रेनों की घोषणा अनिवार्य नहीं है, क्योंकि, उनको तो नये बजट के वर्ष में कभी भी चला सकते हैं।

इसके चलते मेरे क्षेत्र दमन और दीव और आसपास के क्षेत्र दादरा-नगर हवेली, वलसाड़, उमरगाम, सहीगांव, वापी, गुजरात के कई गांव और उत्तर भारतीय हमारे भाई-बहन, जिनको अपने घर से आने-जाने में दिक्कत होती है, अगर मंत्री जी बजट के दौरान नई रेलगाड़ियां मुम्बई से उस ओर वैस्टर्न रेलवे रूट में चलाते हैं तो मेरी यह दरख्वास्त है कि वापी को इन सभी ट्रेनों का स्टापेज दिया जाये। अगर यह सम्भव नहीं हो तो बहुत सारी ट्रेनें, जो अभी चल रही हैं और जो वापी रुक नहीं रही हैं, उन्हें वापी में रोका जाये।

मेरा यह प्रस्ताव है कि गंगोर एक्सप्रैस मुम्बई से जयपुर, सूर्यनगरी एक्सप्रैस बांद्रा से जोधपुर सुपरफास्ट, बांद्रा से चण्डीगढ़ सुपरफास्ट, बांद्रा निजामुद्दीन गरीब रथ, दादर बीकानेर सुपरफास्ट, अवन्तिका मुम्बई इन्दौर और 12951 नई दिल्ली राजधानी फर्स्ट को वापी में ठहराया जाये। हमारे वापी स्टेशन को मॉडल स्टेशन घोषित किए 10 साल हो गये, लेकिन उसके ऊपर कोई काम नहीं हुआ। वहां 25 हजार लोग रोज़ आवाजाही करते हैं। वापी में जो काउण्टर है, उसकी रोज़ की आमदनी 20 से 25 लाख रुपये है। इसके साथ ही ओवरब्रिज की भी बहुत तकलीफ है, जैसे बिलाड, मोहनगाम, बलीठा, मोराई और मोतीवाड़ा, वहां ओवरब्रिज बहुत जरूरी हैं। वहां एक्सीडेंट्स की बहुत सम्भावनाएं हैं।

हमारी पिछले बजट में वापी से शिरडी के लिए एक नई ट्रेन की मांग थी, जिसकी वायबिलिटी की बात भी एक पूर्व रेल मंत्री ने अपने भाषण में की थी, लेकिन उसमें अभी तक कुछ नहीं हुआ।

अन्त में मैं रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि दमन को वापी से और दीव को ऊना से जोड़ा जाये। इस बजट का मैं समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु जी एवं श्री मनोज कुमार सिन्हा जी द्वारा जो 2015-16 का रेल बजट पेश किया गया है, यह राजग सरकार का पहला पूर्ण बजट है। 2015-16 के बजट में यात्रियों की बेहतर सुविधा और सुरक्षित यात्रा मुहैया कराने के कई अभिनव उपायों की घोषणा है। यह इस सरकार की सब का साथ, सब का विकास की नीति को चरितार्थ करता है।

मैं और ज्यादा कुछ न कहते हुए अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताना चाहता हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र रांची से कई ट्रेनें चलती हैं, जो 48 घंटे में, 36 घंटे में दूरी तय करती हैं, जैसे हटिया-पूना रेल सेवा और रांची लोकमान्य तिलक एक्सप्रैस सेवा में पेण्ट्री कार नहीं होने की वजह से पैसेंजर्स को काफी परेशानी होती है, इसलिए लम्बी दूरी की ट्रेनों में खान-पान की व्यवस्था की जाये। दूसरा, नई दिल्ली रांची के बीच में एक ही राजधानी ट्रेन है, जो सप्ताह में दो दिन चलती है। उसको प्रतिदिन चलाने की मैं मांग करता हूं। इसके बारे में कई वर्षों से यह बात कही जा रही है, मगर अभी तक पूरी नहीं हुई है।

मेरे गिरिराज झारखण्ड में रांची टोरी के बीच वाया लोहरदगा रेलवे लाइन के निर्माण कार्य में अनावश्यक रूप से देरी हो रही है। वहां दस वर्षों से काम हो रहा है, लेकिन काम की गति बड़ी धीमी है, उसमे तेजी लाई जाये।

चौथा, झारखण्ड में ही कोडरमा रांची वाया हजारीबाग के बीच में जो रेलवे लाइन का काम हो रहा है, उसमें भी तेजी लाने की जरूरत है और उसको रांची तक पहुंचाने की जरूरत है। महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र से काफी लोग हरिद्वार की यात्रा करते हैं। इसलिए रांची से हरिद्वार वाया लखनऊ नयी रेल सेवा की मैं माग करता हूं।

रांची के लोगों की मांग है कि हटिया-यशवंतपुर रेल सेवा को सप्ताह में चार दिन चलाया जाए, जो अभी मात्र एक दिन चलता है। उसमें यात्रियों की भीड़ बहुत ज्यादा होती है।

